CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 28° C
न्यूनतम : 23° C

मुरादाबाद, गुरुवार 14 अगस्त 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 22 अंक 365 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | भाद्रपद कृष्ण पक्ष 4 विक्रमी सम्वत् 2082 | 19 सफर 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



उप्र: श्री बांके बिहारी मंदिर न्यास गठन अध्यादेश को मंजूरी पेज 2



भारत में राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी को मंजूरी खेल टाइम्स



हर घर तिरंगा: राष्ट्रभक्ति का जनांदोलन और राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक सम्पादकीय



दुश्मन एक बूंद पानी नहीं छीन सकता: शहबाज शरीफ पेज 2

# पुणे कोर्ट में वकील बोले राहुल की जान को खतरा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली/पुणे।** राहुल गांधी के वकील मिलिंद पवार ने बुधवार को पुणे कोर्ट में कहा कि राहुल की जान को खतरा है। सावरकर मानहानि केस की सुनवाई के दौरान राहुल के वकील मिलिंद पवार ने कोर्ट में लिखित सूचना देकर कहा कि वोट चोरी का मामला उजागर करने के बाद राहुल गांधी को खतरा बढ़ गया है।

यह बयान मीडिया में आने के बाद कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने एक्स पर लिखा कि राहुल गांधी के वकील ने बिना उनसे बात किए या उनकी सहमति लिए कोर्ट में लिखित बयान दाखिल करके उनकी जान पर खतरे का हवाला दिया था। इस बात से राहुल की घोर असहमति है। इसलिए कल (गुरुवार) उनके वकील इस बयान को कोर्ट से वापस लेंगे। राहुल के वकील ने एमपी/ एमएलए स्पेशल कोर्ट से अपील की थी कि राहुल के खिलाफ मानहानि की शिकायत करने वाले नाथूराम गोडसे के वंशज हैं। केस की निष्पक्ष सुनवाई के लिए राहुल को प्रिवेंटिव प्रोटेक्शन दी जाए। यह राज्य की संवैधानिक जिम्मेदारी है। मामले की अगली सुनवाई 10 सितम्बर को होगी। मिलिंद ने यह भी बताया कि बीजेपी नेता आरएन बिट्टू ने राहुल को आतंकवादी कहा था।



■ कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत बोलीं- वकील ने राहुल की सहमति के बिना बयान दिया, आज वापस लेंगे

### सोनिया भारतीय नागरिक बनने से पहले वोटर बनीं: भाजपा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के वोटर लिस्ट में गड़बड़ी में आरोपों के बीच भाजपा की आईटी सेल के हेड अमित मालवीय ने बुधवार को दावा किया कि सोनिया गांधी का नाम भारत की वोटर लिस्ट में दो बार तब शामिल हुआ, जब वह भारतीय नागरिक भी नहीं थीं। वहीं, भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि रायबरेली में एक ही घर पर 47 वोटर्स कैसे रजिस्टर किए गए हैं, राहुल और सोनिया को कभी ये नाम नहीं दिखे। उन्होंने कहा कि राहुल दो बार चुनाव लड़े, प्रियंका एक बार चुनाव लड़ीं। मैं उनसे पूछना चाहता हूं कि वायनाड में कैसे नए वोटर्स की एडिशन हुई है। आपने तो तीन बार वोट ले लिया।

### विपक्ष भी उपराष्ट्रपति उम्मीदवार उतारेगा

**नई दिल्ली।** विपक्षी गठबंधन इंडिया के नेता उपराष्ट्रपति चुनाव के उम्मीदवार पर चर्चा के लिए 18 अगस्त को बैठक कर सकते हैं। राज्यसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे इंडिया ब्लॉक के शीर्ष नेतृत्व के साथ बातचीत कर रहे हैं। उपराष्ट्रपति के चुनाव के लिए 9 सितम्बर को वोटिंग होगी और उसी दिन मतगणना भी होगी। उपराष्ट्रपति पद के लिए नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 21 अगस्त है। 25 अगस्त तक उम्मीदवारी वापस ली जा सकती है। दरअसल, जगदीप धनखड़ ने 21 जुलाई की रात अचानक देश के 14वें उपराष्ट्रपति के पद से इस्तीफा दे दिया था।

### उरी सेक्टर में मुठभेड़, बिहार का जवान शहीद

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में बुधवार तड़के नियंत्रण रेखा के पास हुई मुठभेड़ में एक जवान शहीद हो गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि उरी सेक्टर के चुरंडा इलाके में तड़के लगभग 3:30 बजे भीषण लेकिन संक्षिप्त गोलीबारी हुई। अधिकारियों ने बताया कि मुठभेड़ के दौरान जवान गंभीर रूप से घायल हो गया और बाद में उसकी मृत्यु हो गई। शहीद जवान की पहचान बिहार के भागलपुर निवासी हवलदार अंकित कुमार के रूप में हुई है।

### यूपी के फर्रुखाबाद में नाव से पहुंची बारात

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश-बिहार में जमकर बारिश हो रही है। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज, गोरखपुर समेत कई जिलों में बारिश जारी है। मुरादाबाद में बाढ़ में मंगलवार को बहे पुलिस सिपाही मोनू रामगंगा का शव 24 घंटे बाद बरामद हुआ। फर्रुखाबाद के 50 से ज्यादा गांवों में बाढ़ है। यहां के पंखियन की मड़ैया गांव में मुस्लिम परिवार में बेटी की शादी थी। ऐसे में दूल्हा करीब 50 लोगों के साथ नाव से गांव पहुंचा। तब जाकर निकाह हुआ।

# एससी/एसटी आरक्षण में 'क्रीमी लेयर' लागू करने की याचिका स्वीकार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को एससी/एसटी आरक्षण में 'क्रीमी लेयर' लागू करने की मांग पर सुनवाई करने का फैसला किया है।

यह याचिका रामाशंकर प्रजापति ने दायर की है। उनका कहना है कि आरक्षण का फायदा ज्यादातर एससी/एसटी के अमीर और मजबूत वर्ग को मिल रहा है, जबकि गरीब लोग पीछे रह जाते हैं। याचिका में कहा गया है कि एससी/एसटी आरक्षण में दो स्तर हों, पहले आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को, फिर बाकी को मौका मिले। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया है और 10 अक्टूबर को अगली सुनवाई होगी। याचिकाकर्ता ने 2024 के देविंदर सिंह केस का हवाला दिया, जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि एससी/एसटी में भी 'क्रीमी लेयर' यानी अमीर वर्ग की पहचान करके उन्हें आरक्षण से बाहर किया जा सकता है। अदालत ने माना था कि ऐसा करने से ही असली समानता आएगी। केंद्र सरकार ने 9 अगस्त 2024 को घोषणा की थी कि अनुसूचित जाति और जनजातियों (एससी/एसटी) के आरक्षण में क्रीमी लेयर लागू नहीं किया जाएगा। कैबिनेट मीटिंग के बाद केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा था कि एनडीए सरकार बीआर अंबेडकर के बनाए गए संविधान से बंधी है। इस संविधान में एससी/एसटी आरक्षण में क्रीमी लेयर का कोई प्रावधान नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने एक अगस्त 2024 को 20 साल पुराना अपना ही फैसला पलटते हुए कहा था कि राज्य सरकारें अब अनुसूचित जाति, यानी एससी के रिजर्वेशन में कोटे में कोटा दे सकेंगी।

**याचिकाकर्ता ने कहा: आरक्षण का फायदा ज्यादातर एससी/एसटी के अमीर और मजबूत वर्ग को मिल रहा**



### आवारा कुत्तों के मामले में दोबारा विचार करेंगे: CJI


**नई दिल्ली।** सीजेआई बीआर गवई ने दिल्ली-एनसीआर की सड़कों से आवारा कुत्तों पर लगे प्रतिबंध पर फिर से विचार करने आश्वासन दिया। सीजेआई ने कॉन्फ्रेंस फॉर ह्यूमन राइट्स (इंडिया) की याचिका पर सुनवाई करते हुए टिप्पणी की। एनजीओ की सचिव ननीता शर्मा ने सुप्रीम कोर्ट में मामले में सुनवाई के लिए जल्द तारीख तय करने की मांग की थी।

# पहलवान सुशील कुमार की जमानत रद्द

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने हत्या के एक मामले में पहलवान सुशील कुमार की जमानत रद्द कर दी है। कोर्ट ने उन्हें एक हफ्ते के अंदर आत्मसमर्पण करने का आदेश दिया है। ओलंपिक पदक विजेता सुशील कुमार पर पहलवान सागर धनखड़ की हत्या का मामला दर्ज किया गया था।

दिल्ली हाईकोर्ट ने उन्हें जमानत दे दी थी। पहलवान सुशील कुमार मामले में शिकायतकर्ता की वकील जोशीनी तुली ने कहा कि बुधवार को सुशील कुमार को दी गई जमानत एक त्रुटिपूर्ण आदेश होने के कारण रद्द कर दी गई। इसीलिए पीड़ित के पिता अशोक धनखड़ की अपील पर हाईकोर्ट के आदेश को रद्द कर दिया गया है। हमने उस आदेश को इस आधार पर चुनौती दी थी कि वह एक त्रुटिपूर्ण आदेश था। यह कानूनन सही नहीं था, क्योंकि सुशील कुमार ने जब भी अंतरिम जमानत ली थी, तब गवाहों से छेड़छाड़ की थी। मुख्य गवाह ने मामले का समर्थन किया था। घटना का वीडियो फुटेज भी मौजूद था, इसलिए यह अपील स्वीकार कर ली गई। सुशील कुमार जब भी अंतरिम जमानत पर बाहर आए, उन्होंने घायल गवाहों सहित सभी सरकारी गवाहों से छेड़छाड़ की।



■ सुप्रीम कोर्ट ने एक हफ्ते के अंदर आत्मसमर्पण करने का दिया आदेश

### रूडी ने कांस्टीट्यूशन क्लब के चुनाव में संजीव बालियान को हराया

**नई दिल्ली।** कांस्टीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के मौजूदा सांसद राजीव प्रताप रूडी ने जीत हासिल कर इस पद पर अपना दबदबा बरकरार रखा है। श्री रूडी ने अपनी ही पार्टी के पूर्व सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान को चुनाव में मात दी। बुधवार सुबह घोषित हुए चुनाव परिणाम में उन्होंने श्री बालियान को 100 से अधिक वोटों से हराया। श्री रूडी को 392 वोट मिले हैं, जबकि श्री बालियान को 290 वोट हासिल हुए हैं। बिहार की सारण लोकसभा सीट से भाजपा सांसद राजीव प्रताप रूडी पिछले 25 साल से सचिव पद पर हैं। इस बार श्री बालियान ने उन्हें चुनौती दी थी। श्री रूडी ने पहली बार 1999 में सचिव पद का चुनाव जीता था। श्री रूडी ने कहा कि मैं 100 से ज्यादा वोटों से जीता हूं।






# धामपुर में तिरंगे का जश्न

## नगर पालिका व भाजपा ने निकाली भव्य यात्राएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** आजादी के अमृत महोत्सव के तहत 15 अगस्त से पूर्व नगर में तिरंगे का जश्न देखने को मिला। विभिन्न संगठनों व संस्थाओं ने तिरंगा यात्राओं का आयोजन किया, जिनमें देशभक्ति का जोश देखते ही बनता था।

भारतीय जनता पार्टी की ओर से एलडीबी बैंक निदेशक महेंद्र धनोरिया और पूर्व पालिकाध्यक्ष राजू गुप्ता के संयुक्त नेतृत्व में विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई। सैकड़ों की संख्या में भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता हाथों में तिरंगा लेकर यात्रा में शामिल हुए। भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारों से नगर की गलियां गूंज उठीं। यात्रा में पूर्व जिलाध्यक्ष



राजीव सिसोदिया, नगर अध्यक्ष जितेंद्र गोयल, नागेश्वर दयाल गहलोत, राघव शरण गोयल, सभासद संतोष राजपूत, पुरुषोत्तम अग्रवाल, भूपेंद्र सैनी, राकेश चौधरी, मास्टर अनिल कुमार, अनीता चौहान, रश्मि शर्मा, रावल विपिन अग्रवाल, प्रदीप कुमार, सोनू, आशीष अग्रवाल, अनिल शर्मा, प्रमोद राठी, दीपक अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में भाजपाई मौजूद रहे।

उधर नगर पालिका ने भी अधिशासी अधिकारी रवि शंकर शुक्ला के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया। इस दौरान अधिकारी और कर्मचारी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। तिरंगे की शान में पूरा नगर देशभक्ति के रंग में सराबोर हो गया। इस दौरान पवन कुमार, पुष्पेंद्र सक्सेना, अमित गुप्ता, विकास गुप्ता, नितिन अग्रवाल, विशाखा, राशिद, विशाल अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# हरिद्वार से चोरी हुआ ट्रैक्टर धामपुर से बरामद

**धामपुर।** हरिद्वार जनपद के श्यामपुर कांगड़ी थाना क्षेत्र से चोरी हुआ ट्रैक्टर धामपुर इलाके के गांव ढक्का करमचंद से बरामद कर लिया गया। हरिद्वार पुलिस ने मौके से दो युवकों को हिरासत में लेकर ट्रैक्टर समेत हरिद्वार रवाना कर दिया।

मिली जानकारी के अनुसार चोरी किया गया ट्रैक्टर गांव ढक्का करमचंद में एक वेल्डिंग मिस्त्री के यहां खड़ा था और इसे बेचने की तैयारी चल रही थी। हरिद्वार पुलिस ने गुप्त सूचना पर ट्रैक्टर बेचने में शामिल एक युवक को दबोच लिया। उसकी निशानदेही पर मंगलवार देर शाम पुलिस टीम गांव पहुंची।

बताया जाता है कि दुकान स्वामी उस समय मौजूद नहीं था, जिसके चलते पुलिस ने उसके पुत्र को पकड़ लिया। पास के एक अन्य गांव से भी एक युवक को हिरासत में लेकर हरिद्वार रवाना हो गई। अचानक हुई पुलिस कार्रवाई से गांव में हड़कंप मच गया।

# हर घर तिरंगा अभियान व नशा मुक्ति के संकल्प के अंतर्गत दिलाई शपथ

## नशे के दुष्परिणामों पर प्रकाश डाला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिला बिजनौर की शिक्षा क्षेत्र में सबसे पुरानी व अग्रणी वीरा चैरिटेबल सोसाइटी धर्मनगरी द्वारा संचालित संस्था कुँवर सत्यवीरा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग - मैनेजमेंट के कॉलेज परिसर में 'हर घर तिरंगा हर दिल में देश' व नशा मुक्ति के संकल्प अभियान के अंतर्गत एक शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर सभी उपस्थित जनों ने यह संकल्प लिया कि 'हम भारत के नागरिक, संकल्प लेते हैं कि हम अपने देश की एकता, अखंडता और समृद्धि के लिए सदैव कार्यरत रहेंगे। हम हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाते हुए राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान बनाए रखेंगे और जन-जन में देशभक्ति की भावना को जागृत



करेंगे।' कॉलेज के संस्था निदेशक प्रो. (डा.) अमित कुमार बंसल ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि तिरंगा हमारा गौरव है। यह केवल कपड़ा नहीं, बल्कि हमारे संविधान, स्वतंत्रता और बलिदान का प्रतीक है। इस अभियान के माध्यम से देश के कोने-कोने में देशभक्ति की भावना और अधिक मजबूत हो रही है। डीन एकेडमिक प्रो. मनोज कुमार कुशवाहा ने नशे के दुष्परिणामों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह व्यक्ति के स्वास्थ्य, परिवार और समाज पर गहरा नकारात्मक प्रभाव डालता है। सभी ने मिलकर नशा मुक्त भारत के निर्माण करना चाहिए।

कार्यक्रम के कोऑर्डिनेटर डॉ. लोक. ेश कुमार अग्रवाल रहे। शपथ ग्रहण समारोह मे डीन एकेडमिक्स प्रो. मनोज कुमार कुशवाहा एवं सभी विभागाध्यक्ष अंकित राजन अग्रवाल, गौरव गुप्ता, डॉ. अजय कुमार, डॉ. शुभम राजपूत, विभोर राजवंशी, सुधीर लांबा, डॉ. फैजल अंसारी व डॉ. शुएब आली खान, उज्ज्वल कुमार, सुनील भारद्वाज, एनपीएस भण्डारी, श्रुति सिंह, शिखा उपाध्याय, ललित राठी, विमल कश्यप, सर्वजीत सक्सेना, अपूर्व वर्मा, फुरकान अहमद, संगीता शर्मा, श्वेता गौड़, निकिता, नईला नईम, मोनिका गौड़, निगम चौधरी आदि उपस्थित रहे।

# ऑक्सफोर्ड स्कूल में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया




## बच्चों ने प्रस्तुत किए सुंदर कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक सीनियर सेकेण्डरी स्कूल में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया, जिसके अन्तर्गत विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में कक्षा नर्सरी, एलकेजी, यूकेजी के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के मुख्य आर्कषण छात्र-छात्राओं द्वारा किया गया ग्रुप डांस, एकांकी, नाटक मंचन इत्यादि रहे। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने राधा कृष्ण बनकर सुंदर नृत्य प्रस्तुत किये एवं उनके संवाद बोले।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में जूनियर विंग कॉर्डिनेटर तब्बसुम जैदी एवं शिक्षिका मोनिका शर्मा, आरती गौड़, निशात मिर्जा, विनसी चौधरी, अंजली रानी, रंदीप बग्गा, प्रीति चौधरी, उजमा परवीन, नेहा वर्मा, विनीता, मुस्कान अग्रवाल, समीक्षा त्यागी, वर्षा चौहान, पूनम मेहरोत्रा, खुशबु चौधरी, अंजली त्यागी, अर्चना शर्मा, शाहीन परवीन, शिवानी गुप्ता, वैशाली चौधरी, नीमिषा चौधरी, सो. हित कुमार, हर्ष कुमार एवं संगीत शिक्षक सचिन कुमार आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षिका नाजिया सलमानी ने किया।

# दिव्यांगजन व वरिष्ठ नागरिकों के लिए शिविर

## उपकरण वितरण के लिए परीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद की प्रेरणा व प्रस्ताव पर जिलाधिकारी के आदेशानुसार ब्लॉक परिसर में दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष शि. विर का आयोजन किया गया। यह शिविर केन्द्रीय विपणन संगठन, नई दिल्ली की कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (CSR) योजना के अंतर्गत लगाया गया, जिसमें एलिम्का संस्था कानपुर की टीम ने पात्र लाभार्थियों का परीक्षण किया। परीक्षण के आधार पर जल्द ही पात्र व्यक्तियों को सहायक उपकरण वितरित किए जाएंगे।

कार्यक्रम का संचालन एडीओ सतेन्द्र कुमार ने किया। शिविर में खंड विकास अधिकारी अल्हेपुर मनवीर सिंह, एडीओ पीआर अनिल कुमार तथा क्षेत्र के सभी ग्राम पंचायत अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिक व्हीलचेयर, ट्राइसाइकिल, बैसाखी, हियरिंग एड सहित अन्य उपकरणों



के लिए पंजीकरण और माप-जांच प्रक्रिया से गुजरे।

सांसद प्रतिनिधि विवेक सेन ने बताया कि कुछ दिन पहले सांसद चंद्रशेखर आजाद ने दिव्यांगजनों को ट्राइसाइकिल वितरित की थी, लेकिन उस समय कई पात्र लोग लाभ से वंचित रह गए थे। उन्हें लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से यह विशेष शिविर आयोजित किया गया है। परीक्षण पूरा होने के बाद चयनित लाभार्थियों को शीघ्र उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे।

शिविर में आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ-साथ संस्था पदाधिकारी भी सक्रिय रूप से मौजूद रहे और व्यवस्था में सहयोग दिया। स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे जरूरतमंदों को जीवन में सहूलियत और आत्मनिर्भरता मिलेगी। इस दौरान संजय कुमार विधान सभा अध्यक्ष, धायपुर मनोज कुमार, विधान सभा किसान मोर्चा, संजय सिंह (जिला उपाध्यक्ष, सलमान विधान सभा महासचिव, नजर नवाज, नगर अध्यक्ष शेरकोट मुंशी नसीम अंसारी, नगर अध्यक्ष धामपुर शहजाद, कामिल चौधरी, नगर अध्यक्ष स्योहारा चंद्र मोहन आदि मौजूद रहे।

# पत्नी के अवैध संबंधों के विरोध पर जमकर पीटा

## पुलिस ने नहीं की कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हीमपुर दीपा।** शिवला कलां निवासी एक व्यक्ति सहित पुलिस की मिलीभगत के चलते मनोज नामक व्यक्ति जहां मानसिक रूप से प्रताड़ित है। वहीं शारिरिक रूप से उस पर कई बार हमले हो चुके है। उधर दबंग पर कार्रवाई करने के बजाय पुलिस ने हर बार प्रार्थना पत्र आने पर दबंग से पैसे बनाकर केवल समझौता कराने का काम किया है जिसका आलम यह है कि पीड़ित की पत्नी करीब छः माह से उससे अलग रह रही है और स्थानीय युवक उस पर कई बार जानलेवा हमला कर चुका है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार हीमपुर दीपा निवासी मनोज कुमार शिवलां कलां में डेंटिस्ट है, जहां वह अपने परिवार संग हंसी खुशी रह रहा था। पीड़ित मनोज ने बताया कि उसकी पत्नी के संबंध पड़ोस के ही एक शादीशुदा व्यक्ति से हो गए, जो आय दिन क्लीनिक पहुंचते ही उसके घर पहुंच जाता था। पीड़ित मनोज की बेटी ने बताया कि उसने भी कई बार उसे आपत्तिजनक स्थिति में देखा है। जब मनोज ने स्थानीय व्यक्ति का विरोध किया तो उसकी पत्नी और उसके प्रेमी दोनों ने उसे खूब मारा। हालांकि परिजनों के समझाने के बाद कुछ दिन तक मामला शांत रहा परंतु फिर दोनों के संबंध शुरू हुए तो फिर विरोध करने पर डा. मनोज की पिटाई की गई जिसके बाद पीड़ित ने थाने में प्रार्थना पत्र दिया तो एसएसआई रहे धीरज सिंह ने दवाब डालकर फैसला करा दिया।

उधर अब पुनः जब मनोज अपने क्लीनिक के बाहर खड़ा था तब अचानक पीछे से आये स्थानीय व्यक्ति ने हमला कर दिया, जिसके बाद मनोज बेहोश होकर गिर पड़ा। आरोप है कि जब पीड़ित ने शिवाला कलां थाने में प्रार्थना पत्र दिया तो उसे रिसीविंग तो दे दी गई परंतु अगले दिन कार्रवाई के संबंध में पूछने पर थाना प्रभारी ने ऐसा बेतुका जवाब दिया कि पीड़ित सीधे घर लौट आया। उधर कार्रवाई न होने पर पीड़ित ने एक ट्वीट आलाधिकारियों को अपनी पीड़ा बताते हुए करा दिया जिस पर थाना प्रभारी ने पीड़ित को थाने बुलाकर उसकी क्लास लगा दी। उधर पीड़ित मनोज का आरोप है कि उसकी पत्नी लगातार उसे फोन पर धमकियां दे रही है। बता दें कि पति पत्नी का परिवाद भी न्यायालय में चल रहा है।

वहीं अब डॉ. मनोज ने पुलिस और दबंग के खिलाफ एससी जाति के मसीहा सासंद चंद्रशेखर आजाद के पास जाने की बात कही है।

# आइजीआरएस से संबंधित कार्यों की समीक्षा

## शिकायतकर्ता की संतुष्टि के बिना शिकायतों का निस्तारण स्वीकार नहीं: डीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में कलेक्ट्रेट सभागार में आइजीआरएस से संबंधित कार्यों की भी समीक्षा की गई।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा, अपर जिलाधिकारी न्यायिक आंशिक दीक्षित, मुख्य चिकित्साधिकारी कौशलेंद्र सिंह, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी लक्ष्मी देवी/ धर्मवीर सिंह, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी लोक निर्माण विभाग विद्युत विभाग सहित सभी संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि विभागीय अधिकारी आइजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों के निस्तारण कार्य को पूर्ण गंभीरता और गुणवत्ता के साथ संपादित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शासन के निर्देशों के अनुरूप उसी शिकायत के निस्तारण को निस्तारित माना जाएगा, जिस पर शिकायतकर्ता की संतुष्टि प्राप्त हो। उन्होंने निर्देश दिए कि शिकायत की मौके पर जांच करने से पूर्व शिकायतकर्ता और जिनके विरुद्ध शिकायत की गई दोनों पक्षों को सूचित करें, तदुपरांत दोनों पक्षों से पूछताछ के बाद



जांच की प्रक्रिया को पूर्ण करें। जांच पूरी होने के बाद शिकायतकर्ता द्वारा शिकायती पत्र पर दिए गए मोबाइल नंबर पर कॉल करें और ओटीपी नंबर सहित उसकी उसकी संतुष्टि प्राप्त करने के बाद संबंधित अधिकारी उस पर अपनी टिप्पणी अंकित कर आइजीआरएस पोर्टल पर शिकायत को निस्तारित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि यदि शिकायत का प्रकरण अदालत में विचाराधीन है तो शिकायतकर्ता को उसके बारे में संज्ञानित करते हुए निस्तारण न होने का स्पष्ट कारण बताएं और उसकी संतुष्टि भी प्राप्त कर लें।

उन्होंने कहा कि आइजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की स्थिति का मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा नियमित मॉनिटरिंग की जाती है। उन्होंने समस्त अधिकारियों को आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। इन कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी भी जिलाधिकारी द्वारा दी गई।

बैठक के दौरान ई डिस्ट्रिक मैनेजर विकास त्यागी द्वारा उपस्थित सभी अधिकारियों को आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायतों के निस्तारण के संबंध में विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई गई।

# उप गन्ना आयुक्त ने किया बाढ़ प्रभावित गावों का भ्रमण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर/नूरपुर।** अपर मुख्य सचिव एवं गन्ना आयुक्त द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में उप गन्ना आयुक्त मुरादाबाद हरपाल सिंह द्वारा बिन्दल शुगर मिल चाँगीपुर के क्षेत्र में गाँगन नदी के समीपवर्ती बाढ़ प्रभावित ग्रामों जिनमें गोहावर, आलमपुर एडवा, धूधली, शाहपुर खेड़ी, विशनपुरा, पितुपुरा, चौलापुर, पूरनपुर स्याना, कमाला, सैदपुर, आबिदनगर, दूंधली एवं तेलीपुरा आदि शामिल है का भ्रमण किया।

भ्रमण के दौरान शुगर मिल के उपाध्यक्ष गन्ना जितेन्द्र मलिक, मुख्य गन्ना प्रबंधक इन्द्रवीर सिंह, उप गन्ना प्रबंधक राजवीर सिंह एवं अन्य फील्ड स्टाफ उपस्थित रहे। उप गन्ना आयुक्त ने भ्रमण के दौरान कृषकों को एडवाइजरी के अनुसार गन्ने की फसल को बाढ़ से बचाने हेतु जल निकासी का प्रबंधन करने, अवशेष प्लाटों में यथा संभव गन्ना बंधाई करने, फंगिसाइड के साथ जल विलेय उर्वरकों का छिड़काव करने आदि सुझाव दिए गए।

चीनी मिल स्टाफ एव संबंधित गन्ना पर्यवेक्षकों को ग्रामों में सतत निगरानी बनाए रखने तथा बाढ़ के प्रभावों की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए रिपोर्टिंग करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने इस बीच गन्ना कृषकों से भी अपनी बात साझा की।

# आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर का आयोजन



**बिजनौर।** कृष्णा आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल की ओर से ग्राम पंचायत मुकरपुर में एक दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर वैद्य संदीप अग्रवाल (निदेशक एवं प्राचार्य) एवं डा. सोमेन्द्र राठी व फार्मासिस्ट अवनीश कुमार व नर्सिंग स्टाफ मनीषा राणा के मार्गदर्शन एवं निरीक्षण में संपन्न हुआ। शिविर में 172 से अधिक मरीजों की स्वास्थ्य जांच की गई और उन्हें उचित परामर्श तथा आयुर्वेदिक दवाएं वितरित की गई। इस सेवा कार्य में ग्राम प्रधान विनित कुमार एवं डीलर सतेन्द्र चौधरी ने अहम भूमिका निभाई। चिकित्सा शिविर में कृष्णा आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज के मेडिकल छात्रों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई और ग्रामीणों को स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता एवं प्रारंभिक देखभाल के बारे में जानकारी दी। इसके साथ निशुल्क पंचकर्म क्रियाओं के लिए ग्रामीणों को आमंत्रित किया गया और कालेज के प्रबंधक मनोज कुमार राजपूत ने कहा जन-जन तक आयुर्वेद को जगाना है। वैद्य संदीप अग्रवाल ने बताया कि आयुर्वेद की सेवा भावना को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से शिविर लगातार आयोजित किए जाते रहेंगे।

## विकसित भारत, विकसित यूपी पर सदन में 24 घंटे की चर्चा शुरू

# श्री बांके बिहारी मंदिर न्यास गठन अध्यादेश को मंजूरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा के मॉनसून सत्र के तीसरे दिन बुधवार को श्री बांके बिहारी मंदिर निर्माण अध्यादेश को मंजूरी प्रदान कर दी गई।

सदन में आज सुबह 11 बजे विकसित भारत, विकसित यूपी विजन डॉक्युमेंट 2047 पर लगातार 24 घंटे की चर्चा शुरू हो गई है। इसमें सरकार विभागवार उपलब्धियां और विजन रख रही है, जबकि विपक्ष के सवालों का दौर भी जारी है- सत्र में बांके बिहारी कॉरिडोर आर्डिनेंस विधेयक भी पास हो गया है। अध्यादेश स्पष्ट करता है कि मंदिर के चढ़ावे, दान और सभी चल-अचल संपत्तियों पर न्यास का अधिकार होगा। इसमें मंदिर में स्थापित मूर्तियां, मंदिर परिसर और प्रसीमा के भीतर देवताओं के लिए दी गई भेंट/उपहार, किसी भी पूजा-सेवा-कर्मकांड-समारोह-धार्मिक अनुष्ठान के समर्थन में दी



**■ श्री बांके बिहारी मंदिर के चढ़ावे, दान और सभी चल-अचल संपत्तियों पर न्यास का अधिकार होगा**

गई संपत्ति, नकद या वस्तु रूपी अर्पण, तथा मंदिर परिसर के उपयोग के लिए डाक/तार से भेजे गए बैंक ड्राफ्ट और चेक तक शामिल हैं। मंदिर की संपत्तियों में आभूषण, अनुदान, योगदान, हुंडी संग्रह सहित श्री बांके बिहारी जी मंदिर की सभी चल एवं अचल संपत्तियां सम्मिलित मानी जाएंगी। स्वामी हरिदास के समय से चली आ रही रीति-रिवाज, त्योहार, समारोह और अनुष्ठान बिना किसी हस्तक्षेप या परिवर्तन के जारी रहेंगे। न्यास दर्शन का समय तय करेगा, पुजारियों की नियुक्ति करेगा और वेतन, भत्ते/प्रतिकर निर्धारित करेगा।

साथ ही भक्तों और आगंत. ुकों की सुरक्षा तथा मंदिर के प्रभावी प्रशासन और प्रबंधन की जिम्मेदारी भी न्यास पर होगी। न्यास गठन के बाद श्रद्धालुओं को विश्वस्तरीय सुख-सुविधाएं उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। प्रसाद वितरण, वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगों के लिए अलग दर्शन मार्ग, पेयजल, विश्राम हेतु बेंच, पहुंच एवं कतार प्रबंधन कियोस्क, गौशालाएं, अन्नक्षेत्र, रसोईघर, होटल, सराय, प्रदर्शनी कक्ष, भोजनालय और प्रतीक्षालय जैसी व्यवस्थाएं विकसित की जाएंगी। न्यास में 11 मनोनीत और सात पदेन सदस्य होंगे। मनोनीत सदस्यों में वैष्णव परंपराओं/संप्रदायों/पीठों से तीन प्रतिष्ठित सदस्य (जिनमें साधु-संत, मुनि, गुरु, विद्वान, मठाधीश, महंत, आचार्य, स्वामी सम्मिलित हो सकते हैं)।

## विजन नहीं, रीजन डाक्यूमेंट पर चर्चा करे सरकार: अखिलेश

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा में योगी सरकार के विजन डाक्यूमेंट पर जारी चर्चा के बीच समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार को विजन नहीं रीजन डॉक्यूमेंट को निकालकर बताना चाहिए कि उन्होंने किस वजह से अपना एक भी वादा पूरा नहीं किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार पूरी तरह से फेल हो चुकी है। इन्होंने नौ साल में भ्रष्टाचार लूट, बेईमानी की। सरकार कानून व्यवस्था, बाढ़ नियंत्रण, शिक्षा, स्वास्थ्य, विकास हर मामले में असफल हो गई है। महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार के सारे रिकार्ड टूट गए है। यादव ने कहा कि भाजपा सरकार की नफरत और भेदभाव की राजनीति से जनता में भारी आक्रोश है।



भाजपा की नकारात्मक कार्यप्रणाली को जनता समझ गई है। इस सरकार में अन्याय, अत्याचार चरम पर है। किसी को न्याय नहीं मिल रहा है। भाजपाई गरीबों की और सरकारी जमीनों पर कब्जा कर रहे है। जनता की गाड़ी कमाई से आया बजट का बंदरबांट कर लिया। पूरे प्रदेश का माहौल भाजपा के खिलाफ है। जनता भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने को तैयार हैं, भाजपा सरकार जनता का सामना करने से डरी हुई है।

# किसी को भी स्वास्थ्य से वंचित नहीं होने देगी सरकार: मंत्री मयंकेश्वर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** मानसून सत्र के तीसरे दिन बुधवार को उत्तर प्रदेश विधान परिषद में समाजवादी पार्टी के सदस्यों ने स्वास्थ्य व्यवस्था का मुद्दा सदन में उठाया।

सपा के सदस्य मुकुल यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की उत्तर प्रदेश की वर्तमान सरकार के 8 वर्ष से अधिक का समय बीत जाने के बाद भी स्वास्थ्य सेवाओं का बुरा हाल है। नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार स्वास्थ्य सेवाओं के मामले में उत्तर प्रदेश का स्थान सबसे नीचे है। मुकुल यादव ने कहा कि लोहिया संस्थान लखनऊ और केजीएमयू लखनऊ जैसे बड़े स्वास्थ्य संस्थानों में गम्भीर मरीजो का इलाज नहीं हो पा रहा है। इन संस्थानों से गम्भीर मरीजो को निजी अस्पतालों मे दलालों के माध्यम से इलाज हेतु भेज दिया जाता है। आज जिला चिकित्सालय भ्रष्टाचार के केन्द्र बन गए है। जिला चिकित्सालयों मे उच्चीकरण / सुदृढ़ीकरण हेतु उपकरणों / साज सज्जा खरीद में भारी भ्रष्टाचार व्याप्त है। सपा के सदस्य बलराम यादव ने कहा कि अमर शहीद राजा जयपाल सिंह 100 शैय्या संयुक्त जिला चिकित्सालय अतरौलिया जनपद आजमगढ़ के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सुरेन्द्र कुमार ध्रुव द्वारा वर्ष 2023-24 में उक्त चिकित्सालय के उच्चीकृत हेतु जेम निविदा द्वारा मनमाने तरीके से एक करोड़ 76 लाख की खरीदारी की गई है। जिसकी शिकायत शासन में हुई। इसके तहत तत्कालीन जिला. धिकारी द्वारा त्रि-सदस्यीय समिति (मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी, मुख्य कोषाधिक. ारी, आजमगढ़) गठित की गई जिसमें समिति द्वारा डा. सुरेन्द्र कुमार ध्रुव दोषी पाए गए। 2 फरवरी, 2024 को जांच आख्या शासन को प्रेषित की गई, तत्पश्चात निदेशक, प्रशासन, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं द्वारा दिनांक 29 जून 2024 को डा. सुरेन्द्र कुमार ध्रुव को आरोप प्रत्र दिया गया, परन्तु एक वर्ष से अधिक का समय बीत जाने के उपरान्त भी उनके विरुद्ध अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। सपा सदस्यों द्वारा उठाए गए प्रश्नों के जवाब में उत्तर प्रदेश के चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने कहा कि एसजीपीजीआई, केजीएमयू में वेंटिलेटर पर्याप्त मात्रा में हैं।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालयः
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# रचित हत्याकांड में 11 को उम्र कैद

## झालू में दिनदहाड़े की गई थी रचित की हत्या, हंसते हुए गए सजायाफ्ता अभियुक्त


मृतक रचित







**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या एक राम अवतार यादव ने झालू के बहुचर्चित रचित हत्याकांड में शारिक, शादाब, शहबर, शहजान, आसिफ,जौनी, रितिक, वाजिद, मतीन, नाजिम व समीर शेख को उम्र कैद एवं 40-40 हजार रुपए के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है।

प्राप्त समाचार के अनुसार थाना हल्दौर के अंतर्गत झालू में पांच फरवरी 2021 को दोपहर लगभग दो बजे रचित पुत्र धर्मेन्द्र सिंह की हत्या की गई थी। धर्मेन्द्र ने अपनी तहरीर में कहा था कि उसके पुत्र रचित की कुछ दिन पूर्व शारिक पुत्र सईद निवासी मौहल्ला पीरजादगान के साथ कहासुनी हो गई थी। जिस पर शारिक ने उनके पुत्र रितिक को जान से मारने की धमकी दी थी। पांच फरवरी, 2021 को उनका पुत्र ऋतिक मोबाइल खरीदने के लिए कस्बा झालू गया था। वहां पर दोपहर लगभग दो बजे शारिक पुत्र सईद, शादाब पुत्र शफीक, शहबर पुत्र सरबर व शहजान पुत्र इरफान निवासी मौहल्ला पीरजादगान, आसिफ पुत्र सलीम निवासी निकट जामा मस्जिद ने रितिक को मौहल्ला महाजनान में छतरीपुर वाले कुएं के पास घेर लिया था।

इन्होंने तमंचों से ताबड़तोड़ फायरिंग करनी शुरू कर दी थी। उनका पुत्र रचित जान बचाकर सचिन की मोबाइल की दुकान में भाग कर घुस गया था। यह मुल्जिमान भी पीछे-पीछे दुकान में घुस गए और उनके लड़के रचित पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। जिसकी वजह से गोली लगने के कारण रचित की मौके पर ही मौत हो गई थी। अंधाधुंध फायरिंग करते हुए व अपने हथियार लहराते हुए अभियुक्त फरार हो गए थे। उन्होंने धमकी दी थी कि अगर किसी ने उनके विरूद्ध गवाही देने की कोशिश की, तो उसका भी यही अंजाम कर देंगे। अंधाधुंध फायरिंग से लोग अपनी-अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे थे। दुकानदार भी अपनी दुकाने खुली छोड़कर भाग गए थे। जिससे अफरा-तफरी का माहौल पैदा हो गया था। इस मामले में वादी धर्मेन्द्र ने कहा था कि विशाल पुत्र संजीव निवासी ग्राम सिहोरा गिरधर, योगेश पुत्र हुकुम सिंह निवासी ग्राम करौंदी एवं भूपेन्द्र पुत्र श्याम सिंह निवासी ग्राम सिहोरा गिरधर ने यह घटना देखी थी।

पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 34/ 2021 धारा 147, 148, 149, 302 व 506 आईपीसी एवं 7 आपराधिक कानून संशोधन अधिनियम के अंतर्गत शारिक पुत्र सईद, शादाब पुत्र शफीक, शहबर पुत्र शरबर, शहजान पुत्र इरफान निवासी मौहल्ला पीरजादगान व आसिफ पुत्र हसनैन आबदी उर्फ नईम निवासी मौहल्ला सादाब के विरूद्ध दर्ज किया था। मुकदमे की विवेचना प्रभारी निरीक्षक हरीश चन्द्र जोशी के सुपुर्द की गई थी। पुलिस ने मौहल्ला महाजनान, छतरी वाले कुएं के पास सचिन की मोबाइल की दुकान का मुआयना करते हुए घटनास्थल पर अलग-अलग स्थानों से 315 बोर के आठ कारतूसों के खोखे बरामद किए थे। विवेचना के दौरान अभियुक्त वाजिद पुत्र शाबिर उर्फ बुद्धू, समीर शेख पुत्र इनामुल नवी निवासीगण मौहल्ला सादात, कस्ता झालू, जौनी पुत्र यशपाल व रितिक पुत्र जागेश निवासीगण ग्राम रामपुर नौआबाद, थाना हल्दौर, मतीन पुत्र मुन्ना मुस्तफा निवासी मौहल्ला लक्ड़हारान, कस्बा व थाना नहटौर एवं नाजिम पुत्र मोहसिन निवासी मौहल्ला कानूनगोयान, कस्बा झालू का नाम अभियोग में बढ़ाया गया था। इस मामले में पुलिस ने विवेचना के बाद आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित कर दिया था। न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या एक रामअवतार यादव ने सभी अभियुक्तों को धारा 302, 149 व 120 बी में आजीवन कारावास व 40-40 हजार रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। अर्थदण्ड अदा न करने की दशा में प्रत्येक अभियुक्तगण को एक-एक वर्ष का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। शारिक, शादाब, शहबर, शहजान व आसिफ को धारा 147 में दो वर्ष का सश्रम कारावास व पांच हजार रुपए का अर्थदण्ड धारा 148 में तीन वर्ष का सश्रम कारावास एवं आठ-आठ हजार रुपए का अर्थदण्ड, धारा 506 में पांच वर्ष का सश्रम कारावास व दस-दस हजार रुपए के अर्थदण्ड, धारा 7 आपराधिक कानून अधिनियम में छह माह के सश्रम कारावास व 500 रुपए के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। जबकि जौनी, रितिक, वाजिद व शमीर शेख को उम्र कैद व 40-40 हजार रुपए के अर्थदण्ड सहित धारा 506 में पांच वर्ष के सश्रम कारावास एवं 10-10 हजार रुपए के अर्थदण्ड की सजा सुनाई गई है।

दोष सिद्ध अभियुक्तगण द्वारा इन मामलों में पूर्व में जेल में बिताई गई अवधि को इस सजा में समायोजित किया जाएगा। सभी सजाए सात-सात चलेंगी। न्यायालय के द्वारा सजा सुनाए जाने के बाद सभी अभियुक्तों को कड़ी सुरक्षा में जेल भेज दिया गया।

## झालू में दिनदहाड़े सरेआम मर्डर

### न मारते तो ले लेता जान, आरोपियों ने किया सरेंडर




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** झालू में दिनदहाड़े युवक को गोलियों से भून दिया गया। आरोपियों ने मृतक के द्वारा चैलेंज दिए जाने के बाद अपनी जान बचाने की खातिर उसे फिल्मी स्टाइल में उड़ा दिया।

प्राप्त समाचार के अनुसार मृतक रचित (27 वर्ष) पुत्र बबलू निवासी स्योहारा गिरधर, थाना कोतवाली शहर आपराधिक मानसिकता का था। उसे हथियार रखने एवं दूसरों को धमकाने में मजा आता था। आएदिन वह किसी न किसी से झगड़ा करता रहता था। दूसरों पर रौब गालिब करना उसका शगल था। झालू के युवकों से उसका विवाद चल रहा था। सूत्रों का कहना है कि एक छात्रा को परेशान करने को लेकर झालू के युवक उसे टोकते थे। जिस पर वह उन्हें धमकाता था। चार दिन पूर्व युवकों व मृतक के बीच बिजनौर में झगड़ा हुआ था। आरोपी युवक अपनी जान बचाकर लौट आए थे। जिससे मृतक का हौसला बढ़ गया था। झालू में आज फिर वह आ धमका। आरोपी शारिक, शहजाद, शादाब, आसिफ व शहबर निवासी मौहल्ला पीरजादगान को जैसे ही उसके आने का पता चला, तो वह हथियारों से लैस होकर उसे ढूंढने लगे। रचित के पास भी तमंचा था। इस बीच आरोपियों ने उसे देख लिया। आरोपियों के पास हथियार देखकर रचित समझ गया कि आज दांव उलटा पड़ने वाला है। आरोपी उसके पीछे भागने लगे। रचित जान बचाने के लिए उनके आगे भाग रहा था। उसका तमंचा सड़क पर गिर गया। आरोपियों ने उसे मुख्य बाजार में घेर लिया। वह सचिन टैलिकॉम के अंदर घुस गया। आरोपियों ने आराम के साथ उसका काम तमाम कर दिया। उसके जिस्म को गोलियों से भून दिया गया। बताया जाता है कि हमलावर पांच थे। आसिफ आब्दी मौके से फरार हो गया। बाकी हमलावर आराम के साथ घटनास्थल पर ही मौजूद रहे। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने चारों आरोपियों को हिरासत में ले लिया। एसपी डॉ. धर्मवीर सिंह ने भी घटनास्थल का दौरा किया। बाद में एसपी ने हल्दौर थाने में आरोपियों से पूछताछ की। आरोपियों ने बताया कि वह पांच थे। उन्होंने एसपी को बताया कि बारह राउंड गोलियां चलाई। एसपी ने आरो. पियों पर एनएसए लगाए जाने की बात कही है।

दूसरी तरफ दिनदहाड़े हुई इस वारदात से सनसनी फैल गई। आरो. पियों का कहना था कि मृतक लगातार उन्हें धमका रहा था। अगर वह रचित को नहीं मारते, तो वह उनकी जान ले लेता। आरोपी छात्र बताए जाते हैं। सनसनीखेज वारदात के बाद मौके पर भीड़ एकत्र हो गई। कुछ शरारती तत्व माहौल खराब करना चाहते थे। लेकिन पुलिस ने समझदारी से काम लिया और आरो. पियों को अपने साथ ले गई।

## सजायाफ्ता अभियुक्तों के चेहरों पर नहीं दिखा किसी तरह का पछतावा

**बिजनौर।** रचित हत्याकांड में कोर्ट के द्वारा 11 अभियुक्तों को आजीवन कारावास व अर्थदण्ड की सजा सुनाए जाने के बाद उन्हें कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में जेल भेजा गया। आज कोर्ट परिसर में इस मामले की सजा को लेकर काफी जिज्ञासा थी। झालू व आसपास के ग्रामों के काफी लोग यहां पर मौजूद थे। सजा सुनाए जाने की खबर मिलते ही बड़ी संख्या में मीडियाकर्मी भी यहां पर पहुंच गए थे। एक अभियुक्त के परिवार की महिला सजा सुनाए जाने के बाद कोर्ट के बाहर रोती-बिलखती रही। परिवार का एक सदस्य उसे सहारा दे रहा था। अभियुक्तों को जब कोर्ट परिसर से बाहर लाया गया, तो उनके चेहरों पर किसी तरह का पछतावा दिखाई नहीं दे रहा था। नई उम्र का एक अभियुक्त तो हस रहा था।

## रचित हत्याकांड को लेकर शामिक की भी दिनदहाड़े की गई हत्या

बिजनौर। रचित हत्याकांड में जिन ग्यारह अभियुक्तों को सजा सुनाई गई है, उनमें से शहबर के भाई शामिक की भी बिजनौर में नूरपुर मार्ग पर दिनदहाड़े हत्या कर दी गई थी। शामिक कृष्णा कॉलेज का छात्र था। वह एक छात्रा के साथ समीप में स्थित रेस्टोरेंट में मौजूद था। जैसे ही वह बाहर निकला, तो बाइक सवार बदमाशों ने उसे गोलियों से भून दिया था। इस हत्याकांड के बाद एक गैंग पर आरोप लगे थे। पुलिस ने संदिग्ध युवकों की निगरानी शुरू कर दी थी। इस हत्याकांड में भी अभियुक्तों की गिरफ्तारी की गई थी। शामिक हत्याकांड के बाद लग रहा था कि एक बार फिर खूनखराबा होगा। लेकिन पुलिस ने बेहद सतर्कता बरतते हुए सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी थी। इस हत्याकांड में पुलिस ने झालू के मौहल्ला महाजनान निवासी यश उर्फ उमंग पुत्र मुनेन्द्र और रोहन उर्फ मोहन पुत्र संजीव निवासी ग्राम त्रिलोकपुर, थाना हल्दौर को गिरफ्तार किया था। बताते है कि रोहन कृष्णा कॉलेज में बीफार्मा का छात्र था। उसकी कॉलेज में एक छात्रा से दोस्ती थी। शामिक भी उस छात्रा से बात करने की कोशिश कर रहा था। उसने छात्रा के सामने ही रोहन पर अभद्र टिप्पणी कर दी थी। शुरू में लग रहा था कि यह मामला रचित हत्याकांड से जुड़ा हुआ है। लेकिन पुलिस के द्वारा खुलासा करने के बाद वारदात से पर्दा उठ गया था।

# पूर्व मंत्री धनीराम को बसपा से निकाला

## जिलाध्यक्ष ने जारी किया पत्र



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के विश्वासपात्र रहे पूर्व मंत्री व मुरादाबाद मंडल के पूर्व प्रभारी धनीराम सिंह को आज पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार जिलाध्यक्ष दलीप कुमार पिंटू ने इस संबंध में प्रेस नोट जारी किया है। जिसमें कहा गया है कि बहुजन समाज पार्टी की जिला यूनिट के द्वारा पूर्व मंडल प्रभारी धनीराम सिंह को पार्टी विरोधी गतिविधियों में लिप्त होने व पार्टी में अनुशासनहीनता अपनाने के कारण निष्कासित किया जा रहा है। जबकि इनको पूर्व में पार्टी विरोधी गतिविधियों व अनुशासनहीनता के कारण कई बार चेतावनी भी दी जा चुकी है। लेकिन इसके बावजूद इनकी कार्यप्रणाली में कोई सुधार नहीं आया है।

गौरतलब है कि किरतपुर निवासी पूर्व मंत्री धनीराम सिंह बसपा के कद्दावर नेता थे। उनकी गिनती बसपा के सबसे पुराने नेताओं में होती थी। वह बसपा में कई महत्वपूर्ण पदों पर रह चुके है। निष्कासन के संबंध में जब उन से पक्ष जानने का प्रयास किया गया, तो कॉल रिसीव नहीं हुई।

## एक नजर

### अफजलगढ़ से विवाहिता फरार

**अफजलगढ़।** करीब पन्द्रह दिन पूर्व हरियाली तीज व रक्षाबंधन पर्व मनाने मायके गई विवाहिता ससुराल वापसी पर नगर के बस स्टैंड से ढाई वर्षीय बालक को छोड़कर अचानक फरार हो गई। पति ने पुलिस को गुमशुदगी की तहरीर देकर बरामदगी गुहार लगाई है। विपिन कुमार पुत्र मग्गू सिंह निवासी गांव झाडपुरा की पत्नी साक्षी करीब पन्द्रह दिन पूर्व हरियाली तीज व रक्षाबंधन का पर्व मनाने अपने मायके ग्राम पीपला, थाना धामपुर गई थी। शाम साढ़े चार बजे दम्पति अपने ढाई वर्षीय बालक के साथ नगर के बस स्टैंड पर पहुंचे, तो पत्नि साक्षी अपने पति से किसी काम को कहकर आगे चली गई और फिर वह वापस नहीं लौटी। उलटा महिला के परिजनों ने उनकी बेटी गायब करने का आरोप लगाते खूब हंगामा किया। पति का रो-रोकर हाल बुरा था। नगर सहित गांव में उक्त घटना को लेकर चर्चा का बाजार गर्म है।

### मानियावाला में स्वास्थ्य शिविर



**अफजलगढ़।** ग्राम पंचायत फजलाबाद परमानंदपुर उर्फ मानियावाला के पंचायत घर पर ग्राम प्रधान शाहीन परवीन व प्रधान पति तसव्वुर कुरैशी के द्वारा फ्री मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें मरीजों का फ्री स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। ब्लड प्रेशर, आंखों की जांच व खून की जांच कर नि:शुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। कैंसर संबंधित मरीजों की भी नि:शुल्क जांच की गई। कैंप में उजाला हॉस्पिटल के डॉक्टरों के पैनल ने लगभग दो सौ मरीजों को जांच कर दवाइयां वितरित की। इस अवसर पर प्रधान पति तसव्वुर कुरैशी ने बताया कि हॉस्पिटल में आयुष्मान कार्ड धारकों को विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा सभी प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध है। इस अवसर पर डॉ. अमित वत्सल, डॉ. राघव, मौहम्मद रमीज, रोहित कुमार शुक्ला, कपिल कुमार शर्मा, कमलेश कूमारी, पंचायत सहायक निशात अंजुम आदि मौजूद रही।

### हादसे में ड्राइवर घायल



**अफजलगढ़।** नेशनल हाईवे पर स्थित ग्राम मेघपुर पुल के समीप सड़क दुघर्टना में ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को भाकियू किसान नेता फहद शाहिद व 108 एम्बुलेंस की मदद से इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। ग्रामीणों ने बताया सामने अज्ञात वाहन आ जाने के दौरान छह टायरा कैंटर अनियंत्रित होकर पलट गई। सूचना मिलने पुलिस मौके पर पहुंच गई। घायल की शिनाख्त ड्राइवर संजीव (28 वर्ष) पुत्र मंगु सिंह निवासी ग्राम रसूलपुर, थाना बिनावर, जनपद बदायूं के रूप में हुई। ड्राइवर कैंटर लेकर हरिद्वार से रुद्रपुर जा रहा था। घायल को राहगीरों व भाकियू नेता फहद शाहिद की मदद से सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। ग्रामीणों ने बताया घटना होने के बाद 108 एम्बुलेंस आधा घंटा देरी से पहुंची। घटना के बाद अज्ञात कार वाला मोकै से फरार हो गया।

### भाई ने भाई को मारा

**कासमपुर गढ़ी।** आज दोपहर लगभग साढ़े तीन बजे ग्राम सीरवासुचंद निवासी मौहम्मद अली पागलों जैसी हरकतें करने लगा है। वह नशे का आदी है। उसने अपने भाई मोईद अंसारी (35 वर्ष) के ऊपर अचानक धारदार हथियार छुरी से हमला कर दिया। जिससे मोईद गम्भीर रूप से घायल हो गया। मोईद की चीख-पुकार सुनकर पड़ोसियों ने हमलावर मौहम्मद अली को चारपाई से बांध दिया और घायल मोईद को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ले गये। जहां घायल को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर बिजनौर रैफर कर दिया गया है। ग्राम कासमपुर गढ़ी व सीरवासुचंद मे नशे का कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है। सुल्फा नवयुवक काफी इस्तेमाल कर रहे हैं। सुल्फा पीकर काफी युवक अपना जीवन बर्बाद कर चुके हैं।

## नूरपुर में महिला ने लगाई फांसी



**नूरपुर।** चांदपुर के मौहल्ला पतियापाड़ा निवासी 28 वर्षीय निकिता की शादी गोहावर जैत निवासी संदीप कुमार से हुई थी। जिसकी पांच वर्षीय पुत्री आरोही और ढाई वर्षीय पुत्र माधव है। मृतिका का पति संदीप कुमार फौज मैं तैनात है। रक्षाबंधन पर वह छुट्टी लेकर घर आया हुआ था। मृतका बच्चों सहित नूरपुर में मुरादाबाद रोड पर किराए के मकान में रहती थी। बुधवार की सुबह दोनों में किसी बात को लेकर तकरार हो गई थी। जिस से आहत होकर निकिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पति संदीप को जब घटना का पता लगा, तो वह तुरंत उसे अस्पताल ले गया। जहां पर चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। नूरपुर से संदीप अपनी पत्नी के शव को अपने गांव गोहावर जैत ले आया। सूचना पर पहुंचे मृतका के परिजनो ने हंगामा शुरू कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस और फोरेंसिक टीम ने शव का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। मृतक की मां शीला देवी की ओर से हत्या की आशंका देखते हुए तहरीर दी गई है। प्रभारी निरीक्षक जयभगवान सिंह ने कहा कि घटना की बारीकी के साथ जांच की जा रही है।

## झालू में मास्टर की पिटाई

**झालू।** आज सुबह सात बजे मनोज पुत्र महेश शर्मा निवासी मौहल्ला सादात (नसीरीयान) अपने घर से सेंट मैरीज स्कूल हल्दौर को जा रहा था। रास्ते में आरवीआईटी के पास सात अज्ञात युवकों ने अपनी बाइक मनोज की बाइक के सामने लगाकर उन्हें गिरा दिया तथा लाठी-डण्डों से मारना शुरु कर दिया। पीड़ित ने बचाव के लिए अपने हाथों को सिर की ओर किया, तो पीड़ित के हाथ पर चोट आयी है। मार-पीट करने के बाद बाइक सवार युवक धमकी देते हुए जंगल के रास्ते भाग गये। पीड़ित ने बताया कि उन लोगों के पास तीन वाइक थी। हल्दौर पुलिस ने पीड़ित का मेडिकल चेकअप कराकर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## पुलिस ने रेत खनन से भरी ट्रैक्टर-ट्राली पकड़ी, चालक मौके से फरार

**बिजनौर।** मुखबिर की सूचना पर एसआई गजेंद्र उज्ज्वल ने पुलिस टीम के साथ नगीना रायपुर रोड बुंदकी तिराहे के रेत से खनन कर ट्रैक्टर ट्राली भर कर लाने की सूचना पर कार्यवाही के लिए मौके पर जा रहे थे। पुलिस को आता देख रेत के खनन से भरे ट्रैक्टर ट्राली का चालक वहीं सड़क किनारे रेत से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली को छोड़कर भाग निकला। पुलिस ने रेत खनन से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली को अपने कब्जे मे ले लिया और नवीन मंडी समिति में ले जाकर खड़ा करा दिया। पुलिस ने रेत के खनन से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली को सीज करने की कार्रवाई करने की बात कही। उधर पुलिस ने बताया कि क्षेत्र में रेत का खनन करने वाले माफियाओं को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने दो टूक कहा कि खनन माफिया खनन करने से बाज आयें, वरना जेल जाने के लिए तैयार रहें।

# विश्वास हत्याकांड का खुलासा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** स्थानीय थाना अंतर्गत ग्राम सिरीयावाली चक निवासी विश्वास हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा कर अभियुक्त को आला कत्ल सहित न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया।

बीते 10 अगस्त को सुआवाला-वादीगढ़ मार्ग पर महसनपुर चौराहे के पास छोटी नहर में विश्वास ( 22 वर्ष) पुत्र राजाराम निवासी ग्राम चक का शव बरामद हुआ था। मृत्यु का वास्तविक कारण जानने के लिए पुलिस ने शव को पंचायतनामा की कार्यवाही के उपरान्त पोस्टमार्टम हेतु मोर्चरी भेजा था। मृतक के पिता राजाराम की तहरीर के आधार पर धारा 103(1) बीएनएस में मुकदमा अज्ञात के विरूद्ध पंजीकृत किया गया था। थाना अध्यक्ष सुमित कुमार राठी की निगरानी में पुलिस टीमों का गठन कर विवेचनात्मक कार्यवाही शुरू की गई थी। पुलिस ने इस मामले में महसनपुर से शाहपुर जमाल जाने वाले रास्ते पर चैंकिग के दौरान स्कॉर्पियो संख्या यूके 06 वी -2346 को रोक कर जब चैकिंग की, तो उसमें बैठे संदिग्ध व्यक्ति ने भागने का प्रयास किया। पुलिस ने पीछा कर उसे गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त ने अपना नाम प्रशान्त पुत्र चतरू निवासी ग्राम चक बताया। अभियुक्त के कब्जे से बरामद गाड़ी को खोलकर चैक किया गया, तो ड्राईवर के बराबर वाली सीट पर जगह-जगह खून के निशान थे। सख्ती से पूछताछ करने पर अभियुक्त प्रशान्त द्वारा विश्वास की हत्या करने का जुर्म कबूल करने के उपरांत अभियुक्त प्रशान्त की निशानदेही पर ग्राम महसनपुर के पास झाड़ियों से घटना में प्रयुक्त चाकू, अभियुक्त के खून से सने हुए कपड़े तथा अभियुक्त द्वारा मृतक का तोड़कर फेंका गया मोबाइल फोन बरामद किया गया। अभियुक्त प्रशान्त ने पूछताछ के दौरान घटना का खुलासा करते हुए बताया कि उसकी विश्वास से मित्रता थी।

कुछ दिन पूर्व विश्वास ने अभियुक्त प्रशान्त का मोबाइल फोन ले लिया था और उसमें से प्रशान्त एवं उसकी प्रेमिका के निजी फोटो अपने फोन में सुरक्षित कर लिये थे। विश्वास लगातार इन फोटो को आधार बनाकर प्रशान्त को ब्लैकमेल कर डराता था। सोशल मीडिया स्टेटस पर प्रशान्त एवं उसके परिजनों को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणियां भी करता था। इसी बात से क्षुब्ध होकर प्रशान्त ने विश्वास से छुटकारा पाने की योजना बनाई थी। योजनानुसार के अनुसार नौ अगस्त को अभियुक्त प्रशान्त ने विश्वास को किसी लड़की से मिलाने के बहाने से बुलाया तथा अपनी स्कॉर्पियो में पहले से रखी दो नींद की गोलियां रसगुल्ले में मिलाकर विश्वास को खिला दीं। जिसके बाद अभियुक्त प्रशान्त मृतक विश्वास को गाड़ी में बैठाकर काशीपुर, ठाकुरद्वारा, सुरजननगर, भूतपुरी आदि स्थानों पर घुमाता रहा। नींद की गोलियां का असर होने पर बदहवास स्थिति में वह विश्वास को ग्राम महसनपुर- सुआवाला मार्ग पर स्थित जंगल में ले गया और चाकू से कई वार कर उसकी हत्या कर शव को वहीं पर फेंक दिया।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# बिजनौर में भाकियू का जोरदार प्रदर्शन

## खराब मौसम के बावजूद हजारों किसान मार्च में शामिल, चकबंदी कार्यालय में तालाबंदी






**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** खराब मौसम के बावजूद भाकियू टिकैत ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर जनपद मुख्यालय पर विशाल ट्रैक्टर मार्च निकाला। इसके बाद कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते हुए सभा की और चकबंदी कार्यालय पर ताला जड़ दिया। आज पूरी तरह से बिजनौर किसानों के कब्जे में था।

प्राप्त समाचार के अनुसार भाकियू टिकैत के पदाधिकारियों ने 21 जुलाई को प्रशासन को मांग-पत्र दिया था। आरोप है कि प्रशासन ने उनके मांग-पत्र को नजरअंदाज कर दिया, जिससे भाकियू कार्यकर्ताओं में आक्रोश था। जिलाध्यक्ष सुनील प्रधान के 13 अगस्त को जिला मुख्यालय पर बड़ा आंदोलन करने की घोषणा से प्रशासन के हाथ-पांव फूल गए थे। 11 अगस्त को प्रशासनिक अधिकारियों ने भाकियू नेताओं से बात की और आंदोलन न करने का आग्रह किया था। वार्ता विफल होने पर भाकियू नेताओं ने आंदोलन की तैयारी तेज कर दी थी। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आज सुबह से ही भाकियू से जुड़े किसान बड़ी संख्या में अपने ट्रैक्टरों व अन्य वाहनों से नगीना मार्ग स्थित ग्राम रशीदपुर गढ़ी पहुंचना शुरू हो गए थे। वहां से जिला अध्यक्ष सुनील प्रधान के नेतृत्व में ट्रैक्टर मार्च निकाला गया। ट्रैक्टर मार्च शक्ति चौक, जजी चौक व नुमाईश ग्राउण्ड होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचा। वहां पर सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान किसानों ने चकबंदी कार्यालय में तालाबंदी कर दी। किसानों की भीड़ देखकर प्रशासन के हाथ पैर फूल गए किसानों का काफिले को रास्ते में कहीं पर भी जिला प्रशासन ने रोकने की कोशिश नहीं की। किसानों ने कलेक्ट्रेट में कोई भी काम नहीं होने दिया। इसके बाद दो दौर की वार्ता चली। इसमें एडीएम वित्त एवं राजस्व, एसडीएम सदर, एसडीएम धामपुर, जिला गन्ना अधिकारी, डीएफओ, सीओ सदर, अधिशासी अभियंता बिजली विभाग, पीडब्ल्यूडी व चकबंदी अधिकारी मौजूद रहे। परंतु किसानों से वार्ता में कोई समाधान नहीं निकला। इसके साथ ही धरना अनिश्चितकालीन शुरू हो गया। किसानों ने कलेक्ट्रट परिसर में ही अपना खाना बनाया। जिला अध्यक्ष सुनील प्रधान ने घोषणा कर दी की 15 अगस्त का झंडा भारतीय किसान यूनियन बिजनौर कलेक्ट्रेट में फहरायेगी। आज की पंचायत की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सुनील प्रधान ने की और संचालन विजय पहलवान ने किया। पंचायत में प्रदेश उपाध्यक्ष बाबू राम तोमर, मुनेन्द्र सिंह काक. रान, युवा जिला अध्यक्ष मनप्रीत सिंह, सोनू चौधरी, राम अवतार सिंह, विजय पहलवान, कुलदीप सिंह, धर्मवीर, जय सिंह, रजनी, जितेंद्र सिंह, प्रमोद कुमार, अजय बालियान, अबनीस कुमार, नरदेव सिंह, विजय सिंह, धर्मेंद्र कुमार, धर्मेंद्र राणा, अमरपाल सिंह, कविराज सिंह, मुकुल, संदीप त्यागी, अमित बालियान, हर्षवर्धन, लुधियान सिंह, कल्याण सिंह, हरीराज सिंह, मुकेश कुमार, दीपक तोमर, विनीत चौधरी, बलजीत सिंह, मुनेंद्र काकरान, धर्मवीर सिंह, ऋषिपाल सिंह, रोहित राणा, वीरेंद्र वाट, वीरेंद्र सिंह, महावीर सिंह, तिलकराम, सौरभ काकरान, याकूब, मोनू प्रधान, रजनीश अहलावत, अमित कुमार आदि शामिल थे।

किसानों की मांग थी कि सीईटीए नहीं चाहिए और अमेरिका के साथ एफटीए भी नहीं चाहिए। अमेरिका द्वारा थोपे गए 25प्रतिशत टैरिफ का विरोध करें। सीईटीए ने यूके से प्रोसेस्ड फूड, डेयरी, सब्जियां और फल का आयात बढ़ा दिया है। इसने भारत में फूड प्रोसेसिंग में विदेशी निवेश (एफडीआई) को भी बढ़ाया है, जिससे किसानों की आय कम होगी और छोटे कृषि व्यवसायों को नुकसान पहुंचेगा। सी2 + 50 प्रतिशत फार्मूले पर सभी फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी हो और सरकारी खरीद सुनिश्चित की जाए। समग्र कर्ज माफी हो और माइक्रो फाइनेंस कंपनियों द्वारा उत्पीड़न बंद हो। कानून बनाकर ग्रामों में उत्पादक सहकारी समितियों की स्थापना की जाए, जो किसान और कृषि श्रमिक परिवारों को बिना ब्याज कर्ज दें। बिजली क्षेत्र के निजीकरण का विरोध हो और स्मार्ट मीटर नहीं चाहिए। लंबित बिजली बिलों को माफ किया जाए। ग्रामीण क्षेत्र को 300 यूनिट मुफ्त बिजली दी जाए। ग्रामीण इलाकों को प्रति दिन 18 घंटे बिजली उपलब्ध हो। जिसमें सिंचाई के लिए पंप सेट शामिल हो। राज्य सरकारों ने ग्रामीण उपभोक्ताओं पर आरोप लगाकर बिजली बिलों को कृत्रिम रूप से बढ़ा दिया है। जिससे उन्हें बकाया का दोशी ठहराया जा सके। सभी सरकारी पेंशन दस हजार रुपए प्रति लाभार्थी दी जाए। पुराने ट्रैक्टरों पर प्रतिबंध लगाने की सरक. ारी नीति को खत्म किया जाए। उत्तर प्रदेश में प्राथमिक स्कूलों को बंद करने की नीति नहीं चाहिए। योगी आदित्यनाथ की अगुवाई वाली भाजपा सरकार 50 से कम छात्रों वाले 5000 प्राथमिक स्कूलों को मर्ज करके बंद कर रही है। यह स्कूल की जमीन और संपत्ति को निजी स्वामित्व में बेचने की योजना है। हालांकि आदेश को रोक दिया गया है। इस योजना से स्कूलों की दूरी बढ़ेगी। स्कूलों में कम उपस्थिति का कारण शिक्षा की बदहाल स्थिति, अंग्रेजी मीडियम ना होना और शिक्षकों की कमी है। ऐसा नहीं किया जाए। पुलिस और प्रशासन द्वारा समर्थित साम्प्रदायिक हिंसा को रोका जाए। अल्पसंख्यकों, दलितों, आदिवासियों और वंचित वर्गों पर धर्म आधारित संगठित गिरोहों द्वारा कानूनविहीन हमले, उनके घरों और झुग्गियों को सुप्रीम कोर्ट के आदेश की अवहेलना करते हुए बुलडोजर से तोड़ना, डबल इंजन वाली सरकारों में तेजी से बढ़ रहा है। निर्दोष लोगों पर झूठे मुकदमे दर्ज करना बंद किया जाए। सभी झूठे मुकदमे वापस लिए जाए। गिरफ्तार व बंद लोगों को रिहा किया जाए।

## एक नजर

### युवक पर जानलेवा हमला

**नहटौर।** गांव लठमार मिलक निवासी सुभाष पुत्र तारा सिंह मंगलवार की शाम को करीब 7:30 बजे नहटौर किसी काम से गांव से आया था। जब वह त्यागी इंटर कॉलेज के सामने पहुंचा। इसी दौरान चार पहिया वाहन उसके सामने आकर रुका। आरोप है कि जिसमें आकाश, प्रमोद पुत्रगण दयाराम निवासी लठमार मिलक, अर्जुन पुत्र राजपाल, प्रमोद पुत्र मुनेश, आदित्य पुत्र चंद्र बोस निवासी ग्राम महमूदपुर भिक्का, मनमो. हन पुत्र दयाराम ग्राम गजरौला थाना धामपुर, अजय पुत्र कुंवरपाल गांव औरंगपुर शाहपुर गंगाधर थाना हल्दौर 4 व 5 अन्य लोगों ने एक राय होकर लात घुसो व लोहे के पंच से मारपीट करके घायल कर दिया। उसकी चीख पुकार सुनकर भीड़ को आता देखकर जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। इस मामले में सुभाष ने थाना कोतवाली पर आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी। थानाध्यक्ष धीरज नागर ने बताया कि सात नामजद व पांच अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### फाइनेंस कम्पनी के एजेंट से लूट

**नहटौर।** क्षेत्र के गांव ताहरपुर सैद उर्फ तरकौला में धामपुर में स्थित एक फाईनेंस कंपनी के कार्यालय से एजेंट समूह की किश्त वसूली के लिए आया था। ग्रामीणों के मुताबिक फाईनेंस कंपनी का एजेंट गौरव कुमार किश्त वसूली करके बाईक से नहटौर की ओर जा रहा था। गांव ताहरपुर सैद उर्फ तरकौला व चौहरा के रास्ते में तीन बाईक सवार युवकों ने आकर अचानक चलती बाईक पर एजेंट की आंखों में मिर्च पाउडर फेंककर उससे बैग छीन लिया। बैग में करीब एक लाख रुपए व अन्य सामान बताया जा रहा है। सूचना पर पुलिस में हड़कंप मच गया। पुलिस ने सभी स्थानों पर चैकिंग शुरू कर दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का मुआयना किया। इसके अलावा पुलिस गांव में भी पहुंची है। दिनदहाड़े लूटपाट की घटना को लेकर गांव में भी हड़कंप मचा रहा। गांव में पुलिस पहुंचने पर ग्रामीणों को लूटपाट होने का पता चला। बताया जाता है कि फाईनेंस कंपनी का एजेंट एक सप्ताह में किश्त वसूली के लिए आता है। बुधवार को वह गांव में किश्त वसूली करके जा रहा था। रास्ते में बाईक सवारों ने वारदात को अंजाम दे डाला।

### 97 ग्राम पंचायतों में पहुंचेंगे तिरंगे

**धामपुर।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विकास खंड की सभी ग्राम पंचायतों में तिरंगे झंडों का वितरण किया जाएगा। विकास खंड कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में नंदनी स्वयं सहायता समूह, अलादीनपुर गोगी और धिरथी स्वयं सहायता समूह, सलाराबाद की महिलाओं द्वारा तैयार तिरंगे झंडों का औपचारिक वितरण किया गया। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि नीरज प्रताप सिंह, खंड विकास अधिकारी मनवीर सिंह और एडीओ (पी) अनिल कुमार ने संयुक्त रूप से 97 ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधियों को झंडे सौंपे। अधिकारियों ने कहा कि महिला समूहों द्वारा तैयार झंडे न केवल स्वतंत्रता दिवस के उत्सव को खास बनाएंगे, बल्कि इससे ग्रामीण महिलाओं को रोजगार और आत्मनिर्भरता की दिशा में भी प्रोत्साहन मिलेगा। इस अवसर पर सहायक विकास अधिकारी दीनदयाल सिंह, राष्ट्रीय आजीविका मिशन का पूरा स्टाफ और दोनों स्वयं सहायता समूहों की सदस्याएं मौजूद रहीं। सभी ने झंडों की गुणवत्ता और सुंदरता की सराहना करते हुए महिलाओं के प्रयास को सराहा।


**आवश्यकता है**

**हिन्दी व अंग्रेजी टाइपिस्ट की।**

**इरफान अहमद एडवोकेट ( नोटरी )**

पता- मौहल्ला अफगानान, नहटौर, बिजनौर

संपर्क करें-9012551232

9837062675


# पालिका ने निकाली तिरंगा यात्रा

## चेयरमैन और ईओ के नेतृत्व में दिखा देशभक्ति का उत्साह




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में शासन के आदेशानुसार बुधवार को नगर पालिका द्वारा एक भव्य और ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस यात्रा का नेतृत्व नगर पालिका चेयरमैन शेख फैसल वारसी एवं ईओ बिजेंद्र सिंह पाल ने किया। जिनकी मेहनत और प्रबंधन से कार्यक्रम ने ऐतिहासिक सफलता हासिल की।

तिरंगा यात्रा का शुभारंभ नगर पालिका से पालिका चेयरमैन शेख फैसल वारसी एवं ईओ विजेंद्र सिंह पाल के नेतृत्व में होते हुए नगर के मुख्य मार्ग नवादा चुंगी, शिवाजी मार्केट, मिल चौराह,। हाजी इल्यास पेट्रोल पंप, थाना चौराहा, फव्वारा चौक होते हुए पुन: नगर पालिका पर संपन्न हुई। यात्रा के दौरान देशभक्ति के गीत गूंजते रहे और भारत माता की जय जैसे नारों से पूरा नगर गूंज उठा।

पालिका चेयरमैन शेख फैसल वारसी ने बताया कि इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य लोगों को हर घर तिरंगा अभियान के तहत जागरूक करना है ताकि स्वतंत्रता दिवस पर हर नागरिक अपने घर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराकर देश के प्रति सम्मान और गर्व की भावना प्रकट करे। उन्होंने नगर के व्यापार मंडल, सामाजिक संस्थाओं, थाना प्रभारी एवं नगर के गणमान्य नागरिकों को इस यात्रा में आमंत्रित किया जिससे यात्रा की भव्यता कई गुना बढ़ गई। नगर पालिका ईओ बिजेंद्र सिंह पाल ने कहा कि यह तिरंगा यात्रा शासन के निर्देशानुसार आयोजित की गई, जिसमें नगर से लेकर तहसील प्रशासन तक का सहयोग रहा। विशेष रूप से नगर के स्कूलों के एनसीसी कैडेट्स ने भाग लेकर कार्यक्रम में देशभक्ति की नई ऊर्जा भर दी। इस ऐतिहासिक यात्रा में योगदान देने वालों में पालिका चेयरमैन शेख फैसल वारसी, ईओ बिजेंद्र सिंह पाल, प्रधान लिपिक देवेंद्र सिंह, सभासद मौ.अकरम अल्वी, श्वेत रस्तौगी, सभासद पति वसीम उर्फ बबली कुरैशी, विनोद कुमार, मोहसिन, सभासद पति सतेन्द्र सैनी, दिलशाद, जामीन, सभासद पति जब्बार अंसारी, आसिफ, सभासद पुत्र राधे प्रजापति, आदेश, जयप्रकाश, शब्बू, मुब्बशिर, समस्त आंगनबाड़ी कार्यकत्री श्रीमती हेमलता सैनी, बाल विकास परियोजना अधिकारी, व्यापार मंडल अध्यक्ष एवं सदस्य, स्वयंसेवी संस्थाएं, थाना स्टाफ, तहसील धामपुर से नायब तहसीलदार राजकमल, अवर अभियंता श्रीमती स्मृति गुप्ता, अजय कुमार, श्रीमती चाँदनी रईस, मोहम्मद शान, अमित कुमार, ओमप्रकाश सिंह, श्रीमती शमीमा, आयुष रस्तौगी, अरुण कुमार, पप्पू सफाई नायक, सुन्दर, पंकज कुमार, रामगोपाल सिंह व अन्य समस्त स्टाफ शामिल रहे। वही नगर के एमक्यू इंटर कॉलेज और आरएसपी इंटर कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स तथा श्रीमती फरहा परिंदा वेलफेयर सोसाइटी की टीम ने भी सक्रिय रूप से भाग लिया और देशभक्ति का संदेश फैलाया। कार्यक्रम के अंत में पालिका चेयरमैन शेख फैसल वारसी और ईओ बिजेंद्र सिंह पाल ने संयुक्त रूप से सभी प्रतिभागियों, अधिकारियों, संस्थाओं एवं नागरिकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह हमारा राष्ट्रीय पर्व है और तिरंगा हमारा गौरव है। हर नागरिक को इसे सम्मानपूर्वक अपने घर पर फहराना चाहिए।

तिरंगे की शान में हम सभी को एकजुट होकर देशभक्ति का परिचय देना होगा।

# धरने की सफलता के लिए शिक्षकों से संपर्क

## अपनी मांगों के लिए करेंगे हर संभव प्रयास: विनोद



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने धामपुर क्षेत्र में माध्यमिक विद्यालयों में भ्रमण कर शिक्षकों से भेंट की तथा संगठन के प्रांतीय आह्वान पर 20 अगस्त को जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर आयोजित होने वाले धरने में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की।

संगठन के जिला अध्यक्ष गय्यूर आसिफ ने बताया कि जिला मंत्री विनोद कुमार के नेतृत्व में शिक्षकों ने धामपुर क्षेत्र के अनेक विद्यालयों में पहुंचकर शिक्षकों से उनकी समस्याएं एकत्र की, समाधान का आश्वासन दिया तथा 20 अगस्त को जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर होने वाले विशाल धरने प्रदर्शन में पहुंचने की अपील की। किसान हायर सेकेंडरी स्कूल महमूदपुर में शिक्षकों को संबोधित करते हुए विनोद कुमार ने कहा कि पुरानी पेंशन की मांग, शिक्षकों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा, शिक्षकों की सेवा सुरक्षा से जुड़ी हुई धारा 12, 18 तथा धारा 21 के की पुनर्स्थापना, तदर्थ शिक्षकों को पेंशन जैसी अनेक समस्याओं को लेकर शीर्ष नेतृत्व ने अनेक बार शासन से वार्ता की है किंतु वर्तमान सरकार का भी रवैया शिक्षकों के प्रति अवहेलना पूर्ण रहा है। विवश होकर प्रांतीय नेतृत्व में प्रदेश के सभी जिलों में जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर आगामी 20 अगस्त को धरना प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को संबोधिति ज्ञापन देने का कार्यक्रम घोषित किया है। इसके अतिरिक्त जनपद बिजनौर के शिक्षकों की अनेक समस्याएं जिनमें अवशेष भुगतान, एनपीएस धनराशि का आवंटन अनुमान प्रमाण पत्र जैसे विभिन्न प्रकरण सम्मिलित है कार्यालय में लंबे समय से लंबित हैं। उन समस्त समस्याओं के निस्तारण के लिए भी धरने में पहुंचना अति आवश्यक है। जिला मंत्री विनोद कुमार के साथ अनिल देवड़ा, अरविंद कुमार, ललित कुमार, डॉ. हरीश राजपूत आदि शिक्षकों ने जनता इंटर कालेज मुकरपुरी, आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दौलताबाद, आरएसपी स्योहारा, एमक्यू इंटर कॉलेज, बिरला कन्या इंटर कालेज, पब्लिक इण्टर कॉलेज सहसपुर आदि विद्यालयों का दौरा कर शिक्षकों से धरने में पहुंचने की अपील की।




# चोर समझकर पीटे युवक की उपचार के दौरान मौत

## हत्या का मुकदमा दर्ज, चार आरोपी हिरासत में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** रक्षाबंधन के मौके पर दिल्ली से रात्रि में घर आये दलित युवक को गांव में पहरा लगा रहे लोगों ने बिना सोचे समझे अंजान व्यक्ति समझकर लाठी डंडों से हमला बोल दिया। हमले में दलित युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मौत की सूचना पर ग्रामीणों ने सोमवार की रात्रि एंव मंगलवार की सुबह भनेड़ा पुलिस चौकी पर हंगामा किया। सीओ नजीबाबाद एवं एसपी ग्रामीण ने चौकी पहुंच कर आक्रोशित ग्रामीणों को समझा बुझाया।

तीन दिन पूर्व रक्षाबंधन पर राखी बंधवाने रात्रि में गांव पहुंचे एक दलित युवक की गांव भनेड़ा में चोरों से पहरेदारी कर रहे युवकों ने लाठी डंडों व धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया था। जिसकी उपचार के दौरान सोमवार की रात्रि अस्पताल में मौत हो गई। मृतक के भाई ने चार आरोपियों को नामजद करते हुए मुक. दमा दर्ज कराया है। पुलिस ने चारों आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। गांव भनेड़ा निवासी दलित युवक मनोज (28 वर्ष) पुत्र ऋषिपाल दिल्ली में रहकर रंगाई पुताई का काम करता है। बीती 9 अगस्त को रक्षाबंधन पर मनोज दिल्ली से सुबह करीब चार बजे भनेड़ा बस स्टेंड पर उतरकर पैदल ही गांव में पहुंचा। जैसे ही वह बुद्ध बाजार में पहुंचा वैसे ही पहले से मौजूद पहरेदारी कर रहे कुछ युवकों ने अंजान व्यक्ति समझकर उसके ऊपर लाठी डंडों व धारदार हथियारों से हमला कर दिया, जिससे मनोज गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक के भाई मिथुन ने बताया कि गंभीर रूप से घायल भाई को वह उपचार के लिए पहले सामुदायिक अस्पताल किरतपुर, फिर बिजनौर ले गए। जहां से उसकी गंभीर हालत देखते हुए उसे मेरठ रैफर कर दिया। तीन दिन बाद उपचार के दौरान मनोज की मौत हो गई। मृतक मनोज के भाई मिथुन ने चार आरोपियों शाने आलम, जावेद अली, अबु तालिब व मौ. जाहिद को नामजद करते हुए हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है। थाना प्रभारी वीरेन्द्र कुमार ने बताया कि नामजद चारों आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। गांव में पूर्ण रूप से शांति है।

# विकास संबंधी कई प्रस्ताव पारित

## एसबीडी महिला महाविद्यालय में प्रबंध समिति की बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** सौभाग्यवती बाई दानी महिला महाविद्यालय की प्रबंध समिति की बैठक मंगलवार को पदेन अध्यक्ष एवं जिलाधिकारी द्वारा नामित उपजिलाधिकारी धामपुर रितु रानी की अध्यक्षता में महाविद्यालय परिसर स्थित व्यवस्थापक कक्ष में आयोजित हुई। बैठक में गत बैठक की कार्यवाही की पुष्टि करते हुए महाविद्यालय के विकास एवं व्यवस्थाओं को लेकर कई अहम प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए।

बैठक में महाविद्यालय की रंगाई-पुताई, बाउंड्रीवाल का निर्माण, विज्ञान संकाय में चामुंडा देवी मंदिर समिति से जुड़े विवाद को रोकने, नवीन कोर्स बीसीए एवं बीएससी (कंप्यूटर) शुरू करने, अस्थायी शिक्षकों की नियुक्ति हेतु समाचार पत्रों में विज्ञापन जारी करने, स्थायी शिक्षिकाओं की नियुक्ति, आवश्यक फर्नीचर, बैटरी, सोलर पैनल की व्यवस्था एवं नैक की दृष्टि से लाइब्रेरी में सुधार जैसे मुद्दों पर विचार-विमर्श हुआ। एसडीएम रितु रानी ने छात्राओं की पढ़ाई की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए लाइब्रेरी का नवीनीकरण कराने पर विशेष जोर दिया।

बैठक में उपाध्यक्ष सुनील कुमार अग्रवाल, व्यवस्थापक रेणु गोयल, कोषाध्यक्ष नरेन्द्र कुमार, उपमंत्री अजय कुमार माहेश्वरी, सदस्य सुधीर कुमार, राजीव अग्रवाल, गोपाल मोहन माहेश्वरी, शोभा अग्रवाल, विशेष अतिथि पवन कुमार अग्रवाल, अवनि सिंह, प्राचार्या प्रो. पूनम चौहान, शिक्षक प्रतिनिधि प्रो. बिमला सिंह, डॉ. अर्चना, शिक्षणेत्तर प्रतिनिधि अमित कुमार सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## एक नजर

### विश्व हाथी दिवस मनाया



**रेहड़।** विश्व हाथी दिवस के अवसर पर मंगलवार दोपहर टीम टाइगर सेवन समिति द्वारा गांव देवानंदपुर गढ़ी में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीणों से हाथियों के सामने आने वाले अनेक खतरों से उन्हें बचाने और संरक्षित करने की अपील की गई। अमानगढ़ टाइगर रिजर्व की सीमा से सटे गांव देवानंदपुर गढ़ी में विश्व हाथी दिवस के मौके पर टीम टाइगर सेवन समिति द्वारा ग्रामीणों को जागरूक किया गया। टीम टाइगर सेवन समिति के अध्यक्ष व वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर एआर रहमान ने बताया कि वन से निकलकर हाथी अक्सर खेतों व आबादी में आ जाते हैं। जिससे वह फसलों को नुकसान पहुंचाते हैं और मानव वन्य जीव संघर्ष का खतरा बना रहता है। फसलों में होने वाले नुकसान से बचने के लिए किसान वन क्षेत्र के निकट गन्ने की खेती न करें। हाथियों से हमेशा दूरी बनाए रखें जिससे मानव वन्य जीव संघर्ष की घटना न हो। इस अवसर पर गुरप्रीत सिंह, सुखवीर सिंह, हरविंदर सिंह, अजमेर सिंह, अंकित कुमार, शिवम कुमार, परमजीत सिंह लोग मौजूद रहे।

### तिरंगा यात्रा व बाइक रैली निकाली



**कोतवाली देहात।** किरतपुर ग्रामीण मंडल में मंडल अध्यक्ष जितेंद्र सिंह के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा तथा बाइक रैली निकाली गई। यात्रा शिव मंदिर गोपालपुर से आरंभ होकर ग्राम पुरुषोत्तमपुर, ब्रह्मजीतपुर चंदा, कलाबुजुर्ग, मुबारकपुर खोसा, औरंगपुर नंदलाल, कुम्हेडा, जलालपुर, नंदपुर, हकीकतपुर होते हुए शिव मंदिर गोपालपुर पर पूर्ण हुई। इस दौरान भारत माता के जयकारे लगे। यात्रा में निवर्तमान मंडल अध्यक्ष नगीना नीरज बिश्नोई, रविंद्र सिंह, डॉ. बेगराज, तूफान सिंह, दयानंद शर्मा, मनोज बालियान, देवेंद्र सिंह तोमर, आकाशदीप, विक्रांत देशवाल, शिवलाल कश्यप, हेमंत मलिक आदि मौजूद रहे।

### धूमधाम से निकाली तिरंगा यात्रा



**हल्दौर।** भारतीय जनता पार्टी के तत्वावधान में मंगलवार को तिरंगा यात्रा का शुभारंभ नगर पालिका परिषद कार्यालय के मुख्य द्वार से किया गया। तिरंगा यात्रा महाराणा प्रताप चौक, टाटमोहरा बाजार, मुख्य बाजार आदि से होकर बड़ी धूमधाम से निकाली गई, जिसका समापन नगर स्थित शहीद स्मारक पर किया गया। इस अवसर पर महाराणा प्रताप चौक पर महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व जिलाध्यक्ष राजीव सिसोदिया, मंडल अध्यक्ष पीयूष चौहान, दर्पण रावल, महावीर सैनी, नौनिहाल सिंह, अनिल सिंह, संजीव बैंस, रेखा यादव, दीपक चौहान चानू, शुभम रस्तौगी, दीप रस्तोगी, नानक प्रजापति, शाश्वत रस्तोगी, धीरज सैनी, वरुण प्रताप आदि रहे।

### बीसीए द्वितीय सेमेस्टर में वंश प्रथम

**बिजनौर।** कृष्णा इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस का बी.सी.ए. द्वितीय सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। बीसीए विभाग के विभागाध्यक्ष अंकुश गुप्ता ने बताया कि वंश चौहान पुत्र अमित कुमार ने 80.28 प्रतिशत अंकों को प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर कौशेन्द्र कुमार पुत्र ऐशराज सिंह ने 78.71 प्रतिशत अंक प्राप्त किये हैं तथा इन्दु पुत्री अमित कुमार 74.00 प्रतिशत अंकों को प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रही है।

# भव्य तिरंगा यात्रा निकाली



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** सब्जी मंडी से निकाली गई तिरंगा यात्रा में लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। तिरंगा यात्रा चांदपुर चुंगी पर जाकर संपन्न हुई।

जानकारी के अनुसार मंगलवार को सब्जी मंडी से तिरंगा यात्रा का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख राकेश चौधरी व मंडल प्रभारी अनिल चौहान ने संयुक्त रूप से किया। तिरंगा यात्रा सब्जी मंडी, महकमा, पीर शहीद काला, होली चौक, धर्मशाला, बाग. वान, नकटा से होते हुए चांदपुर चुंगी पर जाकर संपन्न हुई। इस अवसर पर एडवोकेट अर्पित गुप्ता, शोभित त्यागी, सभासद मुकेश गुप्ता पूर्व मंडल अध्यक्ष सिद्धांत जैन, डा. शंशाक गौतम, अभिनव जैन, देवराज चौधरी प्रमोद शर्मा शुभम त्यागी, प्रशांत वर्मा, राजीव अहलावत, बृजपाल प्रजापति डॉ. एके दक्ष, कृष्णा वर्मा, अंक्षित जैन, विनिता शर्मा, राजेश चंद्रा, शिवम त्यागी, ट्विंकल डबास, बृजपाल प्रजापति, पीके शर्मा, दीपक शर्मा, अनुज धीमान, सावन वाल्मीकि, शुभम चौधरी, तेजपाल सैनी आदि मौजूद रहे।

# मालन तटबंध कार्य का निरीक्षण

## शीघ्र पूरा करने के निर्देश



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा आज मालन नदी के तटबंध की मरम्मत के कार्य का निरीक्षण किया गया और विभागीय अधिकारियों को कार्य को पूर्ण गुणवत्ता एवं तेजी के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन विनय कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी सदर, सिंचाई विभाग के अभियंता एवं अन्य अधिकारी मौजूद थे। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने मालन नदी के तटबंध का निरीक्षण करते हुए सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि मरम्मत कार्य को तेजी से संपादित करें और पूर्ण गुणवत्ता के साथ कार्य को अंजाम दें, ताकि फसलों आदि को और अधिक नुकसान न होने पाए। सिंचाई विभाग के अधिकारियों द्वारा मिट्टी न मिलने की शिकायत पर जिलाधिकारी ने दारानगर गंज स्थित नहर से निकाली गई मिट्टी को उपयोग में लाने के निर्देश दिए।

उन्होंने कण्व आश्रम का भी निरीक्षण किया और उपस्थित अधिकारियों को पानी की निकासी एवं निर्मित भवनों की समुचित सुरक्षा के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# अफजलगढ़ में बड़ा हादसा टला

## दफीना से लौट रहे लोगों को बेकाबू कार ने रौंदा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** बीती रात्रि नगर में उस समय हड़कंप मच गया, जब नशे में धुत बेकाबू कार चालक ने दफीना कर लौट रहे लोगों को रौंद डाला। गनीमत यह रही कि जसपुर तिराहे से लोग दोनों ओर को अपने-अपने घर की तरफ वापसी कर रहे थे, नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था।

प्राप्त समाचार अनुसार सोमवार को नगर निवासी शराफत हुसैन का इंतकाल हो गया था। जिनका बीती रात दस बजे बस स्टैंड कब्रिस्तान से दफीना कर वापस लोग लौट रहे थे। काशीपुर की ओर से आ रही एक बेकाबू कार नंबर यूपी 32 ईके 0413 ने अफजलगढ़ से अपने ग्राम भज्जावाला जा रहे बहार आलम की कार में टक्कर मार दी। उसी दौरान अब्दुल सलाम पेट्रोल पंप के समीप दफीना में शिरकत कर वापसी कर रहे। कार ने मौहम्मद उस्मान व मौहम्मद ताहिर निवासी कांठ, जनपद मुरादाबाद को टक्कर मारकर घायल कर दिया। उसके बाद बेकाबू कार ने मौहल्ला नेजो सराय निवासी इकारमुदीन पुत्र मौहम्मद उमर को रौंद डाला। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे सीएचसी में भर्ती कराया गया है। जहां चिकित्सक द्वारा घायल को हायर सैंटर रैफर कर दिया। नशे में धुत कार चालक को लोगों ने रोकने का प्रयास किया, जो मौके से फरार हो गया। लोगों ने बताया कि कार चालक नशे में धूत था। वह द्वारिकेश शुगर मिल का कर्मचारी बताया जा रहा है।

# काशीवाला में गन्ने की दशा का निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बढ़ापुर।** गन्ना अधिकारियों व कृषि वैज्ञानिकों की टीम ने क्षेत्र के कई गांवों में गन्ना खेतों का निरीक्षण कर गन्ने की दशा को जाना। जांच में अगेती गन्ना प्रजाति को - 0238 के खेतों में शुरूआती तौर पर लाल सड़न रोग का प्रभाव दिखाई दिया।

जिला गन्ना अधिकारी के निर्देश पर बढ़ापुर क्षेत्र में गन्ना खेतों का निरीक्षण करने आई जिला गन्ना विकास विभाग के अधिकारियों व कृषि वैज्ञानिकों की ने टीम ने क्षेत्र के ग्राम बासोवाला में गन्ना किसान बुद्ध सिंह, रसूलपुर मुजफ्फरनगर में हरि प्रसाद, गोपीवाला में अब्दुल रब, काशीवाला में गुरमेल सिंह व कोटजवाना में ओमेंद्र कुमार के गन्ना खेतों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण में पाया गया कि जिन किसानों के गन्ना खेतों में अगेती गन्ना प्रजाति को - 0238 की फसल खड़ी है। उन खेतों में एक- प्रतिशत लाल सड़न रोग की उपस्थिति पाई गई जो गन्ने का कैंसर मानी जाने वाली बीमारी लाल सड़न रोग की शुरुआत हैं। निरीक्षण में अन्य गन्ना प्रजाति के गन्ना खेत सामान्य स्थिति में मिले। कृषि वैज्ञानिकों ने गन्ना प्रजाति को 0238 के लाल सड़न रोग से प्रभावित गन्ना खेत स्वामी किसानों को रोग के उपचार व रोग से बचाव की तकनीकी जानकारी दी। निरीक्षण टीम में कृषि विज्ञान केंद्र नगीना के डॉ. केके सिंह, गन्ना विकास विभाग बिजनौर के डॉ. पिंटू कुमार, सहकारी गन्ना विकास समिति नगीना के सचिव विजयपाल, गन्ना पर्यवेक्षक नंदलाल, सहदेव सिंह, द्वारिकेश चीनी मिल बुंदकी के उप महाप्रबंधक गन्ना लवकुश सिंह, सहायक प्रबंधक गन्ना यशपाल सिंह, गन्ना अधिकारी रामवीर सिंह, कुल. वीर सिंह व आलोक कुमार शामिल रहें।

# मुन्नी देवी 60 साल के बाद पहुंची बहन के घर, आतिशबाजी से स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हीमपुर दीपा।** हीमपुर दीपा में एक बहन के घर 60 साल बाद पहुंची खोई हुई दूसरी बहन का जोरदार ढंग से स्वागत किया गया। गुब्बारों से घर को सजाया गया और आतिशबाजी से माहौल को त्यौहारनुमा बना दिया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम कम्भौर निवासी मुन्नी देवी पुत्री भगवाना सिंह आज से करीब 60 वर्ष पूर्व जब नौ वर्ष की थी तब दारानगर गंज के प्रसिद्ध गंगा स्नान मेंले में परिवार के साथ स्नान करने पहुंची थी। जहां भगदड मचने के चलते एक बुढ़िया बच्ची को उठा ले गई और उसे फर्रुखाबाद के एक परिवार को बेच दिया था। मुन्नी देवी ने बताया कि उसे उठाने के नौ वर्ष बाद उसका विवाह फर्रुखाबाद में ही कर दिया गया। विवाह के बाद उसने अपने पति से भी कई बार अपने गांव और परिवार का जिक्र किया परंतु पुलिस केस और अन्य भागादौडी के झंझट में न पड़ने के चलते कभी उन्होंने इस ओर ध्यान ही नहीं दिया। बताया जाता है कि करीब 25 वर्ष पूर्व मुन्नी देवी के पति का भी स्वर्गवास हो गया था। मुन्नी देवी ने बताया कि वह एक दिन अपने पोते प्रशांत की जिद पर उसे अपने विषय में कहानी सुना रही थी, जिसे सुनने के बाद उनके पोते प्रशांत को नींद नहीं आई और उसने नेट पर जिला बिजनौर के गाँव कंभौर को खोजना शुरू कर दिया और वह यहां आ भी पहुंचा तथा पूछताछ करते हुए परिवार से जा मिला जहां उसका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। बताया जाता है कि परिवार की खोजबीन कर प्रशांत वापस फर्रुखाबाद पहुंच गया और फिर अपनी दादी मुन्नी देवी को लेकर ग्राम कंभौर उनके परिवार से मिलाने पहुंचा। इसी क्रम में मुन्नी देवी मंगलवार की शाम हीमपुर दीपा निवासी अपनी बहन शोभा देवी पत्नी राजेश सिंह से मिलने उनके घर पहुंची जहां उन्होंने शाह टाइम्स प्रति. निधि परीक्षित गुप्ता से हर पहलू पर खुलकर बात की। उन्होंने बताया कि उनकी शादी के बाद उनके पांच बच्चे हुए जो अब सभी शादीशुदा है। उनका कहना था कि 60 सालों बाद उन्हें अपने परिवार, अपनी बहन और उनके परिवार से मिलकर बहुत खुशी हो रही है। मुन्नी देवी ने बताया कि पहले तो किसी ने उन्हें नहीं पहचाना हालांकि जब वह सबके सवालों के जवाब और पहचान बताती चली गई तब जाकर सबको यकीन हुआ। उधर 60 सालों बाद अब मुन्नी देवी का रंग रूप, आवाज और रहन सहन सबकुछ बदल चुका है।

# छात्रों ने ली नशा मुक्त भारत अभियान के तहत शपथ



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कृष्णा इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस के बीसीए विभाग में छात्रें एवं अध्यापकों ने भारत सरकार द्वारा संचालित नशा मुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत कार्यक्रम आयोजित किया।

कार्यक्रम में प्राचार्या डा. सीमा शर्मा ने कहा कि नशा एक सामाजिक अभिशाप है तथा छात्रों को इससे दूर रहने की सलाह दी और बताया कि नशे रूपी जहर से युवा पीढ़ी को सतर्क रहते हुए परिवार समाज व देश को एक होकर इस अभियान को सफल बनाने में योगदान देना होगा । नशे से पीड़ित व्यक्ति घर-परिवार व समाज पर बोझ बन जाता है । जिसमें युवाओं की अधिक भागीदारी एक चिन्तनीय विषय है। विभागाध्यक्ष अंकुश गुप्ता ने सभी छात्रों को किसी भी प्रकार के नशे जैसे शराब, सिगरेट, तम्बाकु , भांग, गांजा इत्यादि से दूर रहने की शपथ दिलाई। संस्था के चेयरमैन मनोज कुमार ने छात्रों से इस सामाजिक बुराई को जड़ से दूर करने के लिए संकल्प लेने की प्रेरणा दी एवं नशे से होने वाले दुष्परिणाम के बारे में विस्तृत रूप से बताया और छात्रों को न केवल स्वयं नशे से दूर रहने की सलाह दी बल्कि परिवार व समाज के लोगों को भी इससे दूर रखने की प्रेरणा दी।

कार्यक्रम में संस्था के चेयरमैन मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, संस्थापक निदेशक राजीव कुमार, कृष्णा इंस्टीट्यूट की प्राचार्या डा. सीमा शर्मा एवं बीसीए विभाग के विभागाध्यक्ष अंकुश गुप्ता व सहायक प्रवक्ता शबनम परवीन, शिल्पी रानी, करूणा धीमान व विभु चौहान आदि की उपस्थिति में सभी छात्र-छात्राओं को नशे से मुक्त होने की शपथ दिलाई गयी।

# शहीदों के बलिदान को उलेमाओं ने किया याद

## आजादी का पर्व सौहार्द के साथ मनाएं



**मुजाहिद फारूकी**

**नूरपुर।** उलेमाओं व प्रमुख हस्तियों ने कहा कि आजादी का पर्व सौहार्द के साथ मनाए। यह आजादी हमें तमाम उलेमाओं की कुर्बानियों के बाद मिली है।

भारत छोड़ो आंदोलन व स्वतंत्रता दिवस की सालगिरह पर इमरान मिराजी ने स्वतंत्रता संग्राम के सुनहरे इतिहास और बलिदानों की याद दिलाई। उन्होंने कहा कि अगस्त क्रांति हमें यह सिखाती है कि आजादी एक बार हासिल करके भुला देने की चीज नहीं है, बल्कि हर दौर में इसे सुरक्षित और मजबूत रखना वर्तमान पीढ़ी की जिम्मेदारी है। मिराजी ने स्वतंत्रता सेनानियों के जज्बे और बलिदानों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि इन्हीं के संघर्ष और कुर्बानी के परिणामस्वरूप हमें आजाद भारत मिला है। अब यह हमारी जिम्मेदारी है कि संविधान, लोकतंत्र और देश की रक्षा के लिए हम किसी भी स्तर की कुर्बानी देने के लिए हर समय तैयार रहे। मौलाना अबरार अहमद कासमी ने कहा कि यह आजादी हमें किसी एक व्यक्ति के कारण नहीं, बल्कि हिंदू-मुस्लिम एकता के बल पर मिली है। उन्होंने बताया कि मौलाना हुसैन अहमद मदनी, मौलाना मौहम्मद अली जौहर, मौलाना हिफ्जुर्रहमान स्योहारवी सहित सैकड़ों उलेमाओं ने अपनी जानें कुर्बान की, तब जाकर हम आजाद जीवन जी रहे हैं। उन्होंने कहा कि 1942 में अंग्रेजों ने गांधी के साथ अनेक स्वतंत्रता सेनानियों को जेल में डालकर जनता की आवाज दबाने की कोशिश की थी, लेकिन आजादी की वह चिंगारी ठंडी होने के बजाय और तेजी से भड़कती चली गई। शहर काजी मौलाना मौहम्मद अली, मास्टर मौहम्मद इलियास मकरानी और कारी मौहम्मद राशिद हमीदी ने कहा कि इतिहास गवाह है, जिस देश की जनता उठ खड़ी होती है, वहां क्रांति आ जाती है और सबसे बड़ा शासक भी गिर जाता है। देश के लोग जब एकजुट हुए, तो अंग्रेजों की गुलामी से मुक्ति मिली। उन्होंने विश्वास जताया कि वह दिन दूर नहीं जब भारत पूरी दुनिया में शक्तिशाली देशों में गिना जाएगा। उन्होंने कहा कि लोग स्वतंत्रता सेनानियों की याद में विभिन्न स्थानों पर बड़े-बड़े आयोजन, जलसे व जुलूस करते हैं और बिना किसी भेदभाव के देश के लिए दी गई कुर्बानियों को याद करते हैं। लोकतंत्र की रक्षा के लिए एकजुट रहने का संकल्प लेते हैं। उलेमाओं न स्वतंत्रता दिवस पूरे जोश और उत्साह के साथ मनाने की जनता से अपील की है।

# नशा मुक्ति शपथ व संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कृष्णा कालेज के प्रांगण में नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत नशा मुक्ति शपथ व संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

राष्ट्र निर्माण में युवाओं की सर्वोच्च भूमिका है और आज का युवा ही कल के भारत का भविष्य है। इसी तथ्य को आत्मसात करते हुए आज युवाओं को उनकी राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी से अवगत कराने हेतु इस शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

कार्यक्रम का शुभारम्भ साइंस कालेज प्राचार्या डा. सीमा शर्मा के सम्बोधन द्वारा किया गया। उन्होंने अपने सम्बोधन में नशा मुक्त भारत अभियान की इस वर्ष की थीम 'विकसित भारत का मन्त्र, भारत हो नशे से स्वतंत्र' के बारे में बताते हुए इस अभियान के मुख्य उद्देश्य से अवगत कराया। उन्होंने बताया की इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आम जनता तक पहुंचना और विभिन्न गतिविधिओं के माध्यम से मादक द्रव्यों के सेवन के बारे में जागरूकता फैलाना है।

छात्रों ने शपथ ग्रहण करते हुए कहा कि 'नशामुक्ति का अभियान, बने जन-जन की पहचान, हिन्दू, मुस्लिम, सिक्ख, ईसाई, नशे से दूर रहना भाई। नशे की लत है ऐसी, जो कर दे जिंदगी नर्क जैसी। जब नशे का नाश होगा, तभी देश का विकास होगा।

प्राचार्य डा. परवेज अहमद खाँ ने सम्बोधित करते हुए कहा कि हम सब जानते है कि नशा एक बुरी आदत है जो व्यक्ति के शरीर, दिमाग और भविष्य तीनों को बर्बाद कर देती है। यह केवल एक व्यक्ति की समस्या नहीं है, बल्कि पूरे समाज की समस्या है। आज, हम युवाओं के रुप में यह जिम्मेदारी लेते हैं कि हम इस बुराई के खिलाफ एकजुट होंगे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी विद्यार्थिओं ने नशे जैसे सामाजिक अभिशाप से हमेशा दूर रहने तथा इस बुराई को जड़ से उन्मूलन करने हेतु संकल्प लिया।

आयोजित शपथ कार्यक्रम में महाविद्यालय संस्थापक निदेशक राजीव कुमार, प्रबंधक मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, कृष्णा कालेज ऑफ लॉ प्राचार्य डा. परवेज अहमद खान, कृष्णा कालेज ऑफ साइंस प्राचार्या डा. सीमा शर्मा, निदेशक योजना एवं विकास डा. एससी जैन ने सभी शपथ लेने वालों का उत्साहवर्धन किया और समाज के अन्य लोगों को भी इससे जोड़ने के लिए प्रेरित किया।

# अदालत में लम्बित मुकदमे वाली दुकानों पर गरजा बुल्डोजर

- ❍तहसीलदार ने तीन दिन का दिया था नोटिस
- ❍मलबे का ढेर बना दुकानों में रखा सामान
- ❍प्रशासनिक कार्रवाई पर दहाड़ें मारकर रोए दुकानदार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** अदालत में विचाराधीन किराएदारों वाली दजन भर से अधिक दुकानों पर बुल्डोजर गरज गया। आनन-फानन में जे सी बी से किराएदारों की दुकानों को ध्वस्त कर दिया गया। प्रशासनिक कार्यवाही पर दुकानदार फफक-फककर रोए। जबकि उनका सारा सामान भी मलबे का ढेर बन गया।

सदर कोतवाली क्षेत्र के हसनपुर मार्ग पर मुसाफिर खाने के बराबर में दर्जन भर से अधिक दुकाने किराएदारों के पास थीं। जिसका वह किराया भी अदा कर रहे थे। इतना ही नहीं नगर पालिका परिषद की सीमा में होने के कारण 2001 में गृहकर असिस्मेंट पंजिका 2001 से किराएदारों का नाम ग्रहकर रजिस्टर में चला आ रहा है। इसका वार्षिक गृहकर 2100 रूपये नगर पालिका परिषद को अदा करते चले आ रहे हैं। आरोप है कि कुछ समय से दुकान स्वामी उनसे दुकान खाली कराने का प्रयास कर रहा था। जिस पर दुकानदारों ने सिविल अदालत में निषेद्याज्ञा का वाद दायर कर दिया था। काफी समय से दुकानों का मुकदमा सिविल न्यायालय में विचाराधीन है। लेकिन अदालत में मामला लम्बित होने के बाद भी तहसीलदार कार्यालय से दुकानदारों को दुकानें अवैध रूप से बनी होने का बताकर खाली करने का नोटिस देकर तीन दिन के अंदर जवाब दाखिल न करने पर प्रशासनिक कार्यवाही की चेतावनी दी थी। तीन दिन पूरी तरह से बीत भी नहीं पाये कि प्रशासनिक बुल्डोजर दुकानों पर गरजने पहुंच गया। जबकि एक दिन पूर्व दुकानदारों ने तहसीलदार समेत अन्य अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर मामला दुकानों का मामला सिविल अदालत में लम्बित होने के चलते दुकानों को ध्वस्त नहीं करने की गुहार लगायी थी। दुकानदारों का आरोप है कि तहसीलदार अथवा प्रशासनिक अधिकारियों ने उनकी एक नहीं सुनी और बुधवार को उनकी दुकानों पर बुल्डोजर चल गया। दुकानदारों का आरोप है कि आनन-फानन में जे सी बी लेकर पहुंचे प्रशासनिक/राजस्व अधिकारी ने उनकी एक नहीं सुनी बल्कि दुकानों के अंदर का सामान भी नहीं निकाल पाये थे कि बुल्डोजर से दुकानों को ध्वस्त करना शुरू कर दिया। प्रशासनिक कार्यवाही से ध्वस्त की गई दुकानों के अंदर रखा सामान मलबे का ढेर बन गया। मलबे में दबा अपना सामान देख दुकानदार फफक-फफक कर दहाड़ें मारकर रोते दिखायी दिए। दुकानदारों का यह भी आरोप था कि प्रशासन और तहसीलदार को अदालत में मामला विचाराधीन होने की लिखित सूचना दी गई थी मगर उनकी एक नहीं सुनी गई और उनकी किरायदारी वाली दुकानों को ध्वस्त कर सड़क पर ला दिया।


सम्भल- हसनपुर रोड पर मुकदमे वाली दुकानों को ध्वसत करता बुल्डोजर।


सम्भल- बुल्डोजर जस्टिस से धाराशायी दुकानों के मलबे में सामान निकालते दुकानदार।

## सड़क पर आ गए बेरोजगार हुए दुकानदार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** किराएदारी वाली दुकान में अपना सामान बेचकर परिवार और स्वयं का पालन पोषण कर रहे दुकानदारों के सामेन रोजी रोटी का संकट गहरा गया है। अब जबकि उनका सामान मलबे में दबने से आथिक नुक्सान का बोझ भी बढ गया है।

# बुल्डोजर जस्टिस पर खड़े हुए अनेकों सवाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** अदालत में विचाराधीन मुकदमों वाली दुकानों को अवैध बताते हुए बुल्डोजर की आनन-फानन में की गई कार्रवाइ ने अनेको सवाल खड़े कर दिए हैं। दुकानदारों के अधिवक्ता ने प्रशासन की इस कार्रवाई को एक पक्षीय और नैचुरल जस्टिस के आधार पर मान्य नहीं माना है।

हसनपुर रोड स्थित मरगूब हुसैन, महबुब हुसैन पुत्रगण अब्दुल रशीद व अफसरी बेगम पत्नी अब्दुल रशीद, यासमीन बेगम पत्नर मरगूब हुसैन के स्वामित्व वाली और किराएदारों के बब्ज़े वाली दुकानों पर की गई बुल्डोजर की कार्रवाइ पर अनेको सवालिया निशान लगाए है। किराएदारों के अधिवक्ता कपिल वर्मा ने बताया कि दुकान मालिकों और किराएदारों के बीच सिविल अदालत में मामला विचाराधीन है। जबकि उक्त दुकानों ग्रहकर भी अदा किया जाता है। जबकि मुकदमा सक्षम अदालत से निस्तारिक भी नहीं हुआ है। इस बीच बिना किसी जांच और बिना मिलकियत तय किए अचानक ही एक पक्षीय कार्यवाही कर दी गई। जबकि संविधानक` अंदर समान एवं सभी लोगों को एवक उनके वारिसों को नोटिस देना कानून व इंसाफन आवश्यक था।ऐंसी दशा में प्रशासनिक व राजस्व अधिकारी और उनके अधीनस्थों द्वारा एक पक्षीय गैर कानूनी कार्यवही की गई। इसके अलाव आर बी ओ एक्ट 1958 की धारा 8 के अर्न्तगत किराएदारों को भी यह अवगत नहीं कराया गया कि वह किस आधार पर तहसीलदार से मिलकर एक पक्षीय कार्यवाही की गई। जिसके चलते आरबीओ एक्ट 1958 के प्रावधानों का भी उल्लंघन किया गया। अधिवक्ता ने बताया कि इसके अलावा दुकानों के स्वामित्व को अवर अभियंता व तहसीलदार अपना स्वामित्व जाहिर करते तो पहले किराएदारों को नोटिस दिकर ही कोई कारवाई की जा सकती थी। लेकिन आनन-फानन में दुकानों को बुल्डोजर कार्रवई कर ध्वस्त कर दिया गया। अधिवक्ता कपिल वर्मा ने बताया बताया कि मामले में वाद सं. 299/2025 राहत अली आदि बनाम सलमान आदि के समक्ष किरायेदारी का वाद सक्षम न्यायालय में विचाराधीन है तो ऐसी दशा में तहसीलदार को कोई कार्यवाही करने का हक नहीं था। लेकिन तहसीलदार ने हिटलरशाही दिखाते हुए मामला अदालत में लम्बित होने के बाद भी दुकानों पर बुल्डोजर जस्टिस की कार्यवाही न केवल न्याय के सिद्धांत के परे है बल्कि गैर कानूनी भी है।

# उच्च न्यायालय से छह और आरोपियों की जमानत मंजूर

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** शाही जामा मस्जिद में दूसरी बार वकील कमिश्नर के मौका मुआयना के दौरान भड़की हिंसा के आरोप में जेल में बंद आरोपियों में आधा दर्जन का जेल से बाहर आने का रास्ता साफ हो गया है। इलाहाबद उच्च न्यायालय ने जमानत याचिका मंजूर कर ली है। विगत वर्ष 24 नवम्बर 24 को सदर कोतवाली क्षेत्र में स्थित शाही जामा मस्जिद में दूसरी बार सुबह सवेरेवकील कमिश्नर के मौका मुआयना के दौरान हिंसा भड़क गयी थी। हिंसा में पथराव तथा कई वाहनों को आग लगा दी गई थी। जबकि गोलीबारी में पांच की मौत हो गयी थी। हिंसा से सम्बंधित बारह मामले दर्ज किए गए थे। जिनमे दर्जनों को हिरासत में लेकर चालान किया गया था। अदालत ने उन्हे जेल भेज दिया था। जेल में बंद आरोपियों के जमानत आवेदनों को ट्रायल कोर्ट ने निरस्त कर दिये थे। जिनमें से कई की जमानत याचिका इलाहाबाद उच्च न्यायालय से मंजूर कर ली थी। जबकि कई आरोपियों के जमानत याचिका पर सुनवायी की जानी थी। धीरे-धीरे जमानत मिलने का सिलसिला शुरू होते ही इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने हिंसा मामले में 6 और आरोपियों को जमानत दी है। न्यायमूर्ति समीर जैन की एकल पीठ में जमानत याचिका पर हुई सुनवायी के दौरान मुकदमा अपराध संख्या 335/3024 में जमानत याचिका को मंजूर किया गया है। इनमें मोहम्मद मोहसिन, अलमत्श, अरिश, मुजम्मिल खान, मोहम्मद गिलमन और जाहिद अली को जमानत मिली है। बता दें कि 18 जून को एमपी-एमएलए कोर्ट में 1128 पेज की चार्जशीट दाखिल की गई थी। जिसमें चन्दौसी स्थित एमपीएमएल अदालत से सपा सांसद बर्क, मुजम्मिल, आरिश और जाहिद अली को सम्मन जारी हुए हैं। मोहसिन, गिलमान और अल्तमश के खिलाफ जमानतीय वारंट जारी किए गए हैं। इसके अलावा 15 अन्य आरोपियों के विरूद्व गैर-जमानती वारंट जारी किए गए थे। सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क द्वारा निचली अदालत की कार्रवाई पर रोक लगाने और उनके खिलाफ दायर की गई चार्जशीट को निरस्त करने की याचिका दायर की थी। जिस पर न्यायमूर्ति समीर जैन की पीठ ने सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क की याचिका पर ट्रायल कोई में सुनवायी पर रोक लगा दी थी जबकि शाही जामा मस्जिद के सदर जफर अली को इससे पूर्व जमानत पर छोड़े जाने के आदेश दिए थे।

## भीम आर्मी कार्यकर्ताओं ने निकाली स्वाभिमान यात्रा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** बुधवार को राजीव कुमार जिला संयोजक भीम आर्मी जिला के नेतृत्व में विध अंबेडकर पार्क पक्का बाग नया गांव ,कोटला, बरखेड़ियान, झज्जरान, हौज कटोरा, बूढ़ा मोहल्ला, तकिया मोहल्ला, बजरिया, बाजार, पुलिस चौकी, पीला खजाना,से होते हुए वापिस अंबेडकर पार्क पक्का बाग तक बाइक द्वारा 'तिरंगा सम्मान स्वाभिमान यात्रा निकाली गई। रैली में आर्मी के सभी कार्यकर्ता व पदाधिकारियों समेत रवि गजेंद्र रोहित कुमार मुस्कुराना जीतू सागर अरबाज अमित दीपक कुमार आदि मौजूद रहे।

## सड़क पार करते बाइकों की टक्कर में तीन गम्भीर घायल

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** सड़क पार करते समय बाइक को पीछे से दूसरी बाइक ने टक्कर मार दी। जिसमें दम्पत्ति समेत तीन लोग घायल हो गये।

मंगलवार को आगरा मुरादाबाद नेशनल हाईवे पर बबराला के ललतेश पेट्रोल पंप के पास बाइक सवार मुकेश पुत्र धर्मसिंह व उनकी पत्नी रानी निवासी गनूपुरा थाना जुनावई पंप पर तेल डलवाने के लिए सड़क पार करते समय पीछे से बाइक सवार रामकेश पुत्र सूरजपाल निवासी डरौली थाना धनारी ने टक्कर मार दी। जिससे तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गये।मुकेश अपनी पत्नी के साथ बबराला से भकरौली काम से जा रहे थे। तभी रास्ते में बाइक में तेल खत्म होने के कारण पंप पर मुड़े तभी पीछे से दूसरे बाइक सवार रामकेश ने बाइक में टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायलों को 108 एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुन्नौर लाया गया।दोनों बाइक सवारों को मेडिकल कॉलेज हायर सेंटर अलीगढ़ रैफर कर दिया।


सम्भल- उप नगरी सराय तरीन स्थित हैंडी क्राफ्ट कारखाने में लगी आग।

# हैंडीक्राफ्ट कारखाने में आग में सबकुछ स्वाह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** थाना हयातनगर क्षेत्र के उप नगरी सराय तरीन के सरायतरीन मोहल्ला कोटला स्थित हैंडीक्राफ्ट बॉक्स कारखाने में बुधवार को अचानक आग लग गई। कारखाने के मालिक फरियाद पुत्र मल्लू के मुताबिक, हादसे में करीब साढ़े तीन लाख रुपये का नुकसान हुआ है। घटना के समय ,क कारगर अंदर काम कर रहा था, जबकि मालिक कच्चा व बना हुआ माल रखा था। आग की जानकारी मिलते ही वह मौके पर पहुंचे और राहत कार्य शुरू कराया। गनीमत रही कि कारीगर सुरक्षित बच गया। स्थानीय लोगों ने सबमर्सिबल का इस्तेमाल कर करीब पौने घंटें में आग पर काबू पा लिया। हालांकि, दमकल विभाग को सूचना नहीं दी गई। पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुटी। कारखाने में रखे 15 कबूतरों में से 10-12 और उनके बच्चे आग में झुलसकर मर गए। जबकि केवल दो कबूतर ही बच पाये। आग की लपटों में पूरा कारखाना जलकर राख हो गया।

## एक नज़र इधर भी

### कांग्रेसी निकालेंगे केंडल मार्च

**सम्भल।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी आहवान पर जिला कांग्रेस कमेटी एवं शहर कांग्रेस कमेटी के संयुक्त रूप से एक कैंडल मार्च का आयोजन होगा।

जिलाध्यक्ष आरिफ तुर्की ने बताया कि कैंडल मार्च का आयोजन शाम 7 बजे चंदौसी चौराहे से किया जाएगा। चुनाव आयोग के खिलाफ वोट चोरी की आवाज को बुलंद करने के उद्देश्य से कैंडल मार्च निकाला जाएगा। उन्होने बताया कि कैंडल मार्च में कांग्रेस के पूर्व पदाधिकारी जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी शहर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी और महत्वपूर्ण तरीके से ब्लॉक अध्यक्षों की उपस्थित अपने-अपने मंडल अध्यक्षों के साथ जरूरी है।उन्होने बताया कि कैंडल मार्च संगठन को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से और कांग्रेस पार्टी की वोट चोरी की आवाज को मजबूत करने के उद्देश्य से निकाला जाएगा। जबकि कैंडल मार्च में ज्यादा से ज्यादा संख्या मे शामिल होकर लोकतंत्र को बचाने में अपनी भूमिका अदा करेंगे।


सम्भल- फल सरक्षण प्रशिक्षण शिविर के समापन पर तैयार उत्पाद देखते।

### फल संरक्षण प्रशिक्षण शिविर का समापन

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** राजकीय फल संरक्षण एवं प्रशिक्षण केंद्र के तत्वावधान में मुख्यमंत्री खाद्य प्रसंस्करण ग्राम स्वरोजगार योजना के अंतर्गत चल रहे दो दिवसीय खाद्य प्रसंस्करण प्रशिक्षण शिविर का समापन हो गया।

द्वारा ग्राम बनिया खेड़ा में चल रहे प्रशिक्षण शिविर में ब्लॉक मिशन मैनेजर बबलू सिंह एवं केंद्र प्रभारी नौसिंह एवं गांव प्रधान द्वारा लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरण कर किया गया तथा आज प्रशिक्षण के दौरानपिंकी सिंह विषय वस्तु विशेषज्ञ उद्यमी रिति का फूड्स एवं प्रशिक्षण केंद्र के द्वारा विभिन्न प्रकार के अचार मसाले की जानकारी दी गई। जबकि मिर्च का अचार बनाकर दिखाया गया। इसके अलावा विशेषज्ञ गंगा दास द्वारा उद्योग लगाने हेतु प्रोजेक्ट रिपोर्ट कैसे तैयार करें इसकी जानकारी दी। तैयार अचार लाभार्थियों को वितरित कर दिया गया प्रमाण पत्र वितरण में द्वारकाधीश संकुल स्तरीय समिति न्याय पंचायत गुमथल ग्राम सभा बनिया खेड़ा की अध्यक्ष अनुपमा सिंह सचिव रश्मि स्वाति एवं मोहित कुमार गोद सहायक फल संरक्षण केंद्र आदि का विशेष सहयोग रहा।

### नगर पंचायत के पूर्व चेयरमेन को पितृ शोक

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** माँ गंगा जन कल्याण समिति के सदस्यों ने पूर्व चेयरमैन व समिति सदस्य अखिलेश अग्रवाल के पिता आनंद स्वरूप अग्रवाल के निधन पर शोक व्यक्त किया। शोक व्यक्त करने वालों में समिति अध्यक्ष अतुल गोयल, योगेन्द्र सिंह, कपिल गोयल, कार्तिक, अनिल, सुरेश गुप्ता, उमेशचंद्र वार्ष्णेय, सतेंद्र गौतम, विजय कुमार आदि हैं।

### चार घंटे बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** विद्युत वितरण खण्ड,गुन्नौर के 33/11 केवी उपकेन्द्र पर आज (गुरुवार)सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक विद्युत उपकेन्द्र गुन्नौर पर इनकमिंग बदलने के कारण विद्युत आपूर्ति 4 घण्टे बाधित रहेगी।

बबराला के 33/11 के.वी. विद्युत उपकेन्द्र पर कार्यदायी संस्था द्वारा इनकमिंग बदलने का कार्य कराया जाएगा। अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड बबराला अजय कुमार शुक्ला ने बताया कि इनकमिंग बदलने के दृष्टिगत 33/11 के.वी. विद्युत उपकेन्द्र बबराला से पोषित समस्त क्षेत्रें में आज सुबह 11बजे से दोपहर 3 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। जिसमें नगर बबराला के साथ एक दर्जन से अधिक गांवों की आपूर्ति बाधित रहेगी। कार्य के बाद सप्लाई शुरू हो जायेगी।

### आसमा से गिरे चाइनीज मांझे ने काटी युवक की गर्दन

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के मोदीनगर के निवाडी थाना क्षेत्र में चाइनीज मांझे ने एक बार फिर अपना कहर बरपाया। बीती रात 25 वर्षीय युवक अंकुर की गर्दन चाइनीज मांझे की चपेट में आने से बुरी तरह कट गई। गंभीर हालत में उसे तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी स्थिति नाजुक बनी हुई है। यह घटना न केवल दुखद है, बल्कि शहर में चाइनीज मांझे के अवैध उपयोग और प्रशासन की लापरवाही को भी उजागर करती है। चाइनीज मांझा, जो अपनी तीक्ष्णता और खतरनाक प्रकृति के लिए कुख्यात है, पहले भी कई लोगों की जान ले चुका है। गाजियाबाद में इससे पहले भी कई मामले सामने आ चुके हैं।

# देश भक्ति से ओत-प्रोत नारों संग निकली तिरंगा यात्रा

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत नगर पालिका परिषद से तिरंगा बाइक रैली का आयोजन किया गया।

नगर पालिका परिषद की ओर से आयोजित रैली का शुभारम्भ अधिशासी अधिकारी डा. मणि भूषण तिवार के नेतृत्व में किया गया। रैली नगर के शंकर कॉलेज, बरेली सराय, हल्लू सराय बहजोई मार्ग से होते हुए चौधरी सराय चौराहे पर पहुंचकर मुरादाबाद मार्ग स्थित तहसील से होते हुए चन्दौसी चौराहा होते हुए वापस नगर पालिका पर आकर समाप्त हुई। रैली से पूर्व ई ओ डा. मणि भूष्ण तिवारी ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव पर दो अगस्त से लेकर 15 अगस्त तक महोत्सव मनाया जा रहा है। इसी के तहत पहले साइकिल रैली अब बाइक रैली निकालकर आजादी के शहीदों को नमन किया गया।कलक्ट्रेट परिसर से उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ जके सौजन्य से तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। जिसको जिलाधिकारी डा. राजेंद्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जिला पंचायती राज अधिकारी उपेंद्र कुमार पाण्डेय ने बताया कि गया कि यह रैली ग्रामीण क्षेत्रों में होते हुए संभल विकासखंड में पहुंचेगी तथा वहीं रैली का समापन किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भटट, अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा, जिला पंचायती राज अधाकारी उपेंद्र कुमार पाण्डेय सहित समस्त संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।नगर क्षेत्र में भाजपाइयों द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गयी।तिरंगा यात्रा पूर्व मंत्री अजीत कुमार उर्फ राजू यादव के आवास पर पूर्व मंत्री राजू यादव ने हरी झड़ी दिखाकर तिरंगा यात्रा बाइक रैली का शुभारंभ किया। रैली नगर के इंदिरा चौक,रेलवे रोड़,राजघाट रोड़ के बाद गुन्नौर यात्र ने भ्रमण किया।उसके बाद जुनावई पहुँची।वहां से वापस होकर पूर्व मंत्री के आवास पर समापन हुआ। तिरंगा यात्रा में तिरंगा लेकर बाइक पर सवार भाजपाईयों ने नगर का भ्रमण किया । भारत माता के जयघोष के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं ने देश की एकता व अखंडता बनाये रखने का आहवान किया। पूर्व मंत्री अजीत कुमार उर्फ राजू यादव ने कहा कि देश की आजादी हमें काफी संघर्ष व कुर्बानियों के बाद मिली। आज हम अपनी आजादी व देश के प्रतीक तिरंगा की यात्रा निकाल रहे हैं।हर घर पर तिरंगा झंडा सभी को लगाना है। भाजपा नेता दीपक यादव ने कहा कि गुन्नौर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा कार्यकर्ता बाइक तिरंगा रैली निकाल कर आजादी का परचम लहरा रहे हैं। आजादी के लिए देश के लोगों ने काफी संघर्ष किया था। तब जाकर हमें आजादी मिली। इस दौरान शिखर गोयल, कुमोद वार्ष्णेय, विनय वार्ष्णेय, जूलियस सीजर,धर्मेंद्र प्रजापति दिनेश कौशल, योगेश गुप्ता,योगेंद्र यादव, संजीव आनंद कुमार आदि मौजूद रहे।



सम्भल- नगर पालिका परिषद में तिरंगा रैली निकालते ईओ।


बबराला में तिरंगा रैली निकालते भाजपाई।

# पेड़ पर फांसी लगाकर युवक ने दी जान

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** कैला देवी थाना क्षेत्र के लखनपुर गांव के जंगल में युवक ने पेड़ में फांसी का फंदा डालकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर कैला देवी थाना पुलिस तथा फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंच गई। जहां पुलिस ने शव का पंचनामा पर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना क्षेत्र के लखनपुर गांव निवासी मुन्नालाल (17 वर्ष) पुत्र हरिश्चंद्र ने गांव के जंगल में पेट्रोल पंप के नजदीक खेत में खड़े एक पेड़ में दुपटा डालकर फांसी लगा आत्महत्या कर ली। सूचना पर परिजन मौके पर पहुंच गए। शव को पेड़ पर लटका देख परिजनों की चीख निकल गई। जहां परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर कैला देवी थाना प्रभारी सत्य प्रकाश सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच गए तथा फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंच गई। जहां उन्होंने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी सत्य प्रकाश सिंह ने बताया लखनपुर गांव के युवक द्वारा आत्महत्या की गई है। मौके पर पहुंचकर जांच की गई है । शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है तथा जांच के आधार पर कार्यवाही की जायेगीं


सम्भल- लखनपुर गांव के जंगल में पेड़ पर फांसी के फंदे पर लटका युवक।

# पीएम मुफ्त सूर्यघर योजना में लापरवाही पर नपना तय

- ❍जिलाधिकारी ने की समीक्षा बैठक में दी चेतावनी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी ने बैंक प्रबंधकों के साथ बैठक कर गहन समीक्षा की। जिलाधिकारी ने कहा कि पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत जो लंबित आवेदन है उनका यथाशीघ्र निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि एनआरएलएम के जो सीसीएल है उनका भी निस्तारण सुनिश्चित किया जाए अगर किसी प्रकार की लापरवाही संज्ञान में आती है तो आरबीआई की गाइडलाइन के अनुसार संबंधित के खिलाफ कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। भारत सरकार एवं राज्य सरकार की लाभार्थी परक जो योजनाएं चल रही हैं उनको बैंक प्राथमिकता पर रखते हुए कार्य करें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भटट, डिप्टी कलक्टर रामानुज, जिला अग्रणी प्रबंधक केनरा बैंक ललित कुमार रॉय, एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### सम्बंध-विच्छेद

हमारा बेटा व भाई विवेक कुमार पुत्र योगेन्द्र सिंह व उसकी पत्नी शिखा गलत संगत में पड़ गये हैं और लोगों से गलत व्यवहार करता है। मेरे पुत्र की पत्नी शिखा अपने मयके वालों के सिखाये में आकर आये दिन झगड़ा करती है और उल्टे सीधे मुकदमें में फंसाने की धमकी देती है। समझाने पर मारपीट करते है। इसलिए हमने अपने पुत्र व भाई विवेक कुमार व उसकी पत्नी शिखा को उनके गलत कार्यों से तंग आकर उनसे सम्बंध विच्छेद कर लिये है। अब विवेक कुमार व उसकी पत्नी शिखा अपने पूर्व या भविष्य में किये गए गलत कार्यों एवं फर्जीवाड़े के स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरी पत्नी ओर पुत्री से कोई ताल्लुक वास्ता नहीं होगा।
**योगेन्द्र सिंह पुत्र महेन्द्र सिंह, विनेश देवी पत्नी योगेन्द्र सिंह, गोल्डी पुत्री योगेन्द्र सिंह**
नि. ग्राम अबूनगर तह. व जिला सम्भल।

# प्रसव से पूर्व महिला की मौत, अस्पताल में हंगामा

■ परिजनों ने लगाया चिकित्सकीय लापरवाही का आरोप, पोस्टमार्टम से इंकार



**चन्दौसी।** संयुक्त चिकित्सालय में प्रसव से पूर्व एक गर्भवती महिला व बच्चे की मौत हो जाने से परिजनों में आक्रोश फैल गया। मृतका के परिजनों ने अस्पताल परिसर में हंगामा करते हुए ड्यूटी पर तैनात चिकित्सकों पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया। मौके पर पहुंची पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने की समझाइश दी, परंतु परिजन मानने को तैयार नहीं हुए और सुबह तक बातचीत के प्रयासों के बावजूद शव को बिना पोस्टमार्टम कराए गांव ले गए। घटना मंगलवार रात की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, मृतका राधा को उसके पति सोमवार को प्रसव पीड़ा की शिकायत पर संयुक्त चिकित्सालय लाए थे। अस्पताल में महिला चिकित्सक ने जांच के बाद सब कुछ सामान्य बताया और मंगलवार तड़के करीब तीन बजे डिलीवरी के लिए इंजेक्शन भी लगाया गया। भर्ती के समय पहले से कराई गई जांच रिपोर्ट भी सामान्य थी। राधा के पति का कहना है कि डिलीवरी से पूर्व किसी भी प्रकार की असामान्यता नहीं बताई गई थी। रात में अचानक तबीयत बिगड़ने पर आशा बहन रजनी, जो मरीज के साथ थी, ने ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक को सूचना दी, लेकिन आरोप है कि डॉक्टर ने उसे डांट दिया और मामले को गंभीरता से नहीं लिया।

इस बीच परिजन इंचार्ज डॉक्टर से संपर्क करने में लगे रहे। इसी दौरान ड्यूटी पर तैनात डॉक्टरों ने रेफर स्लिप बनाकर मरीज को अन्यत्र ले जाने की तैयारी भी कर दी, लेकिन तभी इंचार्ज डॉ. हरेंद्र चौधरी रात में तुरंत अस्पताल पहुंचे और जांच करने पर महिला को मृत घोषित कर दिया। राधा के गर्भ में पल रहे शिशु की भी मौत हो चुकी थी। घटना की जानकारी मिलते ही राधा के मायके और ससुराल पक्ष के लोग बड़ी संख्या में अस्पताल पहुंच गए। आक्रोशित परिजनों ने संयुक्त चिकित्सालय प्रशासन पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया। उनका कहना था कि समय पर उचित इलाज मिलता तो राधा और उसके गर्भस्थ शिशु की जान बच सकती थी। मौके पर पहुंची पुलिस टीम, जिसमें एसआई संदीप शर्मा भी शामिल थे, ने परिजनों को समझाते हुए कहा कि पोस्टमार्टम से ही मृत्यु का वास्तविक कारण स्पष्ट होगा, लेकिन परिजन मानने को तैयार नहीं हुए। ग्राम प्रधान नंदकिशोर ने भी सुबह तक समझाने का प्रयास किया, परंतु परिजन अपनी जिद पर अड़े रहे और अंततः बिना पोस्टमार्टम कराए ही शव को गांव ले गए। बताया गया कि मृतका राधा के पहले से दो बच्चे हैं, जिससे परिवार पर दुख का पहाड़ टूट पड़ा है।

# महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज में निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन

शाह टाइम्स ब्यूरो




**मुरादाबाद।** महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज में मध्य निषेध विभाग द्वारा निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।साथ ही विश्व विख्यात जादूगर मिस्टर इंडिया अजय दिवाकर द्वारा जादू के माध्यम से छात्रों को नशे से दूर रहने का संदेश दिया।जादूगर अजय दिवाकर द्वारा हैरत अंगेज करतब प्रस्तुत किए गए जिसका छात्र छात्राओं ने तालियां बजाकर अभिवादन किया।इससे पूर्व संगीता कुमारी,मोनिका शर्मा, अतुल दुबे एवं तान्या मिश्रा के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं ने अपनी कला के माध्यम से नशे से दूर रहने का संदेश दिया उन्होंने सुंदर चित्र बनाकर अपनी कला का प्रदर्शन किया।इस मौके पर से क्षेत्रीय मघनिषेध अधिकारी मनोज कुमार ने छात्रों का आह्वान किया कि उन्हें नशे से दूर रहना चाहिए और दूसरों को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करना चाहिए।मेजर राजीव ढल ने कहां कि भारत दुनिया का सबसे युवा देश है लेकिन दुर्भाग्य है कि बहुत से युवा आज नशे की ओर बढ़ रहे हैं।

इस प्रकार के जन जागरूकता अभियानों के माध्यम से युवा शक्ति को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया जा रहा है यह छात्र-छात्राएं स्वय तो नशे से दूर रहेंगे और अपने परिवार जनों व अपने आसपास के लोगों को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करेंगे जिससे कि नशा मुक्त पर्यावरण युक्त भारत बन सके।इस मौके पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम द्वितीय तृतीय चतुर्थ आने वाले विजेताओं शील्ड व प्रमाण पत्र देकर भी सम्मानित किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धवल दिक्षित, गोपाल हरि, शहर क्षेत्रीय मध्य निषेध अधिकारी मनोज कुमार प्रधानाचार्य अरुण कुमार शुक्ला मेजर राजीव ढल ले प्रतिभागियों का प्रमाण पत्र और शील्ड देकर सम्मानित किया।इस मौके पर इस प्रतियोगिताओं के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली शिक्षिका संगीता कुमारी मोनिका शर्मा अतुल दुबे तान्या मिश्रा को भी शील्ड एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

अंत में अरुण कुमार शुक्ला द्वारा छात्रों को नशा मुक्त रहने की शपथ दिलाई।इस मौके पर अरुण कुमार शुक्ला, मनोज कुमार,धवल दिक्षित,गोपाल हरी, मेजर राजीव ढल, संगीता कुमारी,अतुल दुबे,मोनिका शर्मा,तान्या मिश्रा सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# सड़क पार कर रहे वृद्ध को मारी बाइक ने टक्कर, मौत

**मुरादाबाद।** पाकबड़ा थाना क्षेत्र स्थित नेशनल हाईवे पर उसे समय हड़कंप मच गया जब सड़क पार कर रहे वृद्ध बाइक सवारो ने जोरदार टक्कर मारी को टक्कर इतनी तेज थी की वृद्ध मौके पर ही लहू लुहान हो गया। दिल्ली हाइवे पर थाना पाकबड़ा क्षेत्र में नंदन कट के सामने दिल्ली जाने वाली साइड में एक व्यक्ति सड़क पार कर रहे व्यक्ति को एक स्प्लेंडर मोटर साइकिल ने टक्कर मारी एक मोटरसाइकिल स्पेंडर प्लस चेचिस नंबर डठस्भ्ॅ485ैळम्21129 द्वारा टक्कर मार दी गयी । जिसमे सड़क पार कर रहे व्यक्ति को गंभीर चोट आई सूचना पाकर मोके पर पहुंची पुलिस ने तत्काल ज्ड- अस्पताल में भर्ती कराया डॉक्टरों द्वारा उसे व्यक्ति को चेक किया गया तब डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया गया मृत व्यक्ति मुस्लिम समाज से जिसकी उम्र लगभग 70 वर्ष बताई जा रही है अभी तक व्यक्ति की शिनाख्त नही हो सकी है शिनाख्त के प्रयास किये जा रहे है साथ ही मोटर साईकल चालक को हल्की चोट है जिसका इलाज ज्ड- अस्पताल में चल रहा है। मौके पर शांति व्यवस्था कायम है । मृत बुजुर्ग लतीफ अहमद रामपुर दोराहा के निवासी हैं पाकबड़ा माता वाली मिलक में दफन में जा रहे थे सड़क पार करते हुए यह हादसा हुआ पुलिस द्वारा परिजनों को सूचित किया गया परिजनों ने पंचनामा भरकर कोई कार्रवाई न करते हुए शव को अपने साथ ले गए पुलिस ने मौके से बाइक को अपने कब्जे में ले लिया है।

# टीएमयू में अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस पर जगाई गंगा संरक्षण की अलख




**मुरादाबाद।** अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज के गंगा चौंपियंस क्लब की ओर से युवाओं में गंगा संरक्षण की अलख जगाई गई, जिसमें 100 से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में डीन प्रो. पी.के. जैन ने कहा, आज का युवा न केवल देश का भविष्य है, बल्कि उसकी नैतिक, सांस्कृतिक और पर्यावरणीय जिम्मेदारी भी है।

नोडल ऑफिसर प्रो. गणेश दत्त भट्ट ने गंगा और युवाओं के बीच गहरे संबंध को उजागर करते हुए कहा कि जैसे गंगा भारत की जीवनधारा है, वैसे ही युवा समाज की जीवनशक्ति हैं, और दोनों का संरक्षण ही देश की समृद्धि की कुंजी है। डॉ. सुषमा सिंह ने भारतीय संस्कृति, परंपरा और विरासत को सुरक्षित रखने पर बल दिया। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे अपनी जड़ों से जुड़े रहें और अपने कार्यों से समाज में सकारात्मक बदलाव लाएं। छात्र प्रतिनिधि मुकुंद सिंह ने बताया कि किस प्रकार क्लब से जुड़कर हर युवा अपनी एक सफल और प्रेरणादायक कहानी लिख सकता है। क्लब के सदस्य मो. अनस ने युवाओं से अनुरोध किया कि हमें मिलकर अपने प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करना चाहिए। अंत में स्टुडेंट्स को गंगा और युवा विषय पर कविता या संदेश लिखने का अवसर दिया गया, जिसमें छात्रों ने सार्थक और भावपूर्ण संदेश दिए।

समापन मौके पर डॉ. सोनाली कुमारी ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक बदलाव के लिए भी प्रेरित करते हैं।

## एक नजर

### शहीद महिपाल सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित कर निकाली तिरंगा यात्रा



कांठ। हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत आज भारतीय जनता पार्टी की ओर से नगर में तिरंगा यात्रा निकाली गई और लोगों को देश प्रेम का संदेश दिया। तिरंगा यात्रा का शुभारंभ भाजपा के नेता मुकेश माहेश्वरी के प्रतिष्ठान से किया गया जहां पर पूर्व विधायक राजेश कुमार चुन्नू ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया उसके बाद तिरंगा यात्रा वहां से प्रारंभ हुई जो कि नगर के विभिन्न मार्गो से होती हुई निर्धारित स्थल पर जाकर संपन्न हुई लेकिन इस कार्यक्रम से पहले कार्यकर्ता शहीद महिपाल सिंह के गोविंदपुर ज्ञानपुर स्मारक पर पहुंचे और उन्होंने प्रतिमा पर पुष्प चढाकर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यकर्ताओं ने वहां पर स्मारक और उसके आसपास की सफाई की और लोगों को देश प्रेम का संदेश दिया।दिया इस अवसर पर कुंबर सुरेंद्र सिंह,पूर्व विधायक राजेश कुमार चुन्नू, चौधरी विक्रांत सिंह , राजन बिश्नोई, सत्यवान सिंह राजपूत, मुकेश महेश्वरी, सूरज सिंह, देवेंद्र सिंह, चंचल पाल, मनीष चौहान, राजपाल सिंह, नीरज बिश्नोई, राज बहादुर, अंबरीश शर्मा, गौरव बिश्नोई, शीशपाल, जयपाल सिंह, प्रमोद सागर, शीशराम, मोनू बिश्नोई, सुमित शर्मा, रामचंद्र जाटव, राजीव गुर्जर, धर्मेंद्र चौहान, वीर सिंह ठेकेदार, जुबेर आलम, कैलाश सिंह, सीताराम, राजकुमार, सर्वेश कुमार, बलवंत सिंह, नेपाल सिंह, सचिन चौहान, राजवीर सैनी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### महापुरुषों एवं स्वतंत्रता संग्राम सैनिकों की प्रतिमाओं पर पुष्प अर्पित कर किया नमन



**मुरादाबाद।** भारतीय जनता पार्टी महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला के आवाहन पर महानगर के सभी दस मंडलों में स्वच्छता अभियान चलाया गया जिसमें महानगर के सभी दस मंडलों में महापुरुषों एवं स्वतंत्रता संग्राम सैनिकों की प्रतिमाओं की साफ सफाई कर एवं फूल मालाएं पहनाकर एवं पुष्प अर्पित कर नमन किया गया।महानगर के सभी दस मंडलों में महानगर के जनप्रतिनिधियों एवं महानगर के पदाधिकारियों ने मंडल में स्वच्छता अभियान में शामिल होकर महापुरुषों एवं स्वतंत्रता संग्राम सैनिकों की प्रतिमाओं पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। प्रत्येक मंडल में सभी मुख्य वक्ताओं ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए और कहा कि भारतीय जनता पार्टी केंद्र की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार ने अपने कार्यकाल में देशवासियों में देश प्रेम की भावना को जगाने हेतु प्रत्येक वर्ष 15 अगस्त से पूर्व देश भर में महापुरुषों एवं स्वतंत्रता संग्राम सैनिकों कि प्रतिमाओं पर पुष्प अर्पित कर नमन करना है। महापुरुषों एवं स्वतंत्रता संग्राम सैनिकों प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कार्यक्रम में महापौर विनोद अग्रवाल महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष प्रिया अग्रवाल, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ महानगर संयोजिका अल्पना रितेश गुप्ता महानगर कार्यक्रम संयोजक विशाल त्यागी पिछड़ा वर्ग आयोग सदस्य गिरीश वर्मा पूर्व बाल संरक्षक आयोग अध्यक्ष विशेष गुप्ता पूर्व महानगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता, महानगर मीडिया प्रभारी राजीव गुप्ता महामंत्री नत्थू राम कश्यप श्याम बिहारी शर्मा दिनेश शीर्षवाल कमल गुलाटी ब्लॉक प्रमुख मनीष कुमार पूर्व महानगर अध्यक्ष धर्मेंद्र नाथ आदि महानगर पदाधिकारीगण मंडल के पदाधिकारीगण मोर्चा एवं प्रकोष्ठों के पदाधिकारी एवं पार्षदगण शामिल रहे।

# सम्पूर्ण स्वस्थ जन्म अभियान एवं संभव अभियान के अंतर्गत महिला स्त्री रोग विशेषज्ञों ने दी जानकारी

शाह टाइम्स संवाददाता




**बिलारी।** सम्पूर्ण स्वस्थ्य जन्म अभियान के अंतर्गत जनपद मुरादाबाद से आये स्त्री रोग विशेषज्ञों ने बाल विकास विभाग बिलारी के सयुक्त तत्वाधान में गर्भवती महिलाओं का ब्लॉक बिलारी के सभागार में जांच शिविर का आयोजन हुआ, जिसमे बाल विकास विभाग में पंजिकृत गर्भवती महिलाओं एवं आंगनबाडी कार्यकत्रियों ने प्रतिभाग किया, डॉ नेहा चंद्रा ने गर्भवती महिलाओं का प्रसवपूर्व स्वास्थ्य जांच एवं परिवार कल्याण परामर्श दिया गया एवं सम्बोधित करते हुए कहा कि गर्भवती महिला के लिए कई तरह की जांचें आवश्यक होती हैं, जिनमें रक्त परीक्षण, मूत्र परीक्षण, और अल्ट्रासाउंड शामिल हैं। ये जांचें गर्भावस्था के दौरान माँ और बच्चे के स्वास्थ्य की निगरानी करने में मदद करती हैं। इस दौरान 22 गर्भवती महिलाओं के प्रसवपूर्व स्वास्थ्य की जांच कर आवश्यक परामर्श दिया, इसके तहत गर्भवती महिलाओं की ऊंचाई, वजन, हीमोग्लोबीन, ब्लडप्रेशर, डायबिटीज, एचआईवी आदि की जांच की गयी। डॉ प्रगति गुप्ता ने गर्भवती महिलाओं को अपने भोजन में प्रोटीन युक्त तथा आयरन युक्त भोजन को शामिल करने की सलाह दी।इसके लिए का साग, रागी, पीले पके फल, दूध आदि को भोजन में लेना उपयुक्त बताया। प्रत्येक माह नियमित जांच कराने की सलाह दी गयी। सुरक्षित जच्चा-बच्चा व सुरक्षित भविष्य के लिए यह जांच आवश्यक है। इस अवस्था में गर्भवती महिलाओं को अपने भोजन में सभी पोषक तत्वों को शामिल करने, नियमित स्वास्थ्य जांच कराने, सुरक्षित संस्थागत प्रसव कराने, कम से कम दो घंटे आराम करने की सलाह दी गयी। बाल विकास विभाग की तरफ से सभी को कैलशियम,आयरन की गोली दी गयी। डॉ मधुलिका बत्रा ने गर्भाशय कैंसर की रोकथाम, एवं भ्च्ट वैक्सीन के बारे जानकारी दी, इसके अतिरिक्त बाल विकास परियोजना अधिकारी सुरेन्द्र पाल सिंह ने प्रधानमंत्री मात्र वन्दन योजना के वारे में जानकारी दी एवं प्रथम प्रेगनेंसी वाली गर्भवती महिलाओं का मौके पर पीएमविवाई पोर्टल पर पंजीकरण कराया जिससे उनके स्वस्थ्य पोषण संवर्धन हेतु पंजीकरण पर 3000 रुपये एवं बच्चे होने के उपरांत 2000 की धनराशि अंतरित की जा सके, इस अवसर प्रमुख पात्रता के वारे में जानकारी दी गयी, तीनो स्त्री रोग विशेषग्यों द्वारा 14 गर्भवती महिलाओं की गोदभराई कर उनके सफल एवं सुखद जीवन की कामना की इस अवसर मुरादाबाद से आये स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ नेहा चंद्रा, डॉ प्रगति गुप्ता, डॉ मधुलिका बत्रा, बाल विकास परियोजना अधिकारी सुरेन्द्र पाल सिंह एवं मुख्यसेविका शिवकुमारी, सेक्टर सहशपुर की समस्त आंगनबाडी कार्यकत्री उपस्थित रहीं।

# 23 यूपी बटालियन एनसीसी ने किया तिरंगा यात्रा का आयोजन



शाह टाइम्स ब्यूरो

**मुरादाबाद।** 23 यूपी बटालियन एनसीसी एवं युवा कल्याण विभाग के द्वारा स्वतंत्रता दिवस के पूर्व एक तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया जिसमें पुलिस विभाग के जवान और एनसीसी कैडेट मोटरसाइकिल और साइकिलों पर तिरंगा लगाकर भारत माता की जय करते हुए।

रैली के रूप में निकले कलेक्ट्रेट से जिलाधिकारी द्वारा रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया यह रैली कलेक्ट्रेट से प्रारंभ होकर जैन मंदिर, पीली कोठी, ग्रीन मीडोज स्कूल पीएससी तिराहा होते हुए विकास भवन पर जाकर समाप्त हुई।इस रैली में एनसीसी कैडेट ने भारत माता की जय वंदे मातरम के जय घोष से वातावरण गुंजायमान कर दिया और सड़क किनारे चल रहे लोगों ने ताली बजाकर उनका अभिवादन किया।

इस रैली में 23 यूपी बटालियन एनसीसी की सब यूनिट महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज के एनसीसी कैडेटों ने मेजर राजीव ढल के नेतृत्व में प्रतिभा किया। इसमें 23 यूपी बटालियन के सूबेदार लोकेन्द्र सिंह एवं संजीव कुमार सहित बड़ी संख्या में एनसीसी कैडेट उपस्थित रहे।

# डीएम ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**मुरादाबाद।** शासन के निर्देशानुसार हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत जनपद में दैनिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जिलाधिकारी श्री अनुज सिंह ने कलेक्ट्रेट परिसर से बाइक/साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रैली कलेक्ट्रेट से प्रारंभ होकर विकास भवन परिसर में संपन्न हुई। रैली में पीआरडी जवान, खिलाड़ी, होमगार्ड एनसीसी स्काउट गाइड आदि के द्वारा प्रतिभा किया गया। जिलाधिकारी श्री अनुज सिंह ने बताया कि हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत 13 अगस्त से 15 अगस्त 2025 के मध्य विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन व्यापक स्तर पर कराया जा रहा है। इन कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य जनपद वासियों को हर घर तिरंगा अभियान से जोड़ना और व्यापक स्तर पर जन भागीदारी सुनिश्चित कराना है। इस अवसर पर परियोजना निदेशक डीआरडीए निर्मल द्विवेदी, जिला युवा कल्याण अधिकारी श्री जितिन राठी, जिला क्रीड़ा अधिकारी श्री सुनील कुमार आदि मौजूद रहे।

# रेलवे स्टेशन पर अव्यवस्था का साम्राज्य डीआर यूसीसी सदस्य ने खोली पोल

## वेटिंग रूम में बंदरों का कब्जा, टॉयलेट पर ताले-बहजोई स्टेशन पर यात्रियों की सुरक्षा खतरे में

शाह टाइम्स संवाददाता



**बहजोई।** डी आर यू सी सी सदस्य डॉ. पवन कुमार जैन ने बहजोई रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया, जिसमें स्टेशन की हालत बेहद दयनीय पाई गई। निरीक्षण के दौरान जो तस्वीर सामने आई, वह रेलवे प्रशासन की लापरवाही की पोल खोलने के लिए काफी है। वेटिंग रूम में बंदरों का साम्राज्य पाया गया, जो यात्रियों विशेषकर बच्चों की सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा है। चार-चार स्टेशन मास्टर तैनात होने के बावजूद कोई जिम्मेदारी निभाता नहीं दिखा। स्टेशन परिसर और प्लेटफार्म पर गंदगी का अंबार था। सभी टॉयलेट बंद पड़े मिले, बताया कि चार वर्ष से टॉयलेट में पानी की टंकी खराब हो गई तब से नई टंकी नहीं मिली। दिव्यांग टॉयलेट और महिला टॉयलेट पर भी ताले जड़े थे, महिला टॉयलेट के अंदर चारपाई रखी मिली जो गंभीर सोचनीय विषय है। सेनेटरी वेंडिंग मशीन खाली थी, एक भी सेनेटरी पैड उपलब्ध नहीं था। हाई लेवल प्लेटफार्म मात्र 180 मीटर का है, जिसके कारण अधिकांश यात्रियों को नीचे से ट्रेन में चढ़ना पड़ता है। ट्रेनों की सूची या समय सारिणी कहीं प्रदर्शित नहीं थी। स्टेशन मास्टर कार्यालय पर ताला मिला। स्टेशन मास्टर आरती चौहान से बात करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने किसी भी प्रश्न का उत्तर नहीं दिया और व्यस्तता प्रदर्शित करती रहीं। डॉ. जैन ने कहा कि बहजोई रेलवे स्टेशन की यह स्थिति यात्रियों की सुविधाओं और सुरक्षा के साथ सीधा खिलवाड़ है। उन्होंने इस मामले में तत्काल कार्यवाही और सुधार की मांग की।

**खोया-पाया सूचना**

मेरा हाई स्कूल वर्ष 2013 अनुक्रमांक 210618263 का प्रमाण पत्र, अंक पत्र वास्तव में कहीं खो गया है। जिस किसी सज्जन को मिले निम्न पते पर सूचित करें। **मोहित चौधरी पुत्र महिपाल सिंह निवासी नाथूपुर होई रामनगर, नैनीताल उत्तराखंड।**

**संबंध विच्छेद सूचना**

मैं अपने भाई की बीवी श्रीमती पूनम पत्नी स्वर्गीय ओम प्रकाश, भतीजा रवि व भतीजी गोरी को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लेनदेन व मुकदमेबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। आज के बाद में मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **प्रेम सिंह पुत्र स्वर्गीय टेकचंद हाल निवासी बैंक कॉलोनी मिलन बिहार थाना मझोला, तहसील व जिला मुरादाबाद।**

**कार्यालय ग्राम पंचायत अटरिया**
**विकास खण्ड-भगतपुर टाण्डा ( मुरादाबाद )।**

पत्रांक: मीमो /ग्राम निधि/ग्राम पंचायत/निविदा/2025-26 दिनांक: 13.08.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत अटरिया विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा (मुरादाबाद) की आयोजित बैठक दिनांक 02.10.2024 में पारित कार्य योजना के सापेक्ष पंचम राज्य वित्त/15वां वित्त योजनान्तर्गत में निम्न कार्य इस ग्राम पंचायत द्वारा जनहित में कराये जाने है। इच्छुक पंजीकृत आपूर्तिकर्ता/ठेकेदार दिनांक: 26.08.2025 को 12.30 बजे तक अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में अपने पंजीकरण प्रमाण पत्र/व्यापार कर के विभाग में पंजीकरण प्रमाण पत्र की छायाप्रति के तथा हैसियत प्रमाण पत्रों सहित नियमानुसार जमानत राशि के साथ/एफडीआर आदि संलग्न करते हुए अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा कर सकते है। निविदाएं स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को निहित होगा। निविदाएं ग्राम पंचायत मुख्यालय पर दिनांक 26.08.2025 की अपरान्ह 3.30 बजे खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य तथा स्थल का नाम | सामग्री का विवरण | कार्य की ल० मी० में | अनुमानित लागत लागत ( रू. लाख में ) | निविदा मूल्य | जमानत धनराशि | कार्य पूर्ण कराने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | शाहिद के घर से जाहिद के घर तक नाली/इंटरलॉकिंग कार्य। | ईंट, सीमेंट, रोड़ा आदि। | 37 मी0 | 141269/- | 500 | 2% | 9 माह |
| 2 | नाजिम के घर से यासीन के घर तक नाली/टाईल्स निर्माण कार्य। | ,, | 36 मी0 | 169541/- | 500 | 2% | 9 माह |
| 3 | आलिम के घर से मैन रोड तक नाली/टाईल्स निर्माण कार्य। | ,, | 60 मी0 | 122089/- | 500 | 2% | 9 माह |

**प्रतिबंध/शर्तें**:-1. उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म जी.एस.टी. नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा। 2. इस निविदा को बिना बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास होगा, सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी।

**सचिव/ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत अटरिया**
**विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा, मुरादाबाद**

## किसान यूनियन ने ट्रैक्टर यात्रा निकाल कर उपजिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**कांठ।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत के तत्वाधान में आज किसान नेता चौधरी ऋषिपाल सिंह के नेतृत्व से ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ मंडी समिति से हुआ और ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा विभिन्न मार्गो से होती हुई तहसील पहुंची जहां पर राष्ट्रपति को प्रेषित ज्ञापन एसडीएम को दिया गया ज्ञापन के माध्यम से भारतीय किसान यूनियन ने किसानों के साथ हो रहे अत्याचार और उत्पीड़न का जिक्र किया उन्होंने कहा कि अमेरिका द्वारा जो निर्यात पर कर लगाए गए हैं इससे किसानों के सामने और बड़ा संकट होने जा रहा है। ज्ञापन में किसानो के विभिन्न मुद्दों को लेकर उनके समाधान की मांग की गई कहा कि बिजली विभाग निरंतर बिजली के दामों में इजाफा करता चला जा रहा है और इससे किसान और ग्रामीणों की कमर टूट रही है। ज्ञापन के माध्यम से ग्रामीण और किसानों के साथ हो रहे उत्पीड़न का भी भारतीय किसान यूनियन द्वारा खुलासा किया गया इस मौके पर चौधरी ऋषिपाल सिंह हरदीप सिंह दर्शन सिंह राम कला सिंह जॉनी सतवीर सिंह मान साहित् काफी संख्या में ट्रैक्टर और किसान मौजूद रहे। इसके बाद में किसान भवन से ट्रैक्टर यात्रा विभिन्न गांव में निकाली गई।

## हाईवे पर सांकेतिक धरना देकर राष्ट्रपति के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**बिलारी।** एमएसपी लागू किए जाने, स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट लागू किए जाने, गन्ने का संपूर्ण भुगतान किए जाने, यूरिया खाद मिलने में हो रही परेशानी, विद्युत विभाग द्वारा किसानों की समस्याओं को समय से हल न किया जाने आदि मांगों को लेकर भाकियू टिकैत के तहसील अध्यक्ष रनवीर सिंह यादव की देखरेख में सौ ट्रैक्टर, बारह मोटरसाइकिल चार पहिया वाहन से किसानों द्वारा मोहम्मद इब्रा. हिमपुर स्थित टोल प्लाजा पर एकत्रित होकर तिरंगा और संगठन का झंडा लगाकर ट्रैक्टर मार्च करते हुए सहसपुर पुलिस चौकी के सामने से होते हुए रुस्तम नगर सहसपुर, ब्लॉक के सामने से होते हुए गांधी मूर्ति चौराहा, रोडवेज बस स्टैंड महाराणा प्रताप चौक होते हुए तहसील बिलारी पहुंचकर तहसील बिलारी कार्यालय के सामने हाईवे पर बैठकर आंशिक रूप धरना प्रदर्शन एवं नारेबाजी कर एक ज्ञापन राष्ट्रपति को संबोधित करते हुए उपजिलाधिकारी विनय कुमार सिंह को दिया गया। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष मनोज चौधरी, ब्लॉक अध्यक्ष कुंदरकी प्रेमपाल सिंह, जयवीर सिंह जिला प्रवक्ता,ब्लॉक अध्यक्ष बिलारी माजिद हुसैन, कोषाध्यक्ष कुंद. रकी रागिब चौधरी, देवेंद्र सिंह तहसील महासचिव, राहुल चौधरी तहसील उपाध्यक्ष बिलारी, राजकुमार यादव तहसील उपाध्यक्ष बिलारी, अरुण कुमार नगर सचिव बिलारी,अब्दुल मलिक प्रधान ढकिया जुम्मा, रविंद्र चौधरी प्रधान खड़व्वा, मोहम्मद रईस अहमद, अमित कुमार, सुमित शर्मा, शिशुपाल सिंह, रामपाल सिंह, कुलदीप सिंह, रामनिवास कश्यप, गणेशी, रफीक ओमपाल आदि सम्मिलित रहे।

## आईएफटीएम में 'अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस' के अवसर पर आयोजित हुई क्विज प्रतियोगिता



**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज एंड इंजीनियरिंग की ओर से "अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस" के अवसर पर युवाओं की सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक चुनौतियों को उजागर करने और उनकी भागीदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया व कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं। उन्होंने युवाओं के मुद्दों पर जागरूकता फैलाने की आवश्यकता पर जोर देते हुए शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य और सामाजिक चुनौतियों के समाधान पर अपने विचार रखे। साथ ही उन्होंने नीति निर्धारण और विकास कार्यों में युवाओं की सक्रिय भागीदारी को भी जरूरी बताया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में कुल 51 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया, कार्यक्रम के सह अध्यक्ष व एग्रीकल्चरल साइंस एण्ड एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. रमेश पाल ने कहा कि आज के तकनीकी युग में हम डिजिटल प्लेटफॉर्म, विज्ञान और शोध के जरिए आसानी के साथ दुनियां से जुडकर ज्ञान अर्जित कर सकते हैं तथा अपने विचारों को वैश्विक स्तर पर पहुंचा सकते हैं। साथ ही उन्होंने यह सलाह भी दी कि ऐसा करते समय हमें यह भी ध्यान रखना होगा कि हमारे संस्कार, हमारी संस्कृति और हमारे नैतिक मूल्य हमारी पहचान हैं तथा उनका संरक्षण भी उतना ही जरूरी है। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के सफल आयोजन में कार्यक्रम के संयोजक डॉ. राम आशीष तथा सह-संयोजक डॉ. विशाल समेत आयोजन समिति के सभी सदस्यों एवं समस्त संकाय सदस्यों का सहयोग रहा।

## स्कूल-कॉलेजों में जगह-जगह हुआ तिरंगा यात्रा का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** सरकार की मंशा के अनुरूप हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत आज क्षेत्र के स्कूल और कॉलेज में अलग-अलग तिरंगा यात्रा निकाली गई और लोगों को देश प्रेम का संदेश दिया गया। प्राथमिक विद्यालय चेत. रामपुर के बच्चो और शिक्षकों के द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई जिसमे विद्यालय के सभी छात्र हाथो में तिरंगा लेकर व देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत होकर शामिल हुए । प्रभात फेरी "भारत माता की जय" और "वंदे मातरम" के जयघोष के साथ आरम्भ हुई और पूरे गाँव में घूमते हुए वापस स्कूल पहुँची । स्कूल के प्रधानाध्यापक व उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ संबंध अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ छजलेट के ब्लॉक अध्यक्ष वीरेंद्र चौधरी ने कहा कि "हर घर तिरंगा अभियान" केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि भारत के प्रत्येक नागरिक के हृदय में देश के प्रति गर्व, एकता और समर्पण की भावना का उत्सव है। बेसिक शिक्षा विभाग ने इस संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया है। इसी मुहिम के तहत बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों के शिक्षकों और बच्चों के द्वारा घर घर तिरंगा प्रभातफेरी के साथ अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।




प्रभात फेरी के सफल आयोजन में शिक्षिकाओं सुर्यलता, अनीता बचन ,पारुल मेहरोत्रा, ममता रानी का विशेष सहयोग रहा ।दूसरी और महर्षि दयानन्द इण्टर कॉलेज पट्टी मौढा कांठ में प्रधानाचार्य मदन सिंह के दिशा निर्देशन में हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत एक विशाल तिरंगा रैली का आयोजन किया गया तिरंगा रैली में राष्ट्रीय सेवा योजना के सभी स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया हाथों में तिरंगा लिए स्वयंसेवकों ने भारत माता की जय,वंदे मातरम, और अमर शहीदों के जयकारों से तिरंगा रैली को जोश से भर दिया इसी के साथ स्वयंसेवकों ने तिरंगा रैली के माध्यम से नगर वासियों को हर घर तिरंगा कार्यक्रम को सफल बनाने का संदेश दिया।

तिरंगा रैली के समापन पर विद्यालय के प्रधानाचार्य मदन सिंह ने सभी छात्र-छात्राओं को महात्मा गांधी, अशफाक उल्ला खा, भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, एवं सभी स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के पराक्रम की गाथाओं को सुनाया उन्होंने कहा कि वह पराक्रमी वीर जिन्होंने देश की आजादी के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए उन महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेकर हम सभी को उन्हें अपना आदर्श मानकर देश हित के लिए कार्य करना चाहिए। रैली को सफल बनाने में विद्यालय के प्रधानाचार्य मदन सिंह राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी पदम सिंह, ऊषा सिंह, जितेन्द्र कुमार, गजेन्द्र प्रताप सिंह राणा, दिनेश कुमार शर्मा, नरपाल सिंह, निशिकांत पाठक, दीपक सिंह, सुंदर सिंह आदि शिक्षकों के साथ-साथ राष्ट्रीय सेवा योजना के सभी स्वयंसेवकों का विशेष योगदान रहा। उधर प्राथमिक विद्यालय किरतपुरी में तिरंगा यात्रा निकाली गई जिसमें प्राथमिक विद्यालय किरतपुरी के समस्त स्टाफ ने प्रतिभाग किया एवं लोगों को देश की आजादी का महत्व बताया प्रधानाध्यापक दमन चौहान ने सभी ग्राम वासियों से अपील करके कहा कि सभी अपने-अपने आवासों पर तिरंगा लगाये।

## आईएफटीएम में 'हर घर तिरंगा' रैली का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के निर्देशों के अनुपालन में आजादी का अमृत महोत्सव व 'हर घर तिरंगा अभियान-2025' के अंतर्गत राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान और राष्ट्र प्रेम की भावना को सशक्त बनाने की दृष्टि से 'हर घर तिरंगा' रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ प्रशासनिक भवन से कुलपति प्रो. महेन्द्र प्रसाद पाण्डेय ने किया।

इस अवसर पर कुलपति प्रो. पाण्डेय ने कहा कि 'तिरंगा झंडा' एकता, अखंडता, स्वाभिमान और सभी भारतवासियों का गौरव होने के साथ ही यह हम सभी को एकता की कड़ी में पिरोने का भी संदेश देता है। प्रो. पाण्डेय ने यह भी कहा कि तिरंगा हमें उन वीरों के बलिदान की याद दिलाता है, जिन्होंने स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। साथ ही उन्होंने विश्वविद्यालय परिवार के इस राष्ट्रप्रेम से ओत-प्रोत आयोजन की सराहना की और सभी से आग्रह किया कि वे राष्ट्रध्वज का सम्मान करें और आने वाली पीढ़ियों को भी इसके महत्व से अवगत कराएं।



कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल के साथ में प्रतिकुलपति- एकेडमिक्स एंड एडमिनिस्ट्रेशन डॉ. वैभव त्रिवेदी, प्रतिकुलपति- रिसर्च एंड डेवलपमेंट डॉ. नवनीत वर्मा, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अरुण कुमार मिश्रा, चीफ प्रॉक्टर डॉ. हरप्रीत सिंह, अधिकारीगण, निदेशकगण, विभागाध्यक्ष, शिक्षण एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारीगण और एनएसएस इकाई के स्वयंसेवक विद्यार्थियों समेत 250 से अधिक छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक हाथ में तिरंगा लेकर रैली निकाली। इस दौरान प्रतिभागियों ने हाथों में तिरंगा थामे देशभक्ति के नारे भी लगाए और विश्वविद्यालय परिसर में जनजागरूकता का संदेश दिया।इस मौके पर कुलसचिव डॉ. अग्रवाल ने बताया कि प्रत्येक नागरिक को अपने घर पर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित करने तथा देशभक्ति, एकता और सम्मान की भावना को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से इस रैली का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि 'हर घर तिरंगा' अभियान अपने राष्ट्र के प्रति गर्व और जिम्मेदारी की भावना को और गहरा करता है। एनएसएस समन्वयक प्रो. बी.के. सिंह ने प्रतिभागियों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की रैलियां युवाओं में देशभक्ति की भावना को सशक्त करती हैं और राष्ट्रीय एकता को मजबूती प्रदान करती हैं, इसलिए सभी सम्मान के साथ अपने-अपने घरों पर तिरंगा झंडा अवश्य लगाएं। रैली के सफल आयोजन में डॉ. अशोक कुमार, श्री विपिन कुमार सिंह, श्रीमती रुचि चौधरी, श्री दीपक शर्मा श्री जुगपाल सिंह एवं लक्ष्य सिंह का विशेष योगदान रहा।

## स्वतंत्रता दिवस से पूर्व हर घर तिरंगा व स्वच्छता अभियान कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** नगर के सैमरटोला स्थित राजेश कुमार पब्लिक स्कूल में स्वतंत्रता दिवस से पूर्व बुधवार को कैरियर यूटिलिटी सर्विस प्राइवेट लिमिटेड के तत्वावधान में हर घर तिरंगा-हर घर स्वच्छता अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में परियोजना प्रभारी रवि प्रताप सिंह, एसएफसी सुनील कुमार, सफाई निरीक्षक प्रियंका सिंह, प्रभाकर वार्ष्णेय, राजू, अवनेश कुमार, प्रमोद कुमार सहित नगरपालिका के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

परियोजना प्रभारी रवि प्रताप सिंह ने विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं से अपील की कि वे 15 अगस्त के अवसर पर अपने-अपने घरों पर तिरंगा अवश्य फहराएं। उन्होंने कहा कि भारतीय ध्वज हमारी भारतीयता, एकता और सम्मान का प्रतीक है, जिसे हर नागरिक को सम्मान देना चाहिए। साथ ही उन्होंने हर घर स्वच्छता अभियान के महत्व पर भी प्रकाश डालते हुए छात्रों को घर और आस-पास के क्षेत्रों को साफ-सुथरा रखने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में छात्राओं ने आकर्षक रंगोली बनाकर देशभक्ति का संदेश दिया। रंगोली में राष्ट्रीय ध्वज के साथ खूबसूरत मयूर आकृति को भी उकेरा गया।

रंगोली निर्माण में गायत्री, रिया, राधिका, दीक्षा, एंजिल, याचिका, प्रिया, कनिष्का, सोनी और शशि सहित कई छात्राओं का विशेष योगदान रहा। विद्यालय प्रबंधन और नगरपालिका टीम ने इस पहल को सराहते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम न केवल राष्ट्रीय पर्वों के प्रति उत्साह बढ़ाते हैं, बल्कि विद्यार्थियों में जिम्मेदारी और सामाजिक जागरूकता की भावना भी विकसित करते हैं।

## अपने लिवर की रक्षा करें: लिवर क्षति के शुरुआती संकेतों को पहचानें

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** दक्षिण एशिया, विशेष रूप से भारत, जहां मधुमेह के मामले सबसे अधिक हैं, में लिवर स्वास्थ्य एक बड़ी चिंता बन गया है। मोटापे की बढ़ती दरों के साथ, लिवर की देखभाल पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। मानव शरीर का सबसे बड़ा ठोस अंग, लिवर, शरीर के वजन का 1-2% हिस्सा बनाता है और यह डिटॉक्सिफिकेशन, मेटाबोलिज्म, संक्रमण से रक्षा और पाचन जैसी प्रक्रियाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। लिवर की अद्वितीय पुनर्जीवित करने की क्षमता इसे खास बनाती है, लेकिन यही गुण कई बार क्षति के संकेतों को तब तक छुपा देता है जब तक कि स्थिति गंभीर न हो जाए। लिवर की ष्शॉक एब्जॉर्बरष् की विशेषता इसे भारी दबाव झेलने में सक्षम बनाती है, लेकिन शुरुआती लक्षण तुरंत दिखाई नहीं देते। थकान, भूख में कमी, अपच, या पैरों में



सूजन जैसे शुरुआती संकेत अक्सर अनदेखे रह जाते हैं। दुर्भाग्यवश, ये सूक्ष्म लक्षण धीरे-धीरे पीलिया, पेट में सूजन, बेहोशी, या खून की उल्टी जैसे गंभीर लक्षणों में बदल सकते हैं। ऐसे में, लिवर की क्षति पहले ही काफी बढ़ चुकी होती है। मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, वैशाली के लिवर ट्रांसप्लांट और बिलियरी साइंसेज विभाग के एसोसिएट डायरेक्टर, डॉ. राजेश डे ने बताया कि "लिवर रोग का खतरा कुछ विशेष समूहों में अधिक पाया जाता है, जिनमें अत्यधिक शराब (जिसमें बीयर भी शामिल है) का सेवन करने वाले, मधुमेह और मोटापे से ग्रस्त व्यक्ति, तथा क्रॉनिक हेपेटाइटिस बी या सी संक्रमण से पीड़ित लोग शामिल हैं। एक हालिया अमेरिकी अध्ययन के अनुसार, मधुमेह क्लीनिक में आए लगभग 30% मरीजों में ब्लड टेस्ट और एलास्टोग्राफी (एक विशेष अल्ट्रासाउंड तकनीक) के जरिए लिवर की कठोरता के संकेत मिले हैं, जो लिवर क्षति की ओर इशारा करते हैं।" डॉ. राजेश ने आगे बताया कि "लिवर स्वास्थ्य बनाए रखने के लिए सक्रिय दृष्टिकोण आवश्यक है, जिसमें शराब का सेवन सीमित करना या छोड़ना, मधुमेह को नियंत्रित करना, स्वस्थ वजन बनाए रखना, और हेपेटाइटिस बी का टीका लगवाना शामिल है। संतुलित आहार, जिसमें फल, सब्जियां, और साबुत अनाज हों, और प्रसंस्कृत व तैलीय खाद्य पदार्थों से परहेज, लिवर को स्वस्थ रखने में सहायक है। शुरुआती पहचान और जीवनशैली में बदलाव लिवर क्षति के जोखिम को कम करने के साथ गंभीर जटिलताओं को रोक सकते हैं, जिससे व्यक्ति लंबे और स्वस्थ जीवन का आनंद ले सकते हैं।"

लिवर क्षति की शुरुआती पहचान और रोकथाम के लिए जागरूकता और नियमित जांच आवश्यक हैं। उच्च जोखिम वाले व्यक्तियों को प्लेटलेट काउंट, लिवर फंक्शन टेस्ट और प्रोट्रोम्बिन टाइम जैसे रक्त परीक्षण कराते रहना चाहिए। ये परीक्षण एलास्टोग्राफी के साथ मिलकर लिवर क्षति का समय पर पता लगाकर उचित इलाज शुरू करने में मदद कर सकते हैं, जिससे अपरिवर्तनीय क्षति से बचा जा सकता है।

## गोकुलदास में हर घर तिरंगा अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** गोकुलदास हिंदू गर्ल्स कॉलेज में राजभवन के आदेश के अनुपालन में गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय के कुलपति के निर्देशानुसार प्राचार्य, प्रोफेसर चारू मेहरोत्रा के निर्देशन में हर घर तिरंगा अभियान के तहत देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्या प्रोफेसर चारू मेहरोत्रा, समन्वयक सांस्कृतिक समिति, गुरु जंभेश्वर विश्व विद्यालय में अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि हर घर तिरंगा अभियान हमारे देश के गौरव, एकता और सम्मान का प्रतीक है। तिरंगे की शान में लहराता हर घर तिरंगा देश भक्ति की भावना को जगाता है।यह दिन हमें हमारे स्वतंत्रता सेनानियों के अदम्य साहस, त्याग और



बलिदान की याद दिलाता है। हमारा तिरंगा केवल एक ध्वज ही नहीं बल्कि हमारी एकता, विविधता और गर्व का प्रतीक है। हम सभी का कर्तव्य है कि हम शिक्षा,अनुशासन और राष्ट्र प्रेम के मार्ग पर चलकर देश की प्रगति में अपना योगदान दें। उन्होंने कहा कि हम सब यह संकल्प लेते हैं कि हम अपने देश को स्वच्छ, सशक्त और विकसित भारत बनाने में अपना सर्वोत्तम प्रयास करेंगे। इस प्रतियोगिता में छात्राओं ने देश की सीमाओं पर तैनात वीर जवानों के लिए प्रेम, सम्मान और देशभक्ति से ओतप्रोत सुंदर राखियां तैयार की। इन राखियों में भावनाओं और कलात्मकता का अद्भुत संगम दिखाई दिया। राखी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान गुलशन जहां, द्वितीय स्थान छवि रस्तोगी और तृतीय स्थान इफरा नूर का रहा। निर्णायक मंडल में प्रोफेसर अपर्णा जोशी और प्रोफेसर किरण त्रिपाठी रहे। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर चारू मेहरोत्रा ने छात्रों द्वारा बनाई गई राखियों की सराहना की।कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर मीनाक्षी शर्मा जी ने किया। प्रोफेसर सुदेश कुमारी, प्रोफेसर करुणा आनंद, प्रोफेसर प्रवीण सैनी ने सहयोग किया। इस अवसर पर प्रोफेसर किरण साहू, प्रोफेसर सीमा अग्रवाल, प्रोफेसर सुधा सिंह, प्रोफेसर वंदना पांडे, डॉ शेफाली अग्रवाल, डॉक्टर प्रज्ञा मित्तल, डॉक्टर शिवानी गुप्ता, डॉक्टर सुनीति लता, श्रीमती नमिता शर्मा, तबस्सुम, कुमारी यशिका सैनी सहित सभी शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में छात्राएं आपको उपस्थिति रही।

## जारई रोड पर स्कूल की जमीन पर होने लगा अवैध अतिक्रमण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** जारई रोड पर कबाड़ का काम करने वालों ने अवैध रूप से कब्जा जमाकर यातायात और स्वच्छता व्यवस्था बिगाड़ दी है। पहले यहां दो विद्यालय: एक प्राथमिक और दूसरा जूनियर हाईस्कूल, का संचालन होता था। दोनों स्कूलों की इमारतें जर्जर हो जाने पर विद्यार्थियों का नामांकन अन्य विद्यालयों में करा दिया गया। इसके बाद पुरानी बिल्डिंग को ध्वस्त किया गया। स्थानीय लोगों के अनुसार, इमारत हटने के बाद खाली पड़ी जमीन पर धीरे-धीरे अस्थायी अतिक्रमण शुरू हो गया। आस-पास के दुकानदारों ने यहां कबाड़ का सामान रख लिया, जिससे सड़क का रास्ता संकरा हो गया है। विशेष रूप से 35बी रेलवे फाटक पर जाम की स्थिति गंभीर हो जाती है। भारी वाहन गुजरने पर समस्या और बढ़ जाती है। थ्रेसर, ट्रैक्टर-ट्रॉलियां खड़ी होने के कारण अक्सर स्कूली बच्चे घायल हो जाते हैं।

सीकरी गेट पर पहुंचते ही सड़क के दोनों ओर फैला कबाड़ स्पष्ट दिखाई देता है, जो न केवल यातायात बाधित करता है बल्कि आसपास गंदगी भी फैला रहा है। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द इस अवैध कब्जे और कबाड़ हटाकर सड़क को पूरी चौड़ाई में उपयोग के लायक बनाया जाए जाम और दुर्घटनाओं की समस्या से मुक्ति मिल सके।

### एक नजर

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की समीक्षा बैठक आहूत

**मुरादाबाद।** जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की समीक्षा बैठक आहूत की गयी। जिलाधिकारी ने समीक्षा बैठक में संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि अपने क्षेत्र में शीघ्र ही उपभोक्ताओं के पंजीकरण की कार्यवाही पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने विद्युत विभाग के समस्त अधिशासी अभियन्ताओं को निर्देश दिए कि नेट मीटरिंग का कार्य शीघ्र पूर्ण कर लिया जाये। उन्होंने समस्त वेण्डर्स को प्राप्त हो चुके आवेदन के अनुरुप संयत्र स्थापित करने हेतु निर्देशित किया। एलडीएम को निर्देशित किया कि आवेदकों को बैंक से ऋण उपलब्ध कराने में आ रही समस्याओं का निवारण कराया जाये। जिलाधिकारी ने वेण्डर्स के पास उपलब्ध आवेदकों की सूची परियोजना अधिकारी यूपी नेडा मुरादाबाद को उपलब्ध कराकर मानीटरिंग के निर्देश दिए। बैठक में अपर नगर आयुक्त, जिला विकास अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, बेसिक शिक्षा अधिकारी, एलडीएम, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका/नगर पंचायत, समस्त खण्ड विकास अधिकारी, समस्त अधिशासी अभियन्ता विद्युत, पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से संबंधित वेण्डर उपस्थित रहें।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में संचालित मध्यस्थता केन्द्र में मध्यस्थों का होगा चयन

**मुरादाबाद।** अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के पत्र दिनांक 30 जुलाई 2025 के द्वारा मध्यस्थता की व्यवस्था सुदृढ़ बनाये जाने व न्यायालय में लम्बित विभिन्न प्रकार के वादों के शीघ्र निस्तारण के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ए0डी0आर0 भवन दीवानी न्यायालय परिसर में संचालित मध्यस्थता केन्द्र में मध्यस्थों का एक पैनल तैयार/चयन करना है। जिसके लिए निर्धारित अर्हता रखने वाले इच्छुक व्यक्ति/अधिवक्ता /सेवानिवृत्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश /अपर जिला सत्र न्यायाधीश आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए अन्तिम तिथि 19 अगस्त 2025 निर्धारित है। उन्होंने बताया कि ऐसे अधिवक्ता जिनके पास न्यायालय में कम से कम 10 वर्ष का अनुभव हो। सेवानिवृत्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ऐसे वृत्तिक/ विशेषज्ञ जिसके पास अपने-अपने क्षेत्रों में कम से कम 15 वर्ष का अनुभव हो और जो विधि के क्षेत्र से सुपरिचित हों। उन्होंने बताया कि चयनित आवेदक की नियुक्ति मध्यस्थ पैनल बनाये जाने के दिनांक से 03 वर्ष के लिए होगी। आवेदक को न्यायालय द्वारा किसी आपराधिक मामले में दण्डित न किया गया हो। आवेदक आवेदन पत्र के साथ एक स्वपतायुक्त लिफाफा पंजीकृत डाक हेतु निर्धारित टिकट लगाकर प्रस्तुत करें। आवेदन पत्र के साथ समस्त शैक्षिक अभिलेखों व प्रमाण पत्र तथा अन्य आवश्यक अभिलेखों की स्वप्रमाणित छायाप्रतियों एवं पासपोर्ट साइज की 01 फोटो, आधार कार्ड की छायाप्रति, स्थायी निवास प्रमाण-पत्र अनिवार्य रुप से सलंग्न करें। आवेदन का प्रारुप जनपद न्यायालय की वेबसाइट ऑप्शन पर क्लिक करके डाउनलोड किया जा सकता हे।

## जिले के पते पर पंजीकृत तीन राजनीतिक दलों को कारण बताओ नोटिस जारी

**मुरादाबाद।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 29ए के प्राविधानों के अंतर्गत उत्तर प्रदेश राज्य के 121 पंजीकृत राजनैतिक दलों द्वारा वर्ष 2019 से वर्ष 2024 (06 वर्षों) के मध्य में आयोग द्वारा आयोजित किसी भी निर्वाचन में भाग न लेने वाले दलों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उ०प्र० को दिए गए हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा इन राजनैतिक दलों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। इन 121 राजनैतिक दलों में जनपद मुरादाबाद की वार्ड नंबर 45 मोहल्ला बलदेवपुरी के पते से दर्ज राष्ट्रीय कांग्रेस (बाबू जगजीवनराम), मोहल्ला पतेगंज, पोस्ट कांठ के पते पर दर्ज राष्ट्रीय किसान समाज पार्टी (यूनाइटेड), हाउस नंबर 248, सिहोरा गोविंद (गोविंद नगर), पोस्ट एवं थाना कटघर के पते से दर्ज यूथ सोशलिस्ट पार्टी शामिल है। जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अनुज सिंह ने बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी कारण बताओ नोटिस के सम्बंध में दल के अध्यक्ष/महासचिव अपना प्रत्यावेदन, शपथ पत्र एवं सुसंगत अभिलेखों सहित 21 अगस्त, 2025 तक मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उ०प्र०, के कार्यालय चतुर्थ तल, विकास भवन, जनपथ मार्केट, लखनऊ-226001 को प्राप्त करा सकते हैं एवं सुनवाई हेतु नियत तिथियों 02 एवं 03 सितम्बर, 2025 को मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उ०प्र० के समक्ष कार्यालय समय में उपस्थित होकर व्यक्तिगत रूप से अपना पक्ष रख सकते हैं। उन्होंने बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार यदि संबंधित दल की ओर से कारण बताओ नोटिस के सम्बन्ध में निर्धारित तिथि के भीतर प्रत्यावेदन उपलब्ध नहीं कराया जाता है, तो यह माना जायेगा कि राजनैतिक दल को इस मामले में कुछ नहीं कहना है और संबंधित दल को राजनैतिक दलों की सूची से हटाये जाने के सम्बंध में मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उ०प्र० की ओर से संस्तुति सहित प्रस्ताव भारत निर्वाचन आयोग को प्रेषित कर दिया जायेगा। आयोग द्वारा चिन्हित राजनैतिक दलों को मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया गया है, जो दल के पंजीकृत पते पर रजिस्टर्ड डाक द्वारा भेजा गया है। इन राजनैतिक दलों की सूची भारत निर्वाचन आयोग तथा मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उ०प्र० की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

## कला प्रतियोगिता की तैयारियों को लेकर श्रीनारायण सेवा समिति की बैठक



**चन्दौसी।** श्रीनारायण सेवा समिति चन्दौसी बुधवार को बैठक का आयोजन किया गया जिसमें आगामी रविवार को आयोजित होने वाली कला प्रतियोगिता के संबंध में गहन विचार विमर्श हुआ और नगर के तीनों परीक्षा केंद्रों हनुमानगढ़ी, चंदौसी पब्लिक स्कूल एवं सेंट थॉमस पब्लिक स्कूल पर व्यवस्था को दुरुस्त बनाने के लिए संस्था के पदाधिकरियों एवं सदस्यों को जिम्मेदारियां सौंपी गई और कार्य विभाजन किया गया। अध्यक्ष सुभाष वार्ष्णेय भोलेनाथ ने कहा कि कला प्रतियोगिता के दिन हम सबको अपने जिम्मेदारी के हिसाब से प्रातः 8:30 बजे परीक्षा केंद्र पर पहुंच जाना चाहिए। प्रबंधक हरीश कठेरिया ने बताया कि हर केंद्र पर कक्ष निरीक्षकों के साथ एक पर्यवेक्षक आवश्यक है।

इस दौरान जिम्मेदारी के रूप में दृगपाल को पर्यवेक्षक, कृष्ण गोपाल मंगलम् तथा के. जी. गुप्ता को प्रविष्टि फॉर्म व सूची संग्राहक, डॉ. जयशंकर दुबे व विपिन गुप्ता को आर्ट शीट वितरण व संग्रह, सुभाष वार्ष्णेय एवं विपिन गुप्ता को सर्व व्यवस्था प्रमुख और विपिन कुमार बालाजी को निरीक्षण का दायित्व सौंपा गया। साथ ही यह तय किया गया कि किसी भी प्रतिभागी को कार्य पूर्ण करके 10.30 बजे से पूर्व न छोड़ें और हरेक का पूरा ध्यान रखें।

## वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार

**चन्दौसी।** थाना चन्दौसी पुलिस टीम ने बुधवार को एक वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। पुलिस टीम ने मुक. दमा संख्या 714/25, धारा 323, 504, 506, 452 भादवि में वांछित अभियुक्त आशीष पुत्र चेतराम निवासी मोहल्ला लोधियान, थाना चन्दौसी, जनपद सम्भल को उसके आवास से दबिश देकर पकड़ा। गिरफ्तार करने वाली टीम में उ0नि0 अनुज चौहान एवं कांस्टेबल अंकित कुमार शामिल रहे। पुलिस के अनुसार, अभियुक्त लंबे समय से फरार चल रहा था और गिरफ्तारी से बचने की कोशिश कर रहा था। पुलिस ने उसे आवश्यक कार्यवाही हेतु न्यायालय के समक्ष पेश किया।

# सहकारी समिति पर यूरिया खाद के लिए मची अफरा-तफरी

**ठाकुरद्वारा।** ग्राम कालाझाण्डा। गोपीवाला स्थित सहकारी समिति पर मंगलवार सुबह यूरिया खाद वितरण के दौरान अफरा-तफरी मच गई। खाद आने की सूचना मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ समिति पर टूट पड़ी। सीमित स्टॉक के कारण किसानों के बीच धक्का-मुक्की और तीखी नोकझोंक होती रही। समिति की ओर से एक आधार कार्ड पर एक बोरी तथा जमीन की फर्द पर दो बोरियां यूरिया वितरित की जा रही हैं। लेकिन स्टॉक कम होने के चलते सुबह से लगी लंबी कतारें टूट गईं और कर्मचारियों के लिए व्यवस्था संभालना मुश्किल हो गया। किसानों का आरोप है कि समय पर पर्याप्त खाद उपलब्ध न होने से खरीफ फसल की बुवाई और खाद डालने का कार्य प्रभावित हो रहा है। कई किसान पिछले कई दिनों से समिति के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन हर बार खाली हाथ




लौटना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि तुरंत अतिरिक्त यूरिया खाद उपलब्ध कराई जाए, ताकि किसान समय से खेतों में खाद डाल सकें और फसल को नुकसान से बचाया जा सके। वही किसान नेता प्रीतम सिंह ने बताया कि सरकार की नीतियों और लापरवाही के कारण किसानों को खाद के लिए लाइन में खड़ा होना पड़ रहा है। ष्जब किसान को खेत में समय पर खाद न मिले तो फसल कैसे बचेगी? प्रशासन को तुरंत पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध कराना चाहिए, वरना हम आंदोलन को मजबूर होंगे।

# पीपल का विशाल वृक्ष गिरने से बाबा रामगिरि महाराज का समाधी स्थल क्षतिग्रस्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** नगर के प्राचीन धार्मिक स्थलों को भी नुकसान पहुंचाया। बीती रात हुई तेज बारिश के बीच प्राचीन श्री शिव मढ़ी मंदिर परिसर में स्थित बाबा रामगिरि महाराज के समाधि स्थल पर अचानक पीपल का विशाल वृक्ष जोरदार धमाके के साथ गिर पड़ा। हादसे में समाधि स्थल का एक हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घटना की सूचना मिलते ही श्री शिव मढ़ी मंदिर सेवा ट्रस्ट के सदस्य अतिन अग्रवाल, संजय सिंघल, आशीष अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, माधव सिंघल समेत कई श्रद्धालु मौके पर पहुंच गए। उन्होंने तुरंत वन विभाग और प्रशासन को सूचित किया।थोड़ी ही देर में वन विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर पहुंचे और समाधि पर गिरे वृक्ष के हिस्से को सावधानीपूर्वक काटकर अलग किया। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह पीपल का पेड़ दशकों पुराना था और



मंदिर परिसर की शोभा बढ़ाता था। बारिश के चलते जड़ें कमजोर होने से यह भारी पेड़ अचानक गिर गया।मंदिर सेवा ट्रस्ट ने बताया कि क्षतिग्रस्त हिस्से की जल्द मरम्मत कराई जाएगी और समाधि स्थल को पूर्व स्थिति में लाया जाएगा। हादसे के बाद बड़ी संख्या में श्रद्धालु बाबा रामगिरि महाराज के दर्शन करने और नुकसान का जायजा लेने मंदिर पहुंचे।

## एक नजर

### टिमिट-कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट में हुआ 'पेड़ लगाओ, पर्यावरण बचाओ' कार्यक्रम

**मुरादाबाद।** टिमिट - कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट ने सामुदायिक जुड़ाव कार्यक्रम (कम्यूनिटी इंगेजमेंट प्रोग्राम) के अंतर्गत "पेड़ लगाओ, पर्यावरण बचाओ" अभियान का सफल आयोजन किया। यह कार्यक्रम टिमिट परिसर में सुबह प्रारंभ हुआ, जिसमें बी.कॉम. के सभी विद्यार्थी सक्रिय रूप से शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों और समाज को पर्यावरण संरक्षण के महत्व के प्रति जागरूक करना तथा पौधारोपण के माध्यम से हरियाली को बढ़ावा देना था। इस अवसर पर छात्रों ने परिसर में विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए और यह संकल्प लिया कि वे इन पौधों की देखभाल करेंगे तथा दूसरों को भी पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित करेंगे। प्रो. विपिन जैन, डीन ने कहा कि "प्रकृति ने हमें जो अमूल्य संसाधन दिए हैं, उनका संरक्षण करना हम सबकी जिम्मेदारी है।

पेड़ केवल ऑक्सीजन ही नहीं देते, बल्कि धरती के तापमान को नियंत्रित करते हैं, जल चक्र को बनाए रखते हैं और असंख्य जीवों को जीवन प्रदान करते हैं। हमारे विद्यार्थियों द्वारा इस अभियान में जो उत्साह और समर्पण दिखाया गया, वह प्रशंसनीय है। मैं आशा करता हूँ कि यह पहल केवल एक दिन का कार्यक्रम न रहकर सभी के जीवन का हिस्सा बने और हम आने वाली पीढिय्यों के लिए एक स्वच्छ, हरा-भरा और सुरक्षित पर्यावरण बनाएं।"

### मदन स्वरूप इंटर कॉलेज हरियाना में राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र-छात्राओं द्वारा हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन

**कुंदरकी।** बुधवार को मदन स्वरूप इंटर कॉलेज हरियाना में राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र छात्राओं द्वारा हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन किया गया तथा हरियाना गांव में एक रैली का आयोजन किया गया इसमें कालेज प्रधानाचार्य अजय प्रकाश शर्मातथा कॉलेज स्टाफ आनंद कुमार वीरपाल सिंह सचिन सिंह डॉक्टर पुष्पेंद्र सिंह विनीत कुमार योगेश दुबे राहुल सिंह अमित कुमार बागेश्वर सिंह सविंदर सिंह दीपक जैन आदि मौजूद रहे कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी श्याम वीर सिंह द्वारा किया गया।

### किसानों ने रैली निकालकर बीडीओ के माध्यम से राष्ट्रपति को 11सूत्रीय ज्ञापन भेजा

**भोजपुर।** बहुराष्ट्रीय कंपनियों भारत छोड़ो, कॉरपोरेट खेती छोड़ो नारों की गूंज में भारतीय किसान यूनियन टिकैत के सर्मथक किसानों ने रामलीला मैदान में इकट्ठे होकर कस्बे में तिरंगा यात्रा निकालकर खंड विकास अधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को 11सूत्रीय ज्ञापन भेजा। जुलूस में हजारों की संख्या में किसानों ने भाग लिया। बुधवार को भारतीय किसान यूनियन टिकैत के समर्थक किसान हाथों में तिरंगे लिए भारी संख्या में ट्रैक्टरों पर सवार होकर नगराध्यक्ष हाजी जाकिर हुसैन के फतेहपुरी में रामलीला मैदान के निकट स्थित आवास पर एकत्रित हुए। यहां से किसान ट्रैक्टरों, कारों में सवार होकर जुलूस की शक्ल में बहुराष्ट्रीय कंपनियों भारत छोड़ो, कॉरपोरेट खेती छोड़ो के नारों की गूंज और देशप्रेम के गानों की धुन बजाते हुए हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक विद्यालय चोराहा,तारा विल्डिंग चौक,एक मिनार मस्जिद,झादेवाला, बड़ी मंडी मंडी,मैन बाजार, घासमंडी मंडी,बस स्टैंड होते हुए भगतपुर टांडा ब्लाक सभागार पहुंचकर खंड विकास अधिकारी भगतपुर टांडा अमर सिंह को किसानों की समस्याओं से संबंधित 11सूत्रीय ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में ट्रंप द्वारा भारत पर थोपे जा रहे 25% टैरिफ को देश की संप्रभुता पर हमला बताते हुए विरोध करने, राष्ट्रीय कृषि सरकारी नीति को किसान विरोधी बताते हुए समाप्त करने, फसलों की एमएसपी गारंटी और सरकारी खरीद सुनिश्चित करने, बिजली के निजीकरण का विरोध, समग्र कर्ज माफी और श्रमिकों व किसानों को बिना ब्याज के कर्ज देने, पंजाब सरकार की लैंड पूलिंग नीति का विरोध और लार अधिनियम सख्ती से लागू करने, वृद्धावस्था, विकलांग एवं विधवा पेंशन दस हजार प्रति लाभार्थी करने,दस वर्ष पुराने ट्रैक आदि मांगे रही।

### हाजी उस्मान ने ऊर्जा मंत्री से मिलकर उमरी कलां के लिए मांगा बिजलीघर



**कांठ।** नगर पंचायत अध्यक्ष उमरी कलाँ हाजी उस्मान अली ने आज लखनऊ में उत्तर प्रदेश सरकार के नगर विकास और ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा से उनके विधानसभा स्थित ऑफिस पर मुलाकात की। मुलाकघत के दौरान उन्होंने उमरी कलाँ के लिए एक बिजली घर और नगर विकास मंत्रालय की अलग अलग योजनाओं के तहत विकास के लिए विशेष फंड का आग्रह किया। मंत्री जी ने हाजी उस्मान को उनकी मांग पूरी करने का भरोसा दिलाया। इस मोके पर चेयरमैन अगवानपुर गुलरेज खान, मशकूर खघन सलेमपुर और रमीज रईस भी मौजूद रहें

### रोटरी क्लब साहिबाबाद ने कियाबुजुर्ग आश्रम में राशन प्रदान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** रोटरी क्लब साहिबाबाद द्वारा समाज सेवा की एक और पहल के अंतर्गत आज दिनांक 13 अगस्त 2025 को पंच आस सेवार्थ समिति, पास सोसायटी, बुजुर्ग आश्रम, निकट सिटी फॉरेस्ट करहेड़ा गाजियाबाद में आयोजित कार्यक्रम में आश्रम की मांग पर वृद्ध आश्रम में रह रहे निराश्रित वृद्धजनों के लिए दो माह का राशन जिसमें मुख्य रूप से आटा, चावल, दालें, रिफाइंड तेल, सरसों का तेल, देसी घी, पोहा, सूजी बेसन, दलिया, ओट्स, मैगी, चीनी,चाय पत्ती, बिस्कुट, रस्क, सभी तरह के मसाले, नहाने व कपड़े धोने के साबुन, सर्फ, शैंपू, हार्पिक, फिनायल, वाइपर, डस्टर एवं वस्त्र इत्यादि प्रदान किए गए स कार्यक्रम में रोटरी क्लब साहिबाबाद के अध्यक्ष शलभ अग्रवाल, सचिव आर. पी. महेश्वरी, कोषाध्यक्ष विभा सिंह, क्लब सदस्य गण रश्मि महेश्वरी, तरु अग्रवाल, पुष्पेंद्र कुमार एवं वीरेंद्र सिंह, के साथ-साथ बुजुर्ग आश्रम के संचालक श्री विजय सिंह एवं आश्रम का स्टाफ तथा आश्रम में रह रहे वृद्धजन उपस्थित रहे। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि रोटरी क्लब साहिबाबाद द्वारा पिछले सप्ताह भी एक अन्य वृद्ध आश्रम में एक माह का राशन उपलब्ध कराया गया था।

### हरि कथा के दौरान किया नशे की प्रवृत्ति से बचने का आह्वान

**कांठ।** विश्नोई मंदिर में संचालित हरि कथा के चतुर्थ दिवस में कथा वाचक रामेश्वर नंद महाराज ने नशे को त्यागने का आह्वान किया कहा कि जीवन में नशा नहीं करना चाहिए नशा हमारे जीवन को नष्ट कर देता है। हमें बर्बाद कर देता है और शारीरिक मान.सिक और व्यवहारिक रूप से बिल्कुल खत्म कर देता है। कथा का कृष्णानंद जी ऋषिकेश, प्रणवानंद जी हरिद्वार, कुबर सुरेंद्र सिंह दिलावर सिंह सीपी सिंह मास्टर धर्मपाल सिंह धर्मवीर सिंह अजय वीर सिंह मास्टर ऋषिराज सिंह शाहिद बड़ी संख्या में महिला और पुरुषों ने श्रवण किया। कथा का संचालन श्रीओम बिश्नोई ने किया।

### विज्ञान प्रदर्शनी में शिखा दक्ष प्रथम अलीशा खातून दूसरे स्थान पर

**बिलारी।** पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज, नगलिया जट में ब्लॉक स्तरीय विज्ञान संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसका विषय ष्क्वांटम युग का आरम्भ - संभावनाएं एवं चुनौतियांष रहा। जिसमें ब्लॉक बिलारी के विभिन्न विद्यालयों के छात्र- छात्राओं ने प्रतिभाग किया। जिसमें प्रथम स्थान डॉ देवेंद्र पाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज बिलारी की छात्रा शिखा दक्ष ने प्राप्त किया तथा द्वितीय स्थान शंकर सहाय हर सहाय इंटर की छात्रा अलीशा खातून ने प्राप्त किया। प्रधानाचार्य रघुपति देव एवं निर्णायक मंडल में शामिल पुष्पेंद्र कुमार, शादाब आलम, नितिन कुमार तथा अन्य शिक्षकों जिनमें अक्षय भटनागर, अर्जुन सिंह,सीमा रानी इत्यादि ने चयनित दोनों छात्रों को पुरुस्कृत किया तथा मंडल स्तर पर अच्छे प्रदर्शन करने हेतु अग्रिम शुभकामनाएं दीं।

हर्बल इम्यूनिटी बूस्टर
थकान, कमजोरी दूर करें, अनेक रोगो से बचाए
1980 से प्रसिद्ध
एनर्जिक-31
स्वास्थ्यवर्धक कैप्सूल
amazon पर भी उपलब्ध है
फोन नं0 0591-3554385 E-mail:energic31@gmail.com

# भाजपाइयों ने निकाली डीजे के साथ तिरंगा यात्रा में देशभक्ति के गीतों और भारत माता के जयकारों से गूंजा नगर

**ठाकुरद्वारा।** हर घर तिरंगा' अभियान के तहत नगर में भव्य तिरंगा रैली निकाली गई। तिरंगा यात्रा में शामिल होने के लिए बुधवार को भाजपा के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी ठाकुर अजय प्रताप सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता, भाजपा महिला मोर्चा समेत कई संगठनों के सदस्य चुन्नी लाल राइस मिल मैदान में एकत्र हुए। जहां से तिरंगा यात्रा का शुभारंभ भारत माता की जयकारों और तिरंगा लहराने के साथ हुआ। यात्रा में ठाकुर अजय प्रताप सिंह सहित भारी संख्या में भापजा कार्यकर्ता व महिला कार्यकर्ता डेढ़ सौ मीटर लंबा तिरंगा लेकर चल रहे थे। यात्रा के दौरान बीच-बीच में देशभक्ति गीत गूंजते रहे और शहीदों को नमन किया जाता रहा। तिरंगा यात्रा नगर के बाबू रामपाल सिंह द्वार, सरक.ारी अस्पताल रोड, तहसील मुख्यालय, कोतवाली रोड, बुध बाजार, शगुन तिराहा, बाजार गंज, पुरानी सब्जी मंडी, कदीर तिराहा, तिकोनिया पार्क, कमला.पुरी चौराहा होते हुए ब्लॉक परिसर में संपन्न हुई। यात्रा का हिन्दू समाज और मुस्लिम समाज के लोगों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस बल भी तैनात रहा।



यात्रा के दौरान ठाकुर अजय प्रताप सिंह ने कहा कि गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी तिरंगा यात्रा निर्धारित रास्तों से निक.ाली गई। उन्होने कहा कि ऐसे आयोजनों से जनमानस में देश प्रेम का संचार होता है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशा है कि 15 अगस्त तक हर घर पर तिरंगा फहराया जाए। पवन पुष्पद ने कहा कि तिरंगा राष्ट्र की एकता, अखंडता और शौर्य का प्रतीक है, जिसकी आन-बान-शान के लिए कोई समझौता नहीं होना चाहिए। मंडल उपाध्यक्ष डॉ. आफताब आलम हाशमी ने कहा कि 'हर घर तिरंगा' अभियान न केवल देशभक्ति का संदेश दिया है, बल्कि नई पीढ़ी के लिए दिलो में तिरंगा राष्ट्र की शान है कि जागरूकता पैदा की है। इस अवसर पर भाजपा वरिष्ठ कार्यकर्ता राकेश चौहान, गौरव चौहान, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह चौहान, मास्टर सत्यपाल सिंह चौहान, आचार्य गजेंद्र सिंह, ठाकुरद्वारा बार एसोसिएशन अध्यक्ष चौ0 योगेंद्र सिंह, जितेंद्र कुमार सिंह, डॉ. ओमपाल सैनी, दीपक वाल्मीकि, धर्मेंद्र कुमार पाल, पंकज सिंह, नागेंद्र लंबा, उदयवीर सिंह, अखिलेश बिश्नोई, अमन सम्राट, संजीव कुमार चौहान, शाहिद हुसैन सलमानी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कुन्दरकी लाइव ग्रुप की रैली में गूंजा देशभक्ति का जोश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुन्दरकी।** कुन्दरकी क्षेत्र का चर्चित सामाजिक संगठन कुन्दरकी लाइव ग्रुप हर साल की तरह इस वर्ष भी 15 अगस्त के अवसर पर भव्य रैली का आयोजन करेगा। इस रैली का उद्देश्य लोगों के बीच देशप्रेम और राष्ट्रभक्ति की भावना को और प्रबल करना है। संगठन के सदस्यों का कहना है कि स्वतंत्रता दिवस केवल एक तिथि नहीं, बल्कि हमारे स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदान और संघर्ष की याद दिलाने वाला अवसर है। रैली में स्थानीय स्कूलों के छात्र-छात्राएँ, व्यापारी, सामाजिक कार्यकर्ता और आम नागरिक बड़ी संख्या में शामिल होंगे। रैली के दौरान तिरंगे झंडे, देशभक्ति के नारे और गीतों के माध्यम से पूरा कस्बा देशभक्ति के रंग में रंग जाएगा।

संगठन का मानना है, इस तरह के आयोजन से नई पीढ़ी में राष्ट्रप्रेम की चिंगारी और अधिक प्रज्वलित होती है कुन्दरकी लाइव ग्रुप के पदाधिकारियों ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे 15 अगस्त की इस रैली में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर देश के प्रति अपने प्रेम और सम्मान को व्यक्त करें। इस दौरान संरक्षक प्रवीन भूषण संयोजक दिवेश भूषण विपुल जैन अरफी हाशमी यासीन, शाहनवाज इल्यास आदि लोग मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय पुस्तकालयाध्यक्ष दिवसपर हुआ वेबिनार का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में केन्द्रीय पुस्तकालय की ओर से "पुस्तकालय विज्ञान के जनक" पद्मश्री डॉ. एस.आर. रंगनाथन की 133 वीं जयंती के अवसर पर "शिक्षण प्रतिमानों और अगली पीढ़ी के पुस्तकालयों के बदलते परिदृश्य" विषय पर एक वेबिनार का आयोजन किया गया। उनकी स्मृति में यह दिन देश भर में राष्ट्रीय पुस्तकालयाध्यक्ष दिवस के रूप में मनाया जाता है। डॉ. रंगनाथन की ऐतिहासिक कृति "पुस्तकालय विज्ञान के पाँच नियम" ने पुस्तकालय संगठन व सेवा की नींव रखी। उन्होंने कोलन वर्गीकरण प्रणाली, वर्गीकृत कैटलॉग कोड का विकास किया तथा मद्रास लाइब्रेरी एसोसिएशन और बैंगलोर स्थित प्रलेखन अनुसंधान एवं प्रशिक्षण


डॉ. गोपाल सिंह जादौन

केंद्र (डीआरटीसी) की स्थापना की। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने वेबिनार के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज के डिजिटल युग में पुस्तकालयध्यक्षों की भूमिका अत्यंत चुनौतीपूर्ण तथा सूचना जगत के महत्वपूर्ण मार्गदर्शक की है। कार्यक्रम के सयोजक एवं विभागाध्यक्ष प्रो. बी.के. राजपूत ने प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कहा कि 21वीं सदी की मांगों के अनुरूप पुस्तकालयों का स्वरूप लगातार बदल रहा है। नई तकनीक और दृष्टिकोण हमारे अध्ययन के तरीकों को नई दिशा दे रहे हैं। उन्होंने पुस्तकालयों की परिवर्तनकारी भूमिका, डिजिटल बदलाव के प्रभाव और इस दौर में पुस्तकालय कर्मियों के लिए आवश्यक कौशल पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस वेबिनार में ग्वालियर, मध्यप्रदेश स्थित 'अटल बिहारी वाजपेई इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ इन्फॉर्मेशन टैक्नोलॉजी एण्ड मैनेजमैंट' में डिप्टी रजिस्ट्रार (लाइब्रेरी) के पर कार्यरत डॉ. गोपाल सिंह जादौन ने बतौर मुख्य वक्ता शिक्षा के तेजी से बदलते स्वरूप पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि अब शिक्षा पारंपरिक शिक्षक-केंद्रित मॉडल से हटकर तकनीक-संचालित और छात्र-केंद्रित बन रही है। उन्होंने यह भी कहा कि आने वाले समय में पुस्तकालय केवल पुस्तकों के भंडार नहीं रहेंगे, बल्कि सीखने, सहयोग और नवाचार के सक्रिय केंद्र होंगे, जो कि डिजिटल विभाजन और सूचना अधिभार जैसी चुनौतियों से भी निपटेंगे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के विभिन्न स्कूलों के निदेशकगण, शिक्षकगण एवं देश के विभिन्न विश्व.विद्यालयों, संस्थानों के पुस्तकालयाध्यक्षों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के सफल संचालन में सह-संयोजक श्री बी.एस. बांगा एवं आयोजन सचिव डॉ. अशोक कुमार समेत केन्द्रीय पुस्तकालय के समस्त स्टाफ की सक्रिय भूमिका रही।

# लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** सर्वसमाज जागरूकता अभियान भारत एवं महापुरुष स्मारक समिति के संयुक्त तत्वावधान में विश्व अंगदान दिवस एवं लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर की पुण्य तिथि धूमधाम से मनाई गई। सर्वप्रथम अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। अध्यक्षता अलका सक्सैना ने की व संचालन ममता मौर्य ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि मुख्य वक्ता अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने कहा कि विश्व अंगदान दिवस प्रत्येक वर्ष 13 अगस्त को मनाया जाता है। अंगदान महादान है, इसी के अंतर्गत नेत्रदान भी आता है। भारत में महर्षि दधीचि जैसे महादानी हुए। आप भी आज टोल फ्री नंबर 18001203648 पर बात कर अंगदान करने के लिए माता-पिता की सहमति लेकर पंजीकरण कराए। भारत में अंगदान के प्रति बहुत सी भ्रांतियां हैं। जागरूकता अभियान के तहत इन्हें दूर करने की कोशिश करनी चाहिए, क्योंकि जिंदगी मौत से जूझ रहे दो लाख लोग किडनी मिलने की प्रतीक्षा कर रहे हैं। हमारे देश में विश्व स्तरीय अंग प्रत्यारोपण करने वाले सर्जन डॉक्टर मौजूद हैं। हर दस मिनिट में अंगो के प्रत्यारोपण की प्रतीक्षा में एक नाम जुड़ जाता है। स्पेन, क्रोएशिया जैसे देशों में अंगदान का 30 प्रतिशत से अधिक है, जबकि भारत विश्व में आबादी के हिसाब से दूसरे नंबर पर है तब भी यह एक प्रतिशत से कम है। एक व्यक्ति अंगदान करके कम से कम आठ लोगों की जान बचा सकता है। कवि माधव मिश्र ने आगे कहा कि काशीविश्वनाथ मंदिर का 1780 में लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर ने पुनर्निर्माण कराया। सोमनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण कराया। सौ से ज्यादा मंदिरों का निर्माण कराने के साथ तीर्थ स्थलों पर धर्मशालाएं, कुंआ, बावड़ी, घाट तथा विकास के लिए सड़के बनवाई। गरीबों को अन्न क्षेत्र खोले। देवी अहिल्याबाई होलकर का जन्म 31 मई सन् 1725 ई को महाराष्ट्र के अहमदनगर के चौड़ी गांव में हुआ था। आपके पिता मांकोजी राव शिंदे तथा माता सुशीला शिंदे थीं। 1754 में भरतपुर के महाराजा सूरजमल के खिलाफ कुम्हेर के युद्ध में खांडेराव वीरगति को प्राप्त हुए, तब वह सती होना चाहती थीं लेकिन राजा मल्हारराव होलकर के समझाने पर होलकर राज्य को संभालने लगीं। 1766 में राजा मल्हारराव होलकर का भी निधन हो गया तब उन्होंने अपने बेटे मालेराव को गद्दी पर बैठाया लेकिन अप्रैल 1767 में बेटे के निधन के बाद 1767 से राज्य की जिम्मेदारी स्वयं संभालनी पड़ी। प्रजा के साथ हमेशा न्याय करती थीं। 13 अगस्त 1795 को स्वर्गवास हो गया। शत-शत नमन। कार्यक्रम में अलका सक्सैना, ममता मौर्य, राजेश कुमार (प्रधानाचार्य), वाणी वार्ष्णेय, भूमिका वार्ष्णेय, विपाशा दीप, रेनू शर्मा, वंदना मौर्य, अंशिका उपाध्याय, राधिका वार्ष्णेय, यशोदा भारद्वाज, आरती, हर्ष कुमार, भावना, निशा, डिम्पल, प्रियंका, खुशी, वंशिका, करिश्मा आदि मौजूद रहे।

# आईएफटीएम में रैगिंग-विरोधी सप्ताह का हुआ आगाज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी)/राष्ट्रीय एंटी रैगिंग मॉनिटरिंग एजेंसी के निर्देशों के अनुपालन में 12 से 18 अगस्त 2025 तक "एंटी रैगिंग वीक (रैगिंग-विरोधी सप्ताह) मनाया जा रहा है। इसका शुभारंभ 12 अगस्त को 'एंटी रैगिंग डे' के रूप में शपथ ग्रहण समारोह एवं एंटी रैगिंग सेल्फी कॉर्नर के आयोजन के साथ हुआ। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने एकजुट होकर रैगिंग के विरुद्ध अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की और सुरक्षित, सम्मानजनक एवं सकारात्मक परिसर निर्माण का संकल्प लिया।

विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने कहा कि रैगिंग केवल अनुशासनहीनता नहीं, बल्कि यह विद्यार्थियों के आत्मसम्मान और शिक्षा के अधिकार का उल्लंघन है। विश्वविद्यालय का प्रयास है कि हर विद्यार्थी यहां भयमुक्त वातावरण में



अपनी प्रतिभा का विकास कर सके। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे रैगिंग के किसी भी रूप को तुरंत प्रशासन के संज्ञान में लाएं। इन सभी कार्यक्रमों का उद्देश्य विद्यार्थियों में रैगिंग के प्रति जागरूकता बढ़ाना, उन्हें अपने अधिकारों के प्रति सजग करना और परिसर में आपसी सम्मान का वातावरण स्थापित करना है। सप्ताह के अंतिम दिन निकाली जाने वाली रैली में छात्र-छात्राएं रैगिंग विरोधी नारों के साथ परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में जागरूकता फैलाएंगे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में श्री अभिषेक श्रीवास्तव, डॉ. रिद्धि गर्ग, श्री दीपक शर्मा, कुंवर अंकुश सक्सेना समेत विभिन्न संकायों के शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राओं का विशेष योगदान रहा। विश्वविद्यालय के प्रॉक्टोरियल बोर्ड के सदस्य, सभी हॉस्टल वार्डन तथा अन्य सहयोगियों की भी सक्रिय भूमिका रही। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विभिन्न स्कूलों के निदेशक, शिक्षकों सहित विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# भाजपा नगर मंडल ने निकाली तिरंगा रैली अंबेडकर पार्क से गई गन्ना समिति तक

**बिलारी।** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल द्वारा नगर में आयोजित तिरंगा यात्रा आंबेडकर पार्क से प्रारंभ होकर पौडा खेड़ा मंदिर से बाजार, नई सड़क और चंदौसी रोड होते हुए गन्ना समिति पहुंची वहां इसका समापन हुआ। मुख्य अतिथि जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन विजयभान सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर स्वतंत्रता दिवस से पूर्व पूरे देश में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इसका उद्देश्य लोगों में राष्ट्रीयता और देशभक्ति की भावना को बढ़ावा देना है। तिरंगा यात्रा के दौरान लोग राष्ट्रीय ध्वज को हाथ में लेकर भारत माता की जय और वंदे मातरम के उदघोष के साथ अपने भाव प्रकट कर रहे थे। इस तिरंगा यात्रा में शामिल होकर लोग अपने देश के प्रति अपने प्यार और सम्मान को प्रदर्शित कर रहे हैं। यह यात्रा देश की आजादी के जश्न का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और लोगों को एकजुट करने का अवसर प्रदान करती है। तिरंगा यात्रा में परमेश्वर लाल सैनी, सुरेश सैनी, मंगल सेन सैनी, ऋषिपाल सिंह, चंद्रपाल सैनी,डा राजीव सैनी, गन्ना समिति के चेयरमैन विजयपाल सिंह, लवली यादव, राकेश कश्यप, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राजपाल सिंह, सत्यवीर सिंह, सुनील लाठर, भूरे सिंह फौजी, राकेश यादव, निहाल सिंह, दानवीर शर्मा, देवेश शर्मा,अभिषेक पांडे,ब्रज रतन प्रजापति,सुमित गुप्ता,यश प्रताप, मेघपाल सिंह, डॉ गीता शर्मा, डॉ विश्वास शर्मा, जिला उपाध्यक्ष अवनीश चौधरी, सुनील चौधरी, गोपाल यादव,आनंदी प्रसाद प्रजापति किशन लाल प्रजापति अंकुर भटनागर प्रेमपाल पासी, पूर्व मंडल अध्यक्ष केके गुप्ता,धर्मेंद्र गांधी, जिला मंत्री मुकुल पांडे अमित चौधरी सुमित चौधरी, शकील अहमद, उदयराज सिंह, सुरेंद्र शर्मा, नवनीत यादव, राजीव शर्मा मनोज प्रजापति अभिलाष गौड़ सचिन शर्मा विकास चौधरी नरेश ढाका युवा मोर्चा जिला मंत्री अभिषेक राठौर मंडल अध्यक्ष विकास गुप्ता एडवोकेट रवि पासी दयाराम मौर्य हेमंत शर्मा वीरपाल कोली अमित चौधरी टिंकू मौर्य कार्यक्रम संयोजक मंडल महामंत्री मनोज ठाकुर आदि रहे।

# 'महान वैज्ञानिक डॉ. विक्रम साराभाई' के जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित हुई निबंध लेखन प्रतियोगिता

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ साइंसेज के भौतिकी विभाग की ओर से महान वैज्ञानिक और भारतीय अंतरिक्ष कार्यकम के पिता के रूप में विख्यात डॉ. विक्रम साराभाई के जन्मदिवस के अवसर पर "विक्रम साराभाई: भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम के जनक" विषय पर एक निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि डॉ. विक्रम साराभाई ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) की स्थापना की और भारत को अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र में उत्कृष्ट स्थान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। डॉ. साराभाई ने केवल अंतरिक्ष अनुसंधान में ही नहीं, बल्कि परमाणु ऊर्जा, इलेक्ट्रॉनिक्स और दवा जैसे क्षेत्रों में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस मौके पर स्कूल ऑफ साइंसेज के निदेशक व कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ. बी.के. सिंह ने बताया कि यह प्रतियोगिता छात्र-छात्राओं को डॉ. साराभाई के द्वारा भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र में किये गये उल्लेखनीय कार्यों से अवगत कराने के उद्देश्य से आयोजित की गई।

उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/मुख्यालय/मुरादाबाद द्वारा ई टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अर्न्तगत आमंत्रित किये जाते है। धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चौक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| Tender No. Date | 138-DRM-MB-25-26 dt. 13.08.2025 | 130-DRM-MB-25-26 dt. 13.08.2025 | 129-DRM-MB-25-26 dt. 13.08.2025 |
|---|---|---|---|
| Name of Work | ZONE 01(2025-26) from BE-CH section (excluding BE) for staff qtrs & service building under ADEN/CH. | ZONE 02(2025-26) from CH-MB, CH-HGJ, RJK-SHTS section (excluding ZRTI, CH & MB) for staff qtrs & service building under ADEN/CH | ZONE 03(2025-26) for staff quarters and service buildings in ZRTI/CH under ADEN/CH. |
| Tender Closing Date Time | 05.09.2025 | 05.09.2025 | 05.09.2025 |
| Advertised Value (Rs.) | 14999992.88 | 8999998.24 | 5999994.36 |
| Earnest Money (Rs.) | 225000.00 | 180000.00 | 120000.00 |
| Tender Cost (Rs.) | 00 | 00 | 00 |
| Bidding Start Date | 22.08.2025 | 22.08.2025 | 22.08.2025 |
| Period of Completion | 12 Month | 12 Month | 12 Month |

पत्रांक-75-W/2/3/WA/Publication दिनांक–13.08.2025 2474/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# भारत में राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी को मंजूरी

● **31 अगस्त तक फाइनल बिडिंग प्रपोजल देना होगा**




**नई दिल्ली, वार्ता।** इंडियन ओलिंपिक संघ (आईओए) ने बुधवार को भारत की कामनवेल्थ गेम्स 2030 होस्ट करने की बिड को मंजूरी दे दी है। यह मंजूरी स्पेशल जनरल मीटिंग में दी गई है। मेजबानी के लिए भारत ने मार्च महीने में एक्सप्रेशन आफ इंटरेस्ट समिट किया था। अब भारत को 31 अगस्त से पहले फाइनल बिड के लिए प्रपोजल देना होगा। कनाडा के रेस से बाहर हो जाने के बाद भारत के लिए 2030 कामनवेल्थ गेम्स की मेजबानी पाने की संभावनाएं बढ़ गई हैं। हाल ही में कामनवेल्थ स्पोर्ट्स के डायरेक्टर डैरेन हाल के नेतृत्व में एक टीम ने अहमदाबाद स्थित आयोजन स्थलों का दौरा किया था। इतना ही नहीं, कामनवेल्थ स्पोर्ट्स के अधिकारियों ने गुजरात सरकार के अधिकारियों से मीटिंग भी की थी। इस महीने के अंत में एक और डेलिगेशन के अहमदाबाद पहुंचने की संभावना है। इस दौरे के बाद कामनवेल्थ स्पोर्ट्स की जनरल एसेंबली नवंबर के आखिर में होस्ट कंट्री तय करेगी। इससे पहले भारत ने 2010 के कामनवेल्थ गेम्स की मेजबानी की थी। भारत 2010 में दिल्ली में कामनवेल्थ गेम्स का आयोजन कर चुका है। पिछले साल 2036 ओलिंपिक के लिए दावेदारी की थी ब्ॅळ के अलावा, भारत 2036 के ओलिंपिक गेम्स की मेजबानी की तैयारी भी कर रहा है। पिछले साल नवंबर में भारत ने ओलिंपिक गेम्स-2036 की मेजबानी हासिल करने के लिए दावेदारी पेश की थी। 2032 तक के ओलिंपिक मेजबान तय हो चुके हैं। 2032 की मेजबानी आस्ट्रेलिया के ब्रिस्बेन शहर को दी गई है। जबकि 2028 के ओलिंपिक लास एंजिलिस में होने हैं। ाारत अब तक 3 मल्टी स्पोर्ट्स गेम्स की मेजबानी कर चुका है। इनमें 2010 में कामनवेल्थ गेम्स, 1982 और 1951 के एशियन गेम्स शामिल हैं।

# बिना खेले नंबर-2 पर रोहित

## आईसीसी रैंकिंग

● **बाबर आजम के खराब खेल से मिला फायदा, गिल नंबर-1 पर कायम, कोहली चौथे नंबर पर**



**दुबई, वार्ता।** बुधवार को जारी हुई आईसीसी वनडे रैंकिंग में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा बिना मैच खेले ही नंबर-2 बल्लेबाज बन गए हैं। रोहित के 756 रेटिंग पाइंट्स हैं। भारतीय कप्तान को वेस्टइंडीज दौरे पर पाकिस्तानी बैटर बाबर आजम के खराब प्रदर्शन का फायदा हुआ है। बाबर 3 मैचों की सीरीज में 56 रन ही बना सके हैं।

इससे वह दूसरे नंबर से खिसककर तीसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। बल्लेबाजों की लिस्ट में शुभमन गिल नंबर-1 पर हैं। उनके 784 रेटिंग पाइंट्स हैं। रोहित शर्मा ने 5 महीनों से कोई इंटरनेशनल मैच नहीं खेला है। पिछली बार वे 9 मार्च 2025 को न्यूजीलैंड के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में उतरे थे, अगर बाबर का ऐसा ही खेल जारी रहा, तो विराट कोहली भी उन्हें पीछे कर देंगे। साउथ अफ्रीका के खिलाफ पहले टी-20 में 83 रनों की विस्फोटक पारी खेलने वाले टिम डेविड 6 स्थान के उछाल के साथ 10वें स्थान पर आ गए हैं। यह टिम डेविड के करियर की बेस्ट रैंकिंग है।

भारत के अभिषेक शर्मा 829 रेटिंग पाइंट्स के साथ नंबर-1 पर हैं, जबकि तिलक वर्मा (804 रेटिंग पाइंट्स) इंग्लैंड के फिल साल्ट (791 पाइंट्स) को पीछे छोड़कर नंबर-2 पर आ गए हैं। एक दिन पहले मंगलवार, 12 अगस्त को दूसरे मैच में आस्ट्रेलिया के खिलाफ 41 बाल पर शतक बनाने वाले 22 साल के साउथ अफ्रीकी बल्लेबाज डेवाल्ड ब्रेविस को टी-20 बैटर्स की रैंकिंग में 80 स्थान का फायदा हुआ है। ब्रेविस ने नाबाद 125 रन की पारी खेली थी।

वे 21वें नंबर पर पहुंच गए हैं। टेस्ट आलराउंडर्स में जडेजा टॉप पर कायम भारत के रवींद्र जडेजा लगातार 179 हफ्तों से नंबर-1 टेस्ट आलराउंडर बने हुए हैं। उनके 405 रेटिंग पाइंट्स हैं। ताजा रैंकिंग में टॉप-10 ऑलराउंडर्स में कोई बदलाव नहीं हुआ है। भारत के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह टेस्ट की बालर्स रैंकिंग में नंबर-1 बने हुए हैं। न्यूजीलैंड के गेंदबाज मैट हेनरी को टेस्ट की बालिंग रैंकिंग में एक स्थान का फायदा हुआ है। वे 846 रेटिंग पाइंट्स के साथ नंबर-3 पर आ गए हैं। उन्होंने आस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस (838 अंक) को पीछे छोड़ा। हेनरी ने करियर बेस्ट रेटिंग पाइंट्स हासिल किया है। उन्होंने जिम्बाब्वे केखिलाफ 16 विकेट झटके थे।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### आयुष म्हात्रे करेंगे मुंबई टीम की कप्तानी

**मुंबई, वार्ता।** आयुष म्हात्रे आगामी सोमवार से शुरु होने वाले बुची बाबू टूर्नामेंट में मुंबई टीम की कप्तानी करेंगे। तमिलनाडु क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित यह बहु-दिवसीय टूर्नामेंट 18 अगस्त से नौ सितंबर तक चेन्नई में खेला जाएगा। मुंबई ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के संक्षिप्त और अंडर-19 टीम की कप्तानी करते हुए प्रभावशाली प्रदर्शन करने वाले युवा आयुष म्हात्रे को 17 सदस्यीय टीम की कमान सौंपी है। टीम में सरफराज खान और मुशीर खान भी शामिल हैं। **मुंबई टीम:** आयुष म्हात्रे (कप्तान), मुशीर खान, दिव्यांश, सरफराज खान, सुवेद (उपकप्तान), प्रग्नेश , हर्ष, साईराज, आकाश, आकाश आनंद (विकेट कीपर), हार्दिक तमोरे (विकेटकीपर), श्रेयस गुरव, यश डिचोलकर, हिमांशु सिंह, रॉयस्टन डायस, सिल्वेस्टर व इरफान उमैर।

### अखिल भारतीय बुचीबाबू क्रिकेट टूर्नामेंट 18 से

**चेन्नई, वार्ता।** गत विजेता हैदराबाद सहित कुल 16 टीमें चेन्नई में 18 अगस्त से 9 सितंबर तक आयोजित होने वाले अखिल भारतीय बुचीबाबू आमंत्रण क्रिकेट टूर्नामेंट में भाग ले रही हैं। टेक स्पोर्ट्स द्वारा प्रायोजित इस टूर्नामेंट में विजेताओं को तीन लाख रुपये और उपविजेता को दो लाख रुपये की पुरस्कार राशि दी जाएगी, तमिलनाडु क्रिकेट संघ के अध्यक्ष अशोक सिगमणि और सचिव आर आई पलानी ने कल रात यहां संवाददाताओं को यह जानकारी दी। इस टूर्नामेंट में, जिसमें पिछले साल 12 टीमें शामिल थीं।

# यूपी योद्धा ने सुमित सांगवान को कप्तान व आशु सिंह को उप कप्तान नियुक्त किया

● **कप्तान के रूप में सुमित सांगवान की नियुक्ति उनके मेट पर उत्कृष्ट प्रदर्शन को दर्शाती है**

लखनऊ, वार्ता। जीएमआर स्पोर्ट्स के स्वामित्व वाली यूपी योद्धा ने आगामी प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) सीजन 12 के लिए स्टार डिफेंडर सुमित सांग. वान को टीम का कप्तान और आशु सिंह को उप-कप्तान नियुक्त किया है।

सुमित (26) और आशु (27) दोनों ने सीजन 7 में यूपी योद्धा के साथ नए युवा खिलाड़ी (एनवाईपी) के रूप में अपनी यात्रा शुरू की और तब से टीम के रक्षात्मक ढांचे के स्तंभ बन गए हैं। होनहार नवोदित खिलाड़ियों से लीडर्स तक का उनका उदय, जीएमआर स्पोर्ट्स के दीर्घकालिक दृष्टिकोण का प्रमाण है, जो सिस्टम के भीतर से खिलाड़ियों को विकसित करता है, जो निष्ठा, प्रदर्शन और निरंतर विकास पर केंद्रित है।

सुमित सांगवान अपनी चपलता, समय और सामरिक बुद्धिमत्ता के लिए जाने जाते हैं। पिछले कुछ सीजन में वह लगातार लीग के शीर्ष डिफेंडरों में शुमार रहे हैं। कप्तान के रूप में उनकी नियुक्ति न केवल उनके मैट पर उत्कृष्ट प्रदर्शन को दर्शाती है, बल्कि आगे बढ़कर प्रेरित करने और नेतृत्व करने की उनकी क्षमता को भी दर्शाती है। योद्धाओं के एक और दिग्गज, आशु सिंह मुख्य रूप से एक कवर डिफेंडर के रूप में खेल रहे हैं। आशु ने अपनी अथक कार्य गति, निस्वार्थ खेल और दबाव में संयम से प्रभावित किया है। सुमित के साथ उनकी साझेदारी यूपी योद्धाओं की रक्षा रणनीति की नींव रही है। मुख्य कोच जसवीर सिंह ने दोनों के सफर की प्रशंसा करते हुए कहा कि सुमित और आशु असाधारण खिलाड़ी और सच्चे योद्धा हैं। अपने पहले मैच से ही, उन्होंने प्रतिबद्धता, अनुशासन और टीम-प्रथम मानसिकता का प्रदर्शन किया है। उन्होंने वर्षों के निरंतर प्रदर्शन और समर्पण के माध्यम से यह जिम्मेदारी अर्जित की है। अपने पेशेवर पदार्पण से ही फेंचाइजी का हिस्सा रहे कप्तान और उप-कप्तान के साथ, योद्धाओं को इस सीजन में अनुभव और युवा ऊर्जा का मिश्रण करके चैंपियनशिप का गौरव हासिल करने का पूरा भरोसा है।

# कोहली टी-20 में टॉप-5 से बाहर

● **वार्नर आगे निकले, टॉप-10 में 2 ही भारतीय शामिल, क्रिस ग्रेल अब भी नंबर-1 बल्लेबाज**



**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत के विराट कोहली को पीछे कर आस्ट्रेलिया के डेविड वार्नर टी-20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों में नंबर-5 पर पहुंच गए। उन्होंने मंगलवार को इंग्लैंड की द हंड्रेड लीग में फिफ्टी लगाई और कोहली को पीछे किया। वार्नर के नंबर-5 पर पहुंचने के साथ टॉप-5 रन स्कोरर में अब कोई भी भारतीय बाकी नहीं रहा। विराट के अलावा केवल रोहित शर्मा ही टॉप-10 रन स्कोरर में शामिल भारतीय बैटर हैं। दोनों ही प्लेयर्स ने इंटरनेशनल टी-20 से संन्यास ले लिया है, ऐसे में सिर्फ आईपीएल खेलकर दोनों का इस रिकार्ड लिस्ट में आगे निकलना बहुत मुश्किल लग रहा है।

## टी-20 क्रिकेट के टॉप रन स्कोरर

1. **क्रिस गेल**- 22 शतक के साथ नंबर-1 -वेस्टइंडीज के विस्फोटक क्रिस गेल के नाम अब भी टी-20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकार्ड है। इनमें इंटरनेशनल, आईपीएल और दुनियाभर की ए-ग्रेड लीग के रन शामिल हैं। गेल टी-20 में 22 शतक लगाने वाले भी दुनिया के इकलौते बैटर हैं। उनके 14,562 रन के आंकड़े को कोई नया बैटर तोड़ सकता है।

2. **कायरन पोलार्ड**- शतक कम, फिफ्टी ज्यादा- वेस्टइंडीज के ही विस्फोटक फिनिशर कायरन पोलार्ड टॉप रन स्कोरर में दूसरे नंबर पर हैं। उन्होंने इंटरनेशनल और आईपीएल से तो संन्यास ले लिया है, लेकिन वे अब भी अमेरिका और साउथ अफ्रीका की लीग खेल रहे हैं। इसलिए वे भी गेल के रिकार्ड तोड़ सकते हैं। फिनिशर की पोजिशन निभाने के कारण पोलार्ड के नाम शतक तो 1 ही है, लेकिन फिफ्टी 63 हैं।

3. **एलेक्स हेल्स**- दुनियाभर की लीग खेलते हैं। इंग्लैंड के एलेक्स हेल्स भी इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं, लेकिन लीग क्रिकेट खेल रहे हैं। वे 13,814 रन बना चुके हैं और जल्द ही 15 हजार रन का आंकड़ा भी पार कर सकते हैं। उनके नाम 7 सेंचुरी और 87 फिफ्टी हैं।

4. **शोएब मलिक**- बगैर सेंचुरी के टॉप स्कोरर-टॉप-10 रन स्कोरर में शामिल पाक के इकलौते खिलाड़ी शोएब मलिक के नाम टी-20 में बगैर सेंचुरी लगाए सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकार्ड है। वे भी इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं, लेकिन पाकस्तान सुपर लीग का हिस्सा अब भी हैं।

5. **डेविड वार्नर**- 100 प्लस फिफ्टी लगा चुके- आस्ट्रेलिया के डेविड वार्नर ने मंगलवार को ही टॉप-5 रन स्कोरर में एंट्री की। उन्होंने द हंड्रेड लीग में फिफ्टी लगाई और विराट कोहली को पीछे छोड़ा।

# इंडिया 'ए' टीम ने ऑस्ट्रेलिया 'ए' को हराया

**ब्रिस्बेन, वार्ता।** राधा यादव (तीन विकेट), तितास साधु और मिन्नू मनी (2-2 विकेट) के बाद यास्तिका भाटिया (59) और शेफाली वर्मा (36) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत इंडिया ए महिला टीम ने पहले एकदिवसीय मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ए को 48 गेंदें शेष रहते तीन विकेट से हरा दिया। इसी के साथ इंडिया ए ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है।

215 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी यास्तिका भाटिया और शेफाली वर्मा की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 77 रन जोड़े। 11वें ओवर में सियाना जिंजर ने शेफाली वर्मा (36) को आउटकर ऑस्ट्रेलिया ए को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी धारा गुज्ज्जर ने यास्तिका भाटिया के साथ दूसरे विकेट के लिए 63 रनों की साझेदारी की। धारा गुज्ज्जर 31 गेंदों में 36 रन, तेजल हसबनिस (आठ) रन बनाकर आउट हुई। यास्तिका भाटिया ने 70 गेंदों में सात चौकों की मदद से 59 रनों की पारी खेली। तनुश्री सरकार (तीन), राधा यादव (19) और मिन्नू मनी एक रन बनाकर आउट हुई। इंडिया ए ने 42 ओवर में सात विकेट पर 215 रन बनाकर मुकाबला तीन विकेट से जीत लिया।

राघवी बिष्ट ने 34 गेंदों में दो चौके और एक छक्के की मदद से नाबाद 25 रन बनाये। ऑस्ट्रेलिया की ओर से लूसी हैमिल्टन और एला हेवर्ड ने दो-दो विकेट लिए। किम गार्थ, सियाना लजजर और टेस फ्लूलटॉफ ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले इयान हीली ओवल मैदान पर मंगलवार रात खेले गये मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ए महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने अपने शुरुआती तीन विकेट 50 के स्कोर पर गंवा दिए।




































शाह टाइम्स

सम्पादकीय

गुरुवार, 14 अगस्त 2025

# सहभागी प्रक्रिया बने

फैसले जब कभी भी प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत पर आधारित होते हैं, तो उनका मकसद किसी खास सामाजिक उद्देश्य को पूरा करना होता है या किसी विशिष्ट गलती को सुधारना होता है। प्रत्यारोपण की प्रतीक्षा कर रही महिला रोगियों और मृतक दाताओं के रिश्तेदारों को लाभार्थियों के रूप में प्राथमिकता देने संबंधी राष्ट्रीय अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण संगठन (एनओटीटीओ) की हालिया सलाह लिंग संबंधी धारणा को नए सिरे से परिभाषित करने का एक रास्ता है। एनओटीटीओ के दशकीय आंकड़ों (2013-23) को अगर देखें, तो पता चलता है कि अंग प्रत्यारोपण के मामले में लैंगिक असमानता है। एनओटीटीओ के मुताबिक, 2023 में, सभी जीवित दाता प्रत्यारोपणों में महिलाओं की हिस्सेदारी 63 फीसदी थी, फिर भी प्रत्यारोपण के लिए अंग प्राप्त करने वालों में उनकी हिस्सेदारी महज 24 फीसदी (हृदय के लिए) और 47 फीसदी (फेफड़े के लिए) के बीच थी। वर्ष 2023 में किडनी प्रत्यारोपण की लाभार्थियों में सिर्फ 37 फीसदी महिलाएं थीं, जबकि लिवर प्रत्यारोपण में महिलाओं की हिस्सेदारी 30 फीसदी थी। अग्न्याशय प्रत्यारोपण में, कुल लाभार्थियों में महिलाओं की हिस्सेदारी 26 फीसदी तक ही थी। ब्रिटिश मेडिकल जर्नल के विश्लेषण से पता चला है कि पिछले पांच सालों के दौरान भारत में हुए 56,509 जीवित अंगदानों में से 36,038 में महिलाओं का योगदान रहा, और सिर्फ 17,041 मामलों में ही उन्हें प्रत्यारोपण का फायदा मिला। एनओटीटीओ ने अपनी सलाह में कहा कि यह सिफारिश अंग प्रत्यारोपण के प्राप्तकर्ताओं के बीच लैंगिक असंत. ुलन को दूर करने की एक कोशिश है ताकि प्रतीक्षारत महिला रोगियों के लिए आवंटन संबंधी मानदंडों में अतिरिक्त अंक प्रदान करने का प्रावधान किया जा सके। यूं तो यह कदम निश्चित रूप से सराहनीय है, लेकिन यह प्रक्रियागत परेशानियों में लिपटा हो सकता है। वर्तमान में, स्वास्थ्य कारणों को छोड़कर, अंग आवंटन संबंधी प्रोटोकॉल किसी एक प्राप्तकर्ता को दूसरे प्राप्तकर्ता के मुक. ाबले तरजीह देने की इजाजत नहीं देते हैं। लिहाजा, महिलाओं और/या पूर्व दाताओं के निकट संबंधियों को प्राथमिकता देने का कोई प्रावधान नहीं है। एनओटीटीओ की सलाह के बाद से, यह भी सवाल उठे हैं कि 'निकट संबंधियों' की परिभाषा में किसे शामिल किया जाना चाहिए और प्रत्यारोपण के लिए शव के अंग दान करने वाले सभी परिवारों (1995 से) को लाभार्थी माना जाएगा या नहीं। इस सलाह को अमल में लाने वाले लोगों के बीच मुख्य डर इस बात का मालूम होता है कि यह कदम बिना बारी (आउट-ऑफ-टर्न) आवंटन को सुविधाजनक बनाने का एक और चोर दरवाजा बन सकता है, खासकर वैसी स्थिति में जब भारत में अंग निकालने वाले रैकेट का भंडाफोड़ जारी है। हालांकि, किसी जरूरी चीज को गैरजरूरी चीज के साथ बाहर फेंक देने का कोई मतलब नहीं है। खासकर, जब पितृसत्तात्मक मानदंडों वाले समाज में ज्यादा समावेशी होने के इरादे से काम किया जा रहा हो तो। यह महत्वपूर्ण है कि कार्यान्वियन में शामिल रहने वाले विभिन्न एजेंसियों को साथ लेकर एनओटीटीओ इस कदम को एक सहभागी प्रक्रिया बनाए। अब जबकि मानव अंग प्रत्यारोपण अधिनियम के तहत उचित कार्यान्वियन सुनिश्चित करना और इन सबसे सबसे भी ऊपर, अंगों के सीमित भंडार तक पहुंच को व्यापक बनाना महत्वपूर्ण है, तो यह जरूरी है कि स्वास्थ्य मापदंडों के आधार पर अंग प्रत्यारोपण की सबसे ज्यादा जरूरत वाले व्यक्ति को अंग से वंचित न करने के सिद्धांत का हमेशा पालन किया जाए।

## उन्हें ऐसी बकवास नहीं करनी चाहिए



पाक प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के बयान कोई पाकिस्तान से पानी की एक बूंद भी नहीं छीन सकता, जैसी धमकियों का भारत पर कोई असर नहीं होगा, ब्रह्मोस है हमारे पास, उन्हें ऐसी बकवास नहीं करनी चाहिए, बहुत हो गया, भारत बनाम पाकिस्तान के बीच संभावित क्रिकेट मैंच मैं देखने नहीं जा रहा हूं, मेरी अंतरात्मा, मेरा दिल इसकी इजाजत नहीं देता, हमें उस देश के लोगों के साथ क्रिकेट क्यों खेलना है, जो हमें हर दिन धमकी दे रहे हैं, आप पानी देना बंद कर चुके हैं, पानी से बड़ी कोई जरूरत है क्या, आपने बॉर्डर बंद कर दिए, आपने व्यापार बंद कर दिए, कितना नुकसान होगा, 300 -400 करोड़, मेरा जमीर गवारा नहीं करता।

**-असदुद्दीन ओवैसी, सांसद, एआईएमआईएम**

# हर घर तिरंगा: राष्ट्रभक्ति का जनांदोलन और राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक





योगेश कुमार गोयल

भारत के राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे की शान और उसकी महिमा केवल कपड़े के तीन रंगों में नहीं बल्कि करोड़ों भारतीयों की भावनाओं, सपनों और बलिदानों में बसी हुई है। तिरंगा केवल तीन रंगों और एक चक्र का संयोजन नहीं, भारत की आत्मा, पहचान और गौरव का प्रतीक है। यह केवल एक ध्वज नहीं, स्वतंत्रता, एकता और राष्ट्रीय गर्व का जीवंत प्रतीक है। इसमें वह शक्ति है, जो देश के हर नागरिक को एकता के सूत्र में बांध सकती है। केसरिया रंग त्याग और साहस, सफेद रंग शांति और सत्य, तथा हरा रंग समृद्धि और विकास का संदेश देता है। अशोक चक्र न्याय, प्रगति और निरंतर गतिशीलता का प्रतीक है। तीन साल पहले शुरू हुई हर घर तिरंगा पहल आज केवल एक सरकारी अभियान नहीं बल्कि एक विशाल जन आंदोलन में बदल चुकी है, जिसने देश के कोने-कोने में देशभक्ति की ऐसी लहर पैदा कर दी है, जिसकी गूंज हर दिल में सुनाई देती है। वर्ष 2022 में जब 'हर घर तिरंगा' अभियान की शुरुआत हुई थी, तब शायद ही किसी ने सोचा होगा कि यह एक विशाल जनांदोलन का रूप ले लेगा। इस वर्ष इस पहल का चौथा संस्करण 2 अगस्त से शुरू होकर 15 अगस्त तक पूरे देश में जोश और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

**अभियान की शुरुआत और उद्देश्य**

वर्ष 2022 में भारत जब अपनी स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूरे कर रहा था, केंद्र सरकार ने आजादी का अमृत महोत्सव के तहत एक अनोखी पहल की थी हर घर तिरंगा। इस पहल का उद्देश्य केवल ध्वज फहराना भर नहीं था बल्कि हर नागरिक को अपने राष्ट्रीय ध्वज से एक व्यक्तिगत और भावनात्मक जुड़ाव महसूस कराना था। उससे पहले तिरंगा केवल सरकारी भवनों, स्कूलों या विशेष अवसरों पर ही फहराया जाता था। आम नागरिकों के घरों में इसे फहराना उतना प्रचलित नहीं था लेकिन इस अभियान ने इसे जन-जन तक पहुंचाया और लोगों को अहसास दिलाया कि तिरंगा केवल सरकारी पहचान नहीं बल्कि हम सबकी पहचान है। वर्ष 2022 में भारतीय ध्वज संहिता 2002 में भी ऐतिहासिक संशोधन किए गए, जिससे तिरंगे को दिन के साथ-साथ रात में भी पर्याप्त रोशनी में फहराने की अनुमति मिली। पहले नियम था कि तिरंगा केवल सूर्योदय से सूर्यास्त तक ही फहराया जा सकता है लेकिन 20 जुलाई 2022 के संशोधन के बाद, अब इसे रात में भी फहराया जा सकता है, बशर्ते यह खुले स्थान पर पर्याप्त रोशनी में हो। साथ ही, हाथ से काते या बुने हुए कपड़े के अलावा मशीन से बने कपास, पॉलिएस्टर, ऊन, रेशम और खादी के झंडे को भी अनुमति दी गई।

**अभियान का विस्तार और रिकॉर्ड उपलब्धियां**

2022 का अभियान अभूतपूर्व रहा। संस्कृति मंत्रालय के अनुसार, 23 करोड़ से अधिक परिवारों ने उस वर्ष अपने घरों में तिरंगा फहराया था और लगभग 6 करोड़ लोगों ने हर घर तिरंगा वेबसाइट पर अपनी सेल्फी विद तिरंगा अपलोड की थी। डाक विभाग ने इस अभियान को अंतिम छोर तक पहुंचाने के लिए विशेष प्रयास किए ताकि देश के सबसे सुदूर और दुर्गम क्षेत्रों में भी राष्ट्रीय ध्वज उपलब्ध हो सके। 2023 में यह अभियान और व्यापक हुआ। उस वर्ष 10 करोड़ से अधिक तिरंगा सेल्फी अपलोड की गई। यही नहीं, चंडीगढ़ में 5,885 लोगों की भागीदारी के साथ राष्ट्रीय ध्वज लहराते हुए दुनिया की सबसे बड़ी मानव श्रंखला का गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड भी बनाया गया। यह न केवल अभियान की सफलता थी बल्कि दुनिया को यह संदेश भी था कि भारत का राष्ट्रीय ध्वज करोड़ों दिलों को एक सूत्र में बांध सकता है। 2024 में भी यह उत्साह बरकरार रहा। 5 करोड़ से अधिक लोगों ने अपनी सेल्फी विद तिरंगा वेबसाइट पर साझा की।

अब 2025 में यह अभियान अपने चौथे संस्करण में प्रवेश कर चुका है, जो 2 अगस्त से 15 अगस्त तक चल रहा है। संस्कृति मंत्रालय ने इस वर्ष भी नागरिकों से अपील की है कि वे तिरंगा स्वयंसेवक बनकर अधिक से अधिक लोगों को जोड़ें, उन्हें अपने घरों में तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित करें और देशभक्ति की भावना को नई ऊंचाईयों तक पहुंचाएं।

**एक राष्ट्रगान, एक झंडा, एक राष्ट्र**

हर घर तिरंगा केवल ध्वज फहराने का कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह एक राष्ट्रगान, एक झंडा और एक राष्ट्र की भावना का विस्तार है। यह हमें याद दिलाता है कि भले ही हम अलग-अलग भाषाएं बोलते हों, अलग-अलग संस्कृतियों में जीते हों लेकिन हमारा राष्ट्रीय ध्वज हमें एकता के सूत्र में पिरोता है। इस वर्ष का अभियान हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता स्वतंत्रता और स्वच्छता के इस संगम को जीवंत करता है, जहां तिरंगा राष्ट्रीय गर्व का प्रतीक है और स्वच्छता हमारे जीवन मूल्यों व संस्कारों का दर्पण। यह केवल सरकारी अभियान नहीं बल्कि प्रत्एक नागरिक का व्यक्तिगत संकल्प है कि हम अपने घर, मोहल्ले और देश को स्वच्छ रखें ताकि आने वाली पीढ़ियां भी गर्व से इस धरा पर जीवन जी सकें। स्वच्छ वातावरण में लहराता तिरंगा न केवल स्वतंत्रता का संदेश देगा बल्कि यह भी जताएगा कि हमने आजादी के साथ जिम्मेदारी निभाना भी सीखा है।

**सम्मान और मर्यादा का संहिता-पत्र**

राष्ट्रीय ध्वज के महत्व को समझना उतना ही आवश्यक है, जितना उसे फहराना। भारतीय ध्वज संहिता 2002 राष्ट्रीय ध्वज से संबंधित सभी कानूनों, परंपराओं और दिशा-निर्देशों का संकलन है। तिरंगे का अनुपात हमेशा 3:2 होना चाहिए और तीनों पट्टियां (केसरिया, सफेद और हरी) समान चौड़ाई की होनी चाहिए। तिरंगे को हमेशा सम्मान के साथ प्रदर्शित किया जाना चाहिए, क्षतिग्रस्त या मैला झंडा फहराना अपमानजनक है। इसे किसी भी अन्य ध्वज के साथ एक ही मस्तूल पर नहीं फहराया जा सकता, न ही इसे उल्टा प्रदर्शित किया जा सकता है। राष्ट्रीय ध्वज का उपयोग सजावट, परिधान, वस्त्र या किसी वस्तु को ढ़कने के लिए नहीं किया जा सकता। यह जमीन, पानी या फर्श को स्पर्श नहीं करना चाहिए। किसी वस्तु को लपेटने के लिए ध्वज का उपयोग नहीं किया जा सकता। क्षतिग्रस्त होने पर इसे गरिमा के साथ नष्ट किया जाना चाहिए।

**जन भागीदारी और सामाजिक संदेश**

हर घर तिरंगा एक खास सामाजिक बदलाव लाया है। यह अभियान बच्चों और युवाओं को राष्ट्रीय ध्वज के महत्व, उसके इतिहास और उससे जुड़े बलिदानों के बारे में जागरूक कर रहा है। स्कूलों, कॉलेजों, समाजिक संगठनों और आवासीय कॉलोनियों में तिरंगा रैलियां, चित्रकला प्रतियोगिताएं और सांस्कृतिक कार्यक्रम इस पहल का हिस्सा बन गए हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर सेल्फी विद तिरंगा एक देशव्यापी ट्रेंड बन चुका है, जिससे डिजिटल माध्यम से भी देशभक्ति का संदेश फैल रहा है। जब यह तिरंगा घर-घर लहराता है तो यह न केवल हमारी पहचान को प्रकट करता है बल्कि हमें यह भी याद दिलाता है कि इस स्वतंत्रता के पीछे अनगिनत बलिदानों का इतिहास है। हर घर तिरंगा अभियान ने साबित कर दिया है कि यदि उद्देश्य पवित्र हो और भावनाएं सच्ची तो कोई भी पहल जन-जन की आवाज बन सकती है। आज यह पहल केवल स्वतंत्रता दिवस का हिस्सा नहीं बल्कि एक राष्ट्रीय परंपरा बनने की ओर अग्रसर है। जब 140 करोड़ भारतीय अपने घरों, गलियों, शहरों और गांवों में एक साथ तिरंगा फहराते हैं तो यह केवल एक दृश्य नहीं बल्कि राष्ट्र की आत्मा का उत्सव होता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# लोकतंत्र की लूट में मीडिया की बेशर्म भूमिका

**टीवी चैनलों की आय का 70-80 प्रतिशत हिस्सा सरकारी विज्ञापनों से आता है, जिसके कारण मीडिया सत्ता के खिलाफ खुलकर बोलने में हिचकता है। सवाल यह है कि क्या 2014 से पहले भी मीडिया सरकार का ऐसा ही भोंपू था जैसा आज है? क्या उस समय इन मीडिया घरानों को विज्ञापन का लालच नहीं था? याद कीजिए उस अन्ना आंदोलन का दौर जिसके कंधे पर सवार होकर भाजपा आज सत्तारूढ़ है। उस समय तो इसी मीडिया ने सत्ता विरोधी माहौल देश में पैदा किया था।**



निर्मल रानी

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा चुनाव के दौरान होने वाली व्यापक धांधलियों को लेकर चुनाव आयोग पर जोरदार हमला बोला गया है। उन्होंने इस तरह के अनेक प्रमाण पेश किए जिससे यह साफतौर पर साबित होता है कि देश में बड़े स्तर पर वोटों की चोरी की जा रही है। राहुल गांधी द्वारा 7 अगस्त 2025 को वोट चोरी से सम्बंधित एक विशाल प्रेस कॉन्फ्रेंस करने के बाद https://votechori.in नाम से एक वेबसाइट लांच की गई तथा साथ ही यूजर मिस्ड कॉल हेतु 9650003420 नंबर भी घोषित किया गया। इस नंबर या वेबसाइट पर जाकर देश के आम लोग फॉर्म भरकर इस अभियान से जुड़ सकते हैं।

यह अभियान मुख्य रूप से भारतीय चुनावों में मतदाता सूची में हेराफेरी, फर्जी वोटर्स और चुनाव आयोग की कथित मिलीभगत पर केंद्रित है। वेबसाइट का मुख्य लक्ष्य जनता को वोट चोरी के खिलाफ एकजुट करना है। इसमें चुनाव आयोग से डिजिटल मतदाता सूचियों को सार्वजनिक करने की मांग की गई है, ताकि जनता और राजनीतिक दल इनकी जांच कर सकें। राहुल गांधी का सीधा आरोप है कि सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी चुनावी प्रक्रिया पर व्यवस्थित तरीके से हमला कर रही है और चुनाव आयोग इसमें शामिल है। सत्ता व चुनाव आयोग का यह गठजोड़ एक व्यक्ति, एक वोट के सिद्धांत को कमजोर कर रहा है।

चुनाव आयोग को कटघरे में खड़ा करने के बाद बजाए इसके कि वह राहुल गांधी के आरोपों की जांच करने की बात करता और देश के मतदाताओं को यह विश्वास दिलाने की कोशिश करता कि देश में चुनाव निष्पक्ष संपन्न होते हैं। उल्टे चुनाव आयोग ने अपनी वेबसाइट ही बंद कर दी? क्या ऐसा इसलिए नहीं किया गया कि मतदाता चुनाव आयोग से ऐसी धांधलियों के सम्बन्ध में सवाल न पूछ सकें? जिसका जवाब दे पाना शायद अब चुनाव आयोग के लिए संभव नहीं? चुनाव आयोग द्वारा वोट चोरी से सम्बंधित धांधलियों से चूंकि फायदा भाजपा को मिला है और उसी की सत्ता में बार बार वापसी हो रही है इसलिए भाजपा का चुनाव आयोग के पक्ष में दलीलें देना और चुनाव आयोग के बजाए राहुल गांधी को ही कटघरे में खड़ा करना अनैतिक परन्तु कुछ स्वाभाविक सा प्रतीत होता है। परंतु जिस तरह देश का गोदी मीडिया भी वोट चोरी के इस भ्रष्ट तंत्र के साथ खुलकर खड़ा है और चुनाव आयोग व भाजपा से भी अधिक बढ़कर वोट चोरी जैसे इस घोर राष्ट्रविरोधी कृत्य की पैरोकारी कर रहा है उसे देखकर देश आश्चर्यचकित हो रहा है।

राहुल गांधी द्वारा वोटर लिस्ट के माध्यम से की जा रही अंधाधुंध वोट चोरी के आरोपों के बाद इंडियन एक्सप्रेस की टीम ने इस मामले की पड़ताल के लिए बेंगलुरु सेंट्रल लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली महादेवपुरा विधानसभा के कुछ इलाकों का दौरा किया। गौरतलब है कि राहुल गांधी ने 7 अगस्त 2025 को अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह दावा किया था कि महादेवपुरा विधानसभा के अंतर्गत कुछ क्षेत्रों में 1,00,250 वोटों की चोरी हुई, जिसमें डुप्लीकेट वोटर्स, फर्जी पते और अन्य अनियमितताएं शामिल थीं। इंडियन एक्सप्रेस ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि उनकी टीम ने महादेवपुरा के कुछ पतों की जांच की, जहां राहुल गांधी ने फर्जी वोटरों के होने का दावा किया था।

उदाहरण के लिए, एक मामले में 80 वोटरों के एक ही पते पर रजिस्ट्रेशन होने की बात सामने आई थी। इसके अतिरिक्त, बीबीसी व अन्य मीडिया संगठनों की टीम ने भी महादेवपुरा क्षेत्र में उस घर की पड़ताल की, जहां एक कमरे के मकान में कथित तौर पर 80 वोटर रजिस्टर्ड थे परन्तु भाजपा व चुनाव आयोग के साथ गोदी मीडिया भी कदम ताल कर रहा है। दरअसल गोदी मीडिया की सच्चाई इससे भी ज्यादा खतरनाक है। सत्ता की डफली बजाने वाला अधिकांश मीडिया देश के अडानी व अंबानी जैसे बड़े उद्योग घराने की मिलकियत बन चुके हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# आवारा कुत्तों की समस्या और सुप्रीम कोर्ट की चिंता



रजनीश कपूर

गत 11 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर में आवारा कुत्तों की समस्या पर स्वतरू संज्ञान लेते हुए यह आदेश जारी किया कि दिल्ली सरकार और स्थानीय निकायों को अगले छह से आठ सप्ताह के भीतर सभी आवारा कुत्तों को सड़कों से हटाकर आश्रय स्थलों में स्थानांतरित करें, उनकी नसबंदी करें और टीकाकरण सुनिश्चित करें। कोर्ट ने स्थिति को बेहद गंभीर बताते हुए कहा कि बच्चों और बुजुर्गों को आवारा कुत्तों के हमलों से बचाना अत्यंत आवश्यक है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली में इस साल जनवरी से जून तक 35,198 कुत्तों के काटने के मामले दर्ज किए गए, जिनमें 49 रेबीज के मामले भी शामिल हैं। रेबीज, एक जानलेवा बीमारी है और भारत वैश्विक रेबीज मृत्यु दर का 36 प्रतिशत हिस्सा लेता है। कोर्ट ने निर्देश दिया कि दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद और गुरुग्राम में तत्काल प्रभाव से कुत्तों को पकड़ने, उनकी नसबंदी और टीकाकरण करने और उन्हें आश्रय स्थलों में रखने की प्रक्रिया शुरू की जाए।




इसके साथ ही, कोर्ट ने एक हेल्पलाइन स्थापित करने और आश्रय स्थलों में सीसीटीवी निगरानी सुनिश्चित करने का भी आदेश दिया। पशु प्रेमी, जो जानवरों के कल्याण के प्रति संवेदनशील होते हैं, उन्हें इस निर्णय को एक सकारात्मक कदम के रूप में देखना चाहिए। यह आदेश केवल कुत्तों को सड़कों से हटाने की बात नहीं करता, बल्कि उनके लिए एक सुरक्षित और मानवीय वातावरण प्रदान करने पर भी जोर देता है। नसबंदी और टीकाकरण जैसे कदम न केवल कुत्तों की आबादी को नियंत्रित करेंगे, बल्कि उनके स्वास्थ्य को भी बेहतर बनाएंगे। सड़कों पर रहने वाले कुत्ते अक्सर भोजन, पानी और चिकित्सा सुविधाओं की कमी से जूझते हैं, जिसके कारण वे आक्रामक हो सकते हैं। आश्रय स्थलों में उन्हें नियमित भोजन, चिकित्सा देखभाल और सुरक्षित स्थान मिलेगा, जो उनके जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाएगा। वहीं सुप्रीम कोर्ट के इस आदेश को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए सरकार को कई महत्वपूर्ण कदम उठाने होंगे। यह न केवल दिल्ली-एनसीआर के लिए, बल्कि पूरे देश के लिए एक मॉडल बन सकता है। कोर्ट ने शुरूआत में 5,000 कुत्तों के लिए आश्रय स्थलों के निर्माण का आदेश दिया है। दिल्ली में अनुमानित 10 लाख आवारा कुत्तों को देखते हुए, यह संख्या अपर्याप्त हो सकती है। सरकार को बड़े पैमाने पर आधुनिक आश्रय स्थल बनाने होंगे, जो स्वच्छता, भोजन और चिकित्सा सुविधाओं से सुसज्जित हों। इन आश्रय स्थलों में पशु चिकित्सकों और प्रशिक्षित कर्मचारियों की नियुक्ति आवश्यक है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, 70 प्रतिशत से अधिक कुत्तों की नसबंदी और टीकाकरण रेबीज को नियंत्रित करने में प्रभावी है। दिल्ली सरकार को एक त्वरित और व्यापक अभियान चलाना होगा, जिसमें गैर-सरकारी संगठनों और पशु कल्याण संगठनों का सहयोग लिया जाए। गोवा का मिशन रेबीज इस दिशा में एक सफल उदाहरण है, जिसने रेबीज को नियंत्रित करने में उल्लेखनीय सफलता हासिल की। इसके अलावा कोर्ट ने एक हेल्पलाइन स्थापित करने का निर्देश भी दिया है, जो कुत्तों के काटने की शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई करे। सरकार को यह सुनिश्चित करना होगा कि यह हेल्पलाइन 24/7 सक्रिय रहे और शिकायत मिलने पर चार घंटे के भीतर कार्रवाई हो। रेबीज और कुत्तों के काटने से बचाव के लिए जनता को जागरूक करना आवश्यक है। सरकार को स्कूलों, कॉलेजों और समुदायों में जागरूकता अभियान चलाने चाहिए, जिसमें लोगों को बताया जाए कि रेबीज से बचने के लिए तुरंत चिकित्सा सहायता लेना कितना महत्वपूर्ण है।

साथ ही, लोगों को सड़कों पर कुत्तों को भोजन न देने के लिए प्रेरित करना होगा, क्योंकि यह उनकी आबादी को बढ़ाने का कारण बनता है। वर्तमान में, पशु जन्म नियंत्रण नियम, 2023 के तहत नसबंदी के बाद कुत्तों को उसी स्थान पर छोड़ना अनिवार्य है। यह नियम कई बार प्रभावी नहीं होता, क्योंकि यह आक्रामक कुत्तों को नियंत्रित करने में बाधा बनता है। सरकार को इन नियमों में संशोधन करना चाहिए ताकि खतरनाक कुत्तों को आश्रय स्थलों में रखा जा सके। यह सुनिश्चित करना सरकार की जिम्मेदारी होगी कि इस प्रक्रिया में कुत्तों के साथ कोई क्रूरता न हो। आश्रय स्थलों में कुत्तों को पर्याप्त भोजन, पानी और चिकित्सा सुविधाएं मिलनी चाहिए। पशु कल्याण संगठनों को इस प्रक्रिया में शामिल करना महत्वपूर्ण है, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि कुत्तों के साथ मानवीय व्यवहार किया जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट का यह आदेश दिल्ली-एनसीआर में आवारा कुत्तों की समस्या को हल करने और रेबीज को नियंत्रित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यदि इसे प्रभावी रूप से लागू किया जाए तो इस समस्या पर काफी हद तक नियंत्रण किया जा सकेगा। उल्लेखनीय है कि दुनिया भर में केवल नीदरलैंड ही एक ऐसा देश है जहां पर आपको आवारा कुत्ते नहीं मिलेंगे।

नीदरलैंड सरकार ने एक अनूठा नियम लागू किया। किसी भी पालतू पशु की दुकान से खरीदे गए महेंगी नसल के कुत्तों पर वहां की सरकार भारी मात्रा में टैक्स लगती है। वहीं दूसरी ओर यदि कोई भी नागरिक इन बेघर पशुओं को गोद लेकर अपनाता है तो उसे आयकर में छूट मिलती है। इस नियम के लागू होते ही लोगों ने अधिक से अधिक बेघर कुत्तों को अपनाना शुरू कर दिया। धीरे-धीरे नीदरलैंड की सड़कों व मोहल्लों से आवारा कुत्तों की संख्या घटते-घटते बिलकुल शून्य हो गई। दुनिया भर के पशु प्रेमी संगठनों ने इस कार्यक्रम को सबसे सुरक्षित और असरदार माना है। इस कार्यक्रम से न सिर्फ आवारा कुत्तों की जनसंख्या पर रोक लगती है बल्कि आम नागरिकों को भी इस समस्या से निजाद मिलता है। हमारे देश ऐसा कब होगा यह तो आने वाला समय ही बताएगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



























